CMYK

www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ... | छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक | संपर्क करें : bilaspurdeshbandhu@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

बिलासपुर, शनिवार, 5 अगस्त 2023 । वर्ष – 33 । अंक –97 । पृष्ठ –12। मूल्य – 4.00 रु

राहुल के खिलाफ बड़ी साजिश हुई नाकाम : कांग्रेस पृष्ठ 3

अभिमत
■ सही आंकड़े छुपा कर विकास के झूठे दावे पृष्ठ 4

■ पाकिस्तान की नेशनल असेंबली 9 अगस्त को भंग होगी : शहबाज
■ मुझे सेना ने बंधक बनाया : नाइजर के राष्ट्रपति पृष्ठ 9

17 साल के गुकेश ने लाइव रेटिंग में आनंद को पछाड़ा पृष्ठ 10

मानहानि मामले में राहुल को राहत

सुप्रीम कोर्ट ने राहुल की सजा पर रोक लगाई

सर्वोच्च अदालत ने कांग्रेस नेता को अधिकतम सजा सुनाए जाने पर भी सवाल उठाया

■ कांग्रेस नेता की बहाल होगी संसद सदस्यता
■ लोकसभा अध्यक्ष से मिले अधीर रंजन चौधरी

■ विंध्यवासिनी त्रिपाठी

नई दिल्ली, 4 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के लिए शुक्रवार का दिन राहत भरा रहा। सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले में गुजरात के सूरत की निचली अदालत द्वारा सुनाई गई उनकी दो साल की सजा पर रोक लगा दी। शीर्ष अदालत ने कहा है कि जब तक याचिका पर सुनवाई पूरी नहीं हो जाती है, दोषसिद्धि पर रोक लगी रहेगी। अदालत ने कांग्रेस नेता को अधिकतम सजा सुनाए जाने पर भी सवाल उठाया।इस फैसले के बाद अब राहुल की लोकसभा की सदस्यता बहाल होने का रास्ता साफ हो गया है।

न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा और न्यायमूर्ति पी वी संजय कुमार की शीर्ष अदालत की पीठ ने संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अपना फैसला सुनाया। पीठ की अध्यक्षता करते हुए न्यायमूर्ति गवई ने कहा कि निचली अदालत ने (राहुल गांधी को) अपराधिक मानहानि की सजा के तौर पर भारतीय दंड संहिता के तहत निर्धारित अधिकतम दो सालों की सजा देने के पीछे कोई विशेष वजह नहीं बताई।

शीर्ष अदालत ने यह भी कहा कि इस मामले में सजा और जुर्माने दोनों के प्रावधान हैं। पीठ में गुजरात उच्च न्यायालय के इस संदर्भ में राहुल गांधी की अपील खारिज करने के फैसले पर कहा कि दोषसिद्धि पर रोक को खारिज करने के लिए काफी पन्ने खर्च किए हैं, लेकिन उनके (उच्च न्यायालय के) आदेशों में इन पहलुओं (अधिकतम सजा देने के कारणों) पर विचार नहीं किया गया है।

निचली अदालत ने अपराधिक मानहानि की सजा के तौर पर भारतीय दंड संहिता के तहत निर्धारित अधिकतम दो सालों की सजा देने के पीछे कोई विशेष वजह नहीं बताई: सुप्रीम कोर्ट

वायनाड लोकसभा क्षेत्र से बने थे सांसद

राहुल गांधी केरल के वायनाड लोकसभा क्षेत्र से सांसद थे। सूरत कोर्ट द्वारा दो साल की सजा सुनाए जाने के बाद उनकी सदस्यता खत्म कर दी गई थी। लेकिन वहां अभी तक चुनाव नहीं कराए गए थे। लिहाजा सुप्रीम कोर्ट के आज के फैसले से राहुल गांधी के लिए लोकसभा के दरवाजे कानूनी तौर पर खुल गए हैं। अब उन्हें लोकसभा सचिवालय का रुख करते हुए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला देकर अपनी सदस्यता बहाल करने के लिए प्रतिवेदन करना होगा। फिर लोकसभा सचिवालय के अधिकारी फैसले का अध्ययन करेंगे और इसके बाद उनकी सदस्यता बहाल कर दी जाएगी। हालांकि ऐसे मामले में सदस्यता बहाल करने की कोई समय-सीमा तय नहीं है। बावजूद माना जा रहा है कि अगले साल लोकसभा चुनाव हैं। इसलिए उनकी सदस्यता जल्द ही बहाल हो सकती है।

सदस्यता तुरंत बहाल करने की मांग

शीर्ष अदालत के फैसले के तुरंत बाद लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से भेंट की और उनसे राहुल की सदस्यता तुरंत बहाल करने की मांग की। उन्होंने उम्मीद जताई की लोकसभा अध्यक्ष जल्द ही इस मामले में फैसला ले लेंगे।

वायनाड में भी मनाया गया जश्न

तिरुवनंतपुरम। सुप्रीम कोर्ट ने आपराधिक मानहानि मामले में राहुल गांधी की सजा पर रोक लगा दी, इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को वायनाड में जश्न मनाया। वायनाड में कुछ स्थानों पर कांग्रेस समर्थक अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सड़कों पर उतर आए और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी की सभी 14 जिला इकाइयों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जश्न मनाने के लिए कहा।

राहुल गांधी ने दी बड़ी सधी हुई प्रतिक्रिया

आज नहीं तो कल सच्चाई की जीत होती है

मोदी सर नेम वाले मामले में सूरत की अदालत द्वारा सुनाई गई दो साल की सजा में सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने के बाद राहुल गांधी ने बड़ी सधी हुई प्रतिक्रिया दी। कहा,आज नहीं तो कल,कल नहीं तो परसों सच्चाई की जीत तो होती ही है। चाहे जो हो उनका रास्ता साफ है। उन्हें क्या करना है,उनका क्या काम है,उसे लेकर दिमाग स्पष्ट है। जिन लोगों ने उनकी मदद की और जनता ने जो प्यार व सहयोग दिया उसके लिए बहुत-बहुत धन्यवाद!

भारत की जनता की जीत है: खड़गे

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सारे लोग खुश हैं। मैं सुप्रीम कोर्ट का धन्यवाद करता हूं। अभी संविधान जिंदा है। न्याय मिल सकता है। सिर्फ राहुल गांधी की जीत नहीं है, भारत की जनता और डेमोक्रेसी की जीत है। इससे बहुत बड़ा फायदा देश को हुआ है। राहुल गांधी को हटाने के लिए 24 घंटे में सब कुछ हुआ। अब देखना है कि उनकी दोबारा सांसदी कब बहाल होती है।

राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत इंडिया की हुई जीत : भूपेश बघेल

रायपुर। राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिलने पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर कहा, अंधकार चाहे भारी हो और समंदर पार हो, सदा उजाला विजित हुआ है, अगर सत्य आधार हो।उन्होंने कहा, राहुल गांधी की सजा पर रोक का सर्वोच्च न्यायालय के फैसले का भारत स्वागत करता है।सत्यमेव जयते! यह इंडिया की जीत है। छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने भी ट्वीट कर कहा, सत्यमेव जयते नानृतम् सत्येन पन्था विततो देवयानः। सत्य ही जीतता है, असत्य कभी नहीं। सत्य पर चलने वाले के साथ दैवीय शक्तियां साथ चलती हैं।

विशेष सम्पादकीय

राहुल गांधी की सज़ा पर रोक

लोकतंत्र के सूखते पौधे पर सुप्रीम कोर्ट की राहत की बौछार

■ डॉ. दीपक पाचपोर

'मोदी' सरनेम पर की गयी टिप्पणी को लेकर अवमानना का मुकदमा झेल रहे राहुल गांधी की निचली अदालत से मिली सज़ा को रोककर सुप्रीम कोर्ट ने उन्हें जो राहत दी है उसे देश के लोकतंत्र के पक्ष में एक बड़ा फैसला माना जा रहा है। तीन सदस्यीय न्यायाधीशों द्वारा दिये गये इस फैसले से न केवल भारत की राजनैतिक तस्वीर बदल सकती है वरन इससे मुरझाते हुए भारतीय लोकतंत्र के फिर से जीवित होने की उम्मीद भी लगाई जा सकती है।

2019 के लोकसभा चुनाव प्रचार के दौरान कर्नाटक के कोलार की एक सभा में की गयी टिप्पणी को लेकर राहुल गांधी के खिलाफ गुजरात में मोदी समुदाय की अवमानना का मामला दर्ज कर दिया गया था। उस राज्य के एक भारतीय जनता पार्टी कार्यकर्ता पूर्णेश मोदी ने यह कहकर मामला दर्ज किया था कि इससे मोदी सरनेम वाले लोग आहत हुए हैं क्योंकि उनका अपमान हुआ है। यह मामला कुछ समय तो निचली अदालत में दबा पड़ा था परन्तु जब राहुल ने मोदी के साथ उनके कारोबारी मित्र गौतम अदानी से संबंधों और उन्हें दी जा रही मदद को लेकर लोकसभा में सवाल उठाए तो पूर्णेश मोदी ने उस मामले की फिर से सुनवाई करने का आवेदन डाल दिया जिसे उन्होंने खुद ही हाईकोर्ट से कहकर टाल रखा था।

गुजरात के ट्रायल कोर्ट ने आनन-फानन में राहुल के खिलाफ सुनवाई कर उन्हें अधिकतम दो साल की सजा सुना दी। तत्पश्चात उच्च न्यायालय ने भी बड़ी तेजी से इस निर्णय पर मुहर लगा दी। लोकसभा के अध्यक्ष ओम बिरला ने भी उतनी ही फुर्ती से कांग्रेस नेता की सांसदी और लगे हाथ बंगला छीन लिया था। यह दीगर बात है कि राहुल का मोदी सरकार के खिलाफ आक्रमण न ठहरा और न ही कमजोर पड़ा। फिर भी देश के उन लोगों में गहन निराशा थी जो यह देख रहे हैं कि किस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विपक्षी दलों के खिलाफ राजनैतिक लड़ाई न लड़कर केन्द्रीय जांच एजेंसियों के जरिये प्रतिपक्ष को तंग कर रहे हैं।

पिछले साल कन्याकुमारी से कश्मीर तक 'भारत जोड़ो यात्रा' निकालकर राहुल ने जबर्दस्त जन समर्थन बटोरा जिसने उनकी छवि को पूरी तरह से बदलकर रख दिया। इसने कांग्रेस को नवजीवन प्रदान किया। मोदी और भारतीय जनता पार्टी ने आसन्न खतरे को भांप लिया था। इसी के चलते उन पर तथा तमाम विपक्षी नेताओं के खिलाफ मोदी-भाजपा के हमले तेज तो हुए परन्तु वे संसदीय गरिमा को तार-तार करते चले गये। इससे भी बेखौफ राहुल के नेतृत्व में कांग्रेस न केवल मजबूत होती चली गयी वरन उसने अपने साथ देश की 25 अन्य महत्वपूर्ण राजनैतिक पार्टियों को जोड़कर मोदी के खिलाफ बड़ी चुनौती पेश कर दी। इस बीच हिमाचल प्रदेश एवं कर्नाटक के विधानसभा चुनावों में बड़ी जीतें दर्ज कर मोदी की मुश्किलें इस मायने में बढ़ गयीं कि उनकी अपनी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के मुखपत्र को भी मानना पड़ा कि अब मोदी के चेहरे और हिन्दुत्व के मुद्दे पर अगला (लोकसभा-2024) चुनाव नहीं लड़ा जा सकता।

मोदी की गिरती छवि को राहुल के पक्ष में आया यह फैसला और भी गिराएगा और कोई बड़ी बात नहीं कि अब उनकी अपनी पार्टी में यह बात उठे कि अब कोई नया चेहरा ढूंढने का वक्त आ गया है। हालांकि यह भी डर है कि सामाजिक ध्रुवीकरण के लिये वे कोई भी कदम उठा सकते हैं। ऐसा इसलिये क्योंकि उनके खिलाफ बना विपक्षी गठबन्धन 'इंडिया' (इंडियन नेशनल डेवलपमेंट इनक्लूज़िव एलाएंस) और भी संगठित होगा। राहुल को मिली कानूनी जीत कांग्रेस को अतिरिक्त मजबूती देगी जिसकी छतरी तले सारे विपक्षी दल और भी संगठित होकर काम करेंगे। विपक्ष की सामूहिक लड़ाई को इस फैसले से बल ही मिलेगा।

यह फैसला ऐसे समय में आया है जब मणिपुर की हिंसा को रोकने में केन्द्र की नाकामी के मुद्दे पर प्रधानमंत्री के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया है। इस पर संक्षिप्त चर्चा हो या विस्तृत- इसे लेकर संसद के दोनों सदन ठप हैं। अब तक अदालती फैसले के कारण संसद से बाहर कर दिये गये राहुल की सदन में वापसी सत्ता पक्ष के लिये एक और सिरदर्दी साबित होगी। पिछली बार मोदी की अदानी के विमान में उनके साथ की तस्वीर ने वैसे भी पहले से मोदी व भाजपा को अड़चन में डाले रखा था, अब राहुल उस सवाल के साथ ही मणिपुर व हरियाणा के मेवात (नूंह) की हिंसा पर अतिरिक्त प्रश्न लेकर लौटेंगे।

यह फैसला केवल राहुल के लिये व्यक्तिगत राहत लेकर नहीं आया है वरन उन तमाम लोगों के मन में भी यह आशा की किरण जगाने वाला निर्णय है जो देश में लोकतांत्रिक व्यवस्था के ध्वस्त होने से मायूस हैं। पिछले करीब 9 वर्षों से मोदी के नेतृत्व में जिस प्रकार से तमाम जनतांत्रिक मूल्यों को दरकिनार कर सतत निरंकुशता की ओर यह सरकार बढ़ती चली जा रही है, वह दुर्भाग्यजनक है। एक न्यायपूर्ण, समतामूलक और समावेशी समाज को रौंदकर भाजपा व उसकी विचारधारा ने जिस कट्टर, अतिवादी, अराजक और अवैज्ञानिक समाज की संरचना की है, राहुल उसके खिलाफ एक प्रतिनिधि आवाज़ बनकर उभरे हैं। ऐसे वक्त में जब मोदी अनियंत्रित राजकाज चलाने के लिये विपक्ष मुक्त भारत बनाने पर आमादा हैं, राहुल बेखौफ इस प्रवृत्ति व ताकत के खिलाफ न केवल लड़ रहे हैं बल्कि लोगों से भी कह रहे हैं- 'डरो मत!'

इसलिये भारत राहुल की जीत में लोकतंत्र के पुनर्जीवित होने की उम्मीद देख रहा है। तमाम संवैधानिक संस्थाओं को कमजोर कर देने वाले इस दौर में शीर्ष कोर्ट का सत्ता के खिलाफ न्यायदान करना इसलिये भी आशा का नया उजाला फैलाएगा कि कोई तो है जो उनके अधिकारों की रक्षा के लिये नागरिकों के साथ है। इस फैसले की गूंज दूर तक सुनाई देगी।

सार संक्षेप

मुख्यमंत्री ने शहीद महेंद्र कर्मा को जयंती पर किया याद

रायपुर। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पूर्व मंत्री ओर लोकप्रिय नेता स्वर्गीय महेंद्र कर्मा की 5 अगस्त को जयंती पर उन्हें नमन किया है। बघेल ने उन्हें याद करते हुए कहा है कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में विपक्ष के नेता और मंत्री के रूप में महेन्द्र कर्मा जी ने महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां संभाली और छत्तीसगढ़ के विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया।

जस्टिस जयंत नाथ डीईआरसी के अध्यक्ष नियुक्त

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश न्यायमूर्ति जयंत नाथ को शुक्रवार को दिल्ली विद्युत नियामक आयोग (डीईआरसी) का कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया।

'इंडिया' के नेताओं की बैठक में मणिपुर पर फिर मांगा मोदी का बयान

नई दिल्ली। इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव एलायंस यानि इंडिया पार्टी के नेताओं ने शुक्रवार को संसद में बैठक की और एक बार फिर मणिपुर हिंसा पर दोनों सदनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बयान की मांग पर जोर देने का फैसला किया। 'इंडिया' नेताओं की बैठक राज्यसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के कक्ष में हुई। बैठक के दौरान संसद में प्रधानमंत्री के बयान की मांग करने का निर्णय लिया गया।

बॉम्बे हाई कोर्ट के जज ने अदालत में दिया इस्तीफा

नागपुर। एक अप्रत्याशित घटनाक्रम में, बॉम्बे हाई कोर्ट की नागपुर पीठ के जज जस्टिस रोहित बी. देव ने शुक्रवार दोपहर यहां खुली अदालत में अपना इस्तीफा दे दिया। पद छोड़ने के अपने फैसले की घोषणा करते हुए उन्होंने कहा कि वह अपने आत्मसम्मान के खिलाफ काम नहीं कर सकते। उस वक्त वो जस्टिस एम. डब्ल्यू. चंदवानी के साथ एक खंडपीठ का नेतृत्व कर रहे थे।

भिलाई में खुलेगी आधुनिक लाइब्रेरी : मुख्यमंत्री

भिलाईनगर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। संभाग स्तरीय युवाओं से भेंट मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई की बहुप्रतिक्षित इंडोर स्टेडियम व तक्षशीला परिसर की घोषणा करके भिलाई के युवाओं को बड़ी सौंगात दी है।

स्वामी विवेकानंद टेक्निकल यूनिवर्सिटी में सेंटर आफ एक्सीलेंटस की स्थापना की जाएगी। 15 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले इस संस्थान में स्टार्टअप यूनिट्स के लिए जगह भी होगी और लैब भी होगा। मुख्यमंत्री बघेल ने युवाओं से संवाद करते हुए कहा कि युवाओं के बौद्विक विकास एवं खेल प्रतिभा को बढ़ावा देने रायपुर के नालंदा परिसर

की तर्ज पर भिलाई में बच्चों के लिए तक्षशीला परिसर का निर्माण किया जायेगा । परिसर में ई.लाइब्रेरी एवं कला सृजन को बढ़ावा देने के अवसर बच्चों को प्राप्त होगा। एक हजार बच्चो के बैठने की क्षमता वाले तक्षशीला भवन का निर्माण जी.ई.रोड के किनारे किया जावेगा। 21 करोड़ की लागत से बनने वाले इस भवन में हर एक बच्चे के लिए पार्टिशन कक्ष होगा। जहॉ बच्चे अपनी रूची का लाइब्रेरी से पुस्तक प्राप्त कर अध्ययन करेगें एवं ई. लाइब्रेरी के माध्यम से विश्व स्तर के लेखकों के पुस्तक पढ़ने का अवसर बच्चों को मिलेगा। महापौर नीरज पाल ने मुख्यमंत्री का आभार मानते हुए बताया की भिलाई में सुसज्जित एक बहुप्रतिक्षित इंडोर स्टेडियम की मांग की जा रही थी, जिसकी सौगात मुख्यमंत्री ने आज भिलाई को प्रदान की है। इस स्टेडियम के बन जाने से भिलाई के खिलाड़ियों को सुविधा संपन्न स्टेडियम मिलेगा। जहॉ खिलाड़ी अपनी प्रतिभा को और निखार सकेगें। महापौर श्री पाल ने अपने परिषद के सभी सदस्यों व पार्षदो की ओर से छत्तीसगढ़ शासन के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का दो महत्वपूर्ण घोषणा के लिए आभार व्यक्त किया है।

मस्जिद प्रबंधन की याचिका खारिज

ज्ञानवापी सर्वेक्षण पर रोक से सुप्रीम कोर्ट का इंकार

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। उच्चतम न्यायालय ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को वाराणसी के विवादित ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने के जिला अदालत के आदेश पर रोक लगाने से शुक्रवार को इनकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ सर्वेक्षण करने के जिला अदालत के 20 जुलाई के आदेश के फैसले पर मुहर लगाने वाले इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले को चुनौती देने वाली अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति वाराणसी की याचिका खारिज करते हुए सर्वेक्षण पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। शीर्ष अदालत की पीठ ने कहा कि इलाहाबाद उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने का उन्हें कोई कारण नजर नहीं आता। शीर्ष अदालत के समक्ष दायर अपनी विशेष अनुमति याचिका में अंजुमन इंतजामिया मस्जिद समिति वाराणसी ने उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश प्रीतिंकर दिवाकर की अध्यक्षता वाली पीठ द्वारा तीन अगस्त को पारित आदेश पर रोक लगाने की गुहार लगाई थी। पीठ ने उच्च न्यायालय के फैसले के कुछ घंटे बाद दायर की गई विशेष अनुमति याचिका पर सुनवाई के लिए सहमति व्यक्त की थी।

कोयला घोटाला मामले में रानू साहू निलंबित

रायपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। कोल लेवी घोटाला केस में गिरफ्तार आईएएस रानू साहू को राज्य सरकार ने निलंबित कर दिया है।ईडी ने छत्तीसगढ़ में 540 करोड़ रुपए के कोयला घोटाले का पर्दाफाश किया है। मामले में ईडी ने कई कारोबारियों और नौकरशाहों पर भी शिकंजा कसा है। ई डी ने मामले में आईएएस रानूसाहू को भी गिरफ्तार किया है, बताया गया कि कोयले से जुड़ी लेवी का सारा कारोबार कोरबा से संचालित हो रहा था, जब रानू साहू कोरबा कलेक्टर थी।

■ ईडी ने किया था गिरफ्तार
■ जेल में ही रहेंगी,18 अगस्त तक बढ़ी रिमांड

इस दौरान मामले में आरोपियों से कमीशन में मिली राशि से आईएएस रानू साहू द्वारा खरीदी गई 5.52 करोड़ रुपए की संपत्ति को अटैच किया है।रानू साहू साल 2010 बैच की छत्तीसगढ़ कैडर की आईएएस। बतौर कोरबा कलेक्टर उनका एक साल का कार्यकाल सबसे ज्यादा विवादित रहा। इस दौरान स्थानीय विधायक और राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाए। इसके बाद उनका तबादला रायगढ़ किया गया था।रानू साहू के घर पर ईडी की पहले छापेमारी रायगढ़ कलेक्टर रहते की गई थी। ईडी ने रानू साहू के रायपुर निवास पर दोबारा छापा 21 जुलाई को मारा था, जिसके बाद पूछताछ के लिए बुलाने के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्य न्यायाधीश शिशाक का इम्फाल में निधन

रायपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के प्रथम मुख्य न्यायमूर्ति डब्ल्यूए शिशाक 3 अगस्त को 82 वर्ष की उम्र में इम्फाल में हुआ। इनकी प्रथम नियुक्ति न्यायाधीश के रूप में 2 जनवरी 1989 को गोहाटी उच्च न्यायालय के कोहिमा बेन्च में हुई इसके बाद 4 दिसम्बर 2000 को छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय में प्रथम मुख्य न्यायाधिपति के रूप में नियुक्ति हुई। उनके दुखद निधन पर आज उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा, न्यायाधिपतिगण, अतिरिक्त महाधिवक्ता राघवेन्द्र प्रधान,छत्तीसगढ़ राज्य विधिक परिषद के प्रतिनिधि प्रफुल्ल एन,भारत,डिप्टी सॉलिसिटर जनरल रमाकान्त मिश्रा,हाईकोर्ट अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अब्दुल वहाब खान, अधिवक्तागण और रजिस्ट्रार जनरल सहित रजिस्ट्री के समस्त अधिकारीगणों की संयुक्त उपस्थिति में भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

प्रदेश में बांधों का बढ़ा जलस्तर, खोले गए गेट

रायपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से हो रही लगातार बारिश से राज्य के 12 बड़े प्रमुख जलाशय में 78.51 और 34 मध्यम जलाशय में 77.86 प्रतिशत जल भराव हो चुका है। इस तरह राज्य के बड़े और मध्यम जलाशयों में कुल 6360.23 मिलीयन क्यूबिक मीटर के विरुद्ध 4986.93 मिलीयन क्यूबिक मीटर जल भराव हो चुका है।

जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक बड़े जलाशयों में शामिल मुंगेली जिले के मनियारी जलाशय में शत प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

इसी तरह कोरबा जिले के मिनीमाता-बांगो, बालोद के तांदुला, कांकेर के दुधावा, बिलासपुर के खारंग और गरियाबंद के सिकासेर में 80 प्रतिशत से अधिक का जलभराव हो चुका है। धमतरी के रविशंकर जलाशय(गंगरेल) में 75.20 प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

कैचमेंट एरिया से लगातार पानी की आवक होने के कारण कुछ बांधों से पानी भी छोड़ा जा रहा है। जल संसाधन विभाग के आंकड़ों के मुताबिक मध्यम जलाशय में शामिल बालोद के खरखरा, कबीरधाम के ➤➤ शेष पृष्ठ 2 पर ➤

प्रदेश में अब तक 602.5 मिमी औसत वर्षा

एक जून 2023 से अब तक राज्य में 602.5 मिमी औसत वर्षा दर्ज की जा चुकी है। राज्य के विभिन्न जिलों में 1 जून से आज 4 अगस्त सवेरे तक रिकार्ड की गई वर्षा के अनुसार बीजापुर जिले में सर्वाधिक 1049.0 मिमी और सरगुजा जिले में सबसे कम 282.8 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी है।राज्य स्तरीय बाढ़ नियंत्रण कक्ष से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक जून से अब तक सूरजपुर जिले में 545.3 मिमी, बलरामपुर में 483.0 मिमी, जशपुर में 476.7 मिमी, कोरिया में 590.5 मिमी, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर में 600.2 मिमी औसत वर्षा दर्ज की गयी।

किसानों को छलने का काम कर रही कांग्रेस सरकार- पुन्नूलाल

अमानक खाद, बिजली कटौती को लेकर भाजपा किसान मोर्चा का प्रदर्शन

गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, 4 अगस्त (देशबन्धु)। मिट्टी मुरुम मिला अमानक खाद वर्मी कम्पोस्ट के नाम पर जबरन बेच कर किसानों को परेशान कर रही है।भूपेश बघेल के योजना नरवा गुरुवा घुरूवा बाड़ी पूरी तरह केवल भ्रष्टाचार के लिए ही है, छत्तीसगढ़ में किसानो के साथ छल किया जा रहा है उक्त उद्गार छत्तीसगढ़ के पूर्व केविनेट मंत्री मुंगेली विधायक पुन्नूलाल मोहले ने भाजपा किसान मोर्चा द्वारा किसानों की समस्याओं को लेकर आयोजित धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में गौरेला में कही।

भाजपा किसान मोर्चा जीपीएम के द्वारा किसानों को जबरन अमानक खाद बेचने, अघोषित विधुत कटौती एवं किसानों की विभिन्न समस्याओं को गौरेला के तहसील प्रांगण में धरना प्रदर्शन ,कलेक्टर कार्यालय घेराव सहित ज्ञापन देने का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित होकर कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा।

भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष और कार्यक्रम के संयोजक बृजलाल सिंह राठौर के नेतृत्व में आयोजित कार्यक्रम को महेंद्र शुक्ला, मुकेश दुबे, महेंद्र सोनी सहित स्थानीय नेताओं ने धरना कार्यक्रम को सम्बोधित किया।

किसानों की समस्याओं को लेकर धरना में तहसील परिसर में एकत्रीकरण एवं उद्बोधन के बाद सभी कलेक्टर कार्यालय के तरफ कूच किये जिसे पावर हाउस के पास पुलिस बल के द्वारा रोक दिया गया ने नोकझोंक हुई और नेताओं द्वारा अमानक खाद को अधिकारियों के समझ बापस कर ज्ञापन सौंपा गया!

जिला अध्यक्ष कन्हैया सिंह राठौर, महामंत्री लालजी यादव, मोहित जायसवाल, लवकुश कश्यप, उपाध्यक्ष नीरज जैन, कुबेर सर्राती, दिलीप यादव, उपेंद्र बहादुर सिंह, कोषाध्यक्ष मुकेश दुबे, कल्लू सिंह राजपूत, महेंद्र सोनी, मथुरा सोनी, बालकृष्ण अग्रवाल, तापस शर्मा, मंडल अध्यक्ष राजकुमार रोहणी, शंकर चक्रधारी, लुशन राठौर, रमेश तिवारी, किशन सिंह, छोटेलाल सोनी, संदीप जायसवाल, अंकुर गुप्ता, समीरा पैकरा, कुलदीप सिंह धीरज, अनिल, प्रणव मरपच्ची, रितेश फरमानिया, शिव शर्मा, सन्तोष तिवारी, संदीप सिंघई, सौरभ बंका, मनीष श्रीवास, सचिन जैन, राखी गहलोत, पवन पैकरा, रानू नामदेव, रमा राठौर, मनोरमा गुप्ता सहित सैकड़ों कार्यकर्ता शामिल थे। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं आंदोलन के संयोजक बृजलाल राठौर के नेतृत्व में आज भाजपा का एक दिवसीय धरना प्रदर्शन और कलेक्ट्रेट घेराव का कार्यक्रम था जिसमे भाजपा के द्वारा प्रदेश सरकार के विरुद्ध नकली खाद,मिट्टी मुरुम मिला वर्मी कम्पोजट खाद बेचने व जिले के साथ प्रदेश में अघोषित विधुत कटौती को लेकर प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर रही थी धरना प्रदर्शन और कलेक्ट्रेट के घेराव भाजपा के वरिष्ठ नेता व मुंगेली से विधायक पुन्नु लाल मोहले की अगुवाई में पहले गौरेला के तहसील चौक पर धरना प्रदर्शन किया और जमकर प्रदेश सरकार को आड़े हाथों लिया तो राज्य सरकार पर प्रदेश की जनता के साथ धोखा देते हुए उन्हें गुणवत्ता हीन घटिया व नकली खाद देने का आरोप लगाया है साथ ही मिट्टी मुरुम मिला वर्मी कम्पोजट बेचने का आरोप लगया है साथ ही जिले के साथ प्रदेश में हो रही अघोषित विधुत कटौती को लेकर कर सरकार पर जमकर अनदेखी का आरोप लगया है जिसके बाद तहसील चौक से भाजपाई पैदल कलेक्ट्रेट का घेराव करने सैकड़ो की संख्या में निकले जिन्हें पुलिस ने पॉवर हाउस चौक के पहले लगाए गए बेरिकेट्स में रोक लिया जहा पर भाजपा के सैकड़ो कार्यकर्ता बेरिकेट्स तोड़ने का भी प्रयास किये पर पुलिस ने उन्हें वही पर रोक लिया जिसके बाद भाजपा के पदाधिकारियों ने मौक़े पर मौजूद तहसीलदार को ज्ञापन सौंप दिया।

प्रार्थना व स्कूल बंद होने के समय की फोटो भेजने का आदेश

कर्मचारी संघ ने बीईओ को सौंपा ज्ञापन

तखतपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ तृतीय वर्ग शास. कर्मचारी संघ ने आज शिक्षकों ,कर्मचारियों की विभिन्न समस्याओं का निदान हेतु विकास खंड शिक्षा अधिकारी तखतपुर को ज्ञापन दिया गया इसमें विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय से जारी आदेश कि प्रत्येक विद्यालय को प्रार्थना एवं स्कूल बंद के समय का फोटोग्राफ भेजने के आदेश को निरस्त करने की मांग भी की गई है। इसके अलावा मासिक कब्जूल वसूल पत्रक में जनपद सदस्य एवं सरपंचों के हस्ताक्षर के अनिवार्यता को शिथिल करना।

ज्ञात हो की श्री परसराम कौशिक जी के विदाई समारोह में उपस्थित विकास खंड शिक्षा अधिकारी को मौखिक रूप से इस विषय में अवगत कराया गया था जिसमें एल एस जोगी द्वारा आस्वस्थ किया गया था कि तुरंत यह आदेश शिथिल किया जाएगा।

उक्त अवसर पर श्री पीआर कौशिक चंद्रशेखर पांडेय जिला अध्यक्ष आर पी शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष प्रगतिशील पेंशनर्स कल्याण संघ,प्रमोद भारद्वाज अध्यक्ष ब्लाक तखतपुर, डीआर श्रीवास, लवकांत द्विवेदी, विशाल दास खांडेकर, नरेंद्र पाठक , श्रीमती नीलिमा शरत् पापुला श्रीमती उषा सिंह सोलंकी श्रीमती मीना देशमुख श्रीमती अंजलि गुप्ता श्रीमती मधु शर्मा श्रीमती मीनाक्षी राय श्रीमती अंजलिना फ्रांसिस श्रीमती प्राची चौबे श्रीमती जान मैडम,दीपक कुमार कश्यप, श्रीमती रचना दुबे, सुश्री दुर्गा यादव ,चंद्र कुमार पांडे एवं प्राथमिक शाला के समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

रायगढ़ के मतदाता जागरूकता अभियान को निर्वाचन आयोग ने अपने सोशल मीडिया पेज में दी जगह

रायगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। रायगढ़ में स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कर नए मतदाताओं को जोड़ने के साथ लोगों को मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। 2 अगस्त को विशेष मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दिन प्रात:मतदाता जागरूकता के लिए साइकिल रैली निकाली गई। जिले में चल रहे प्रयासों को सराहते हुए कार्यक्रम का वीडियो भारत निर्वाचन आयोग ने अपने सोशल मीडिया पेजेस में शेयर कर लोगों से मतदान की अपील की है।

गौरलतब है कि 02 अगस्त को निकली साइकिल रैली में कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा और सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्दर यादव के साथ के साथ बड़ी संख्या में युवा, दिव्यांगजन, तृतीय लिंग समुदाय के लोग शामिल हुए। मतदान का संदेश लेकर निकली रैली में 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके लोगों को मतदाता सूची में अवश्य नाम जुड़वाने की अपील की गई।

इसके साथ ही रायगढ़ जिले में मतदाता जागरूकता को लेकर स्वीप सतरंगी माह का आयोजन किया जा रहा है।

आध्यात्मिक जीवन शैली कैरियर निर्माण में बाधक नही बल्कि आवश्यक-बीके मंजू

बिलासपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। शिव अनुराग भवन राजकिशोर नगर मे खुशी हर पल एडवांस कोर्स के चौथे दिन का प्रारंभ परमात्मा को शिक्षक के संबंध मे याद करने की विधि बताई गई । मंजू दीदी ने कहा कि परमात्मा द्वारा प्राप्त ज्ञान से जैसा चाहे भाग्य बना सकते है। धर्मपिताओ ने जो मार्ग बताया उस मार्ग से आज के मनुष्य भटक गये है इसलिए परमात्मा स्वयं अवतरित होकर श्रेष्ठ ज्ञान दे रहे है।

आगे कहा कि आजकल बच्चों का आई क्यू बहुत अच्छा होने के बाद भी बदलते परिवेश मे स्वयं को एडजेस्ट न कर पाने के कारण अवसाद(डिप्रेशन) में चले जाते है।

पीएनबी के पेंशनर्स बैंक के प्रोडक्टस का प्रमोशन करेंगे

बिलासपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। ऑल इंडिया पीएनबी पेंशनर्स एंड रिटायरिज एसोसिएशन, बिलासपुर मंडल के सदस्यों की विशेष सभा का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर डी एल देवांगन, सत्यव्रत पंडा, मोहम्मद सलीमुद्दीन, प्राणेशधर बड़गैय्या, प्रमोद कुमार खोसला, किशनलाल जोगी, एफ्रेन फूलदेव केरकट्टा सहित अनेको पीएनबी से अनेको सेवानिवृत्त साथी उपस्थित रहे। बैठक में पेंशन अपडेशन, मेडिकल इंश्योरेंस व अन्य सामयिक विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई।

अवसर का लाभ लेते हुए मुख्य ऑडिटर अमिय पॉल व शाखा से घोष दादा, मनोरंजन परिडा ने समस्त सदस्यों से आग्रह किया कि वे अपने मित्र, परिचित, रिश्तेदारो को पीएनबी के प्रोडक्ट्स की विशेषताओं की जानकारी अवश्य देवे। आवश्यक होने पर पीएनबी के स्टॉफ नए ग्राहकों के आवास या कार्यस्थल पर भी जाकर बचत खाते खोले जा रहे हैं। चालू खाते भी सहजता से खोले जा रहे है। महिला सम्मान खाते पर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं।

उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नागरिकों को 444 दिनों की सावधि जमाओ पर 7.75 प्रतिशत ब्याज दिया जा रहा है। उन्होने आमजनता से आग्रह किया कि वे घर बैठे पीएनबी वन सुविधा चालू करवाने हेतु एकबार सेवा देने का आग्रह किया।

सुरेंद्र चावड़ा एवं रूप रतन सिंह ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए सदस्यता बढ़ाने हेतु अभियान चलाने का निर्णय लिया।

कैरियर गाइडेंस में प्रतिभागियों को बताया सफलता के लिए समर्पण होना जरुरी

कलेक्टर की पहल पर जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेमीनार

रायगढ़,4 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा की पहल पर जिले में प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के मार्गदर्शन के लिए प्रत्येक शुक्रवार को जिला ग्रन्थालय में कैरियर गाइडेंस सेशन आयोजित किया जा रहा है। जिसमें जिले में पदस्थ आईएएस, आईपीएस सहित अन्य अधिकारी छात्रों से रूबरू होकर अपने अनुभव साझा करते हुए प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे प्रतिभागियों को सफलता के टिप्स दे रहे है।

इसी कड़ी में आज जिले में रायगढ़ एसडीएम के पद पर पदस्थ श्री गगन शर्मा प्रतिभागियों के बीच उपस्थित हुए। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रतिभागी को अपने कैरियर के लिए दृढ़ संकल्पित होना जरूरी है। जिसके लिए लक्ष्य के प्रति खुद में समर्मण की भावना जागृत करना आवश्यक है। तभी लक्ष्य प्राप्ति की राह आसान होगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई प्रतिभागी कैरियर को लेकर कंफ्यूज है तो वह नकारात्मकता से घिरा रहता है। लेकिन अगर सही समय पर वह कैरियर का चुनाव कर लेता है तो उसे नकारात्मकता से छुटकारा मिलता है और उसकी जिंदगी में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है। किसी भी लक्ष्य को हासिल करने के लिए सकारात्मक ऊर्जा का होना बेहद जरूरी है। इस बात का विशेष ध्यान दें कि किसी भी परीक्षा में पास करने के लिए कोई शार्टकट रास्ता नहीं है, उसके लिए पूरी लगन से मेहनत करके पढ़ाई करना जरूरी है। कई बार छात्र अपने दोस्तों की वजह से या पैरेंट्स के दबाव में आकर कैरियर का चुनाव कर लेते है। फिर कुछ सालों के बाद उन्हें एहसास होता है कि गलत कैरियर में आ गए है तो वे फिर से अपने इंट्रेस्ट वाले कैरियर में आगे बढने की कोशिश करते है। जिसकी वजह से उनका समय एवं पैसे दोनों खर्च होते है। इसलिए समय का सदुपयोग करते हुए सही दिशा में अपने कैरियर को चुनते हुए आगे बढ़े। इस दौरान एसडीएम श्री शर्मा ने उपस्थित प्रतिभागियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों का जवाब दिया एवं उनकी जिज्ञासा का समाधान भी किया। इस अवसर पर सहयोग एकडेमी संचालक श्री अबरार हुसैन, केन्द्र समन्वयक श्री मनोज पटेल, लाईब्रेरिन अशोक पटेल, श्री दीपक सिंह सहित लाईब्रेरी के अन्य स्टॉफ एवं प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए थे।

प्रतिभागियों ने कहा आगे की तैयारी के लिए मिल रहा बेहतर मार्गदर्शन

जिला ग्रंथालय में आयोजित कैरियर गाईडेंस सेमीनार में प्रतियोगिता परीक्षा की तैयारी कर रहे बड़ी संख्या में प्रतिभागी शामिल हुए थे।

राखी डाक पोस्ट के लिए पीले रंग की पेटी का करें प्रयोग

रायगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। डाक विभाग द्वारा 31 अगस्त 2023 तक राखी डाक पोस्ट किये जाने हेतु पीले रंग की विशेष पत्र पेटियां रायगढ़ चक्रधरनगर, सदर बाजार उपडाकघर, सत्तीगुडी चौक एवं चक्रधरनगर चौक पर लगाई गई है।

NECC
05.08.2023 अंडा मुर्गी काकरेल
फार्म 4.15 65 165
चिल्हर 5.50 80 170
डिलीवरी 4.30 सैकड़ा
दर्जन अंडा 65 रु.
मुर्गी खाद प्रति ट्राली 700 रू.
CSPFA

न्यायालय : द्वितीय अति. प्रधान न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)
(पीठासीन अधिकारी-संतोष कुमार आदित्य)
प्रो. क्र.-867
प्र.क्र.-217/23
पे.ता.-25.09.2023
धारा-11 हि.वि.अ.
आवेदक/आवेदिका-जय साहू उर्फ जयेन्द्र साहू
बनाम
अनावेदक/अनावेदिका ममता साहू
प्रति,
अनावेदक/अनावेदिका: ममता साहू निवासी उम्र लगभग 39 वर्ष पिता रामअवतार साहू निवासी ग्राम एन.टी.पी.सी. सीपत थाना सीपत, तह. व जिला बिलासपुर छ.ग.
उपरोक्त आवेदक/आवेदिका ने आपके विरूद्ध एक आवेदन पत्र के अंतर्गत धारा 11 हि.वि.अ. का प्रकरण प्रस्तुत किया है।
अत: आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक 25.09.2023 को 11.00 बजे इस न्यायालय के समक्ष व्यक्तिगत रूप से (स्वयं) उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करें। यदि आप अपने पक्ष में कोई लिखित तथ्य/दस्तावेज प्रस्तुत करना चाहे तो वह भी उपरोक्त दिनांक 25.09.2023 को प्रस्तुत कर सकते है।
यदि उपरोक्त दिनांक को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा किसी कारणवश न्यायालय की कार्यवाही स्थगित हो जाती है तो अगले कार्यालयीन कार्य दिवस पर प्रकरण की सुनवाई की जावेगी।
मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से आज तारीख 03 माह 08 सन् 2023 को जारी किया गया।
स्थानः रायपुर
दिनांक 03.08.2023
मुहर संतोष कुमार आदित्य
द्वितीय अतिरिक्त प्रधान न्यायाधीश
कुटुम्ब न्यायालय रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
राजस्व प्रकरण क्रमांक – / अ–20(1)/ 2022–2023
पक्षकार– सिद्धार्थ भादुडी पिता स्व. अजीत कुमार भादुडी ... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ..... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सिद्धार्थ भादुडी पिता स्व. अजीत भादुडी निवासी मसानगंज बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम से नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला मसानगंज शीट नंबर 29 प्लाट नंबर 22/34 रकबा 2150 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आवासीय/ व्यवसायिक उपयोग हेतु उसके नाम से स्वीकृत है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि 31.03.1960 के लिये आवेदक अगले 30 वर्षों के लिए उपरोक्त भूमि का नवीनीकरण के लिये आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है। आवेदक की स्थायी पट्टे की लीज नवीनीकरण हेतु प्रस्तावित है।
अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उक्त भूमि के नवीनीकरण किये जाने में कोई आपत्ति हो तो वे अपना आपत्ति दिनांक 07/08/2023 को स्वत:/ अधिवक्ता के माध्यम् से न्यायालय में शाम 5:30 बजे तक उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता है। इसके पश्चात तिथि/ समय में आपत्ति पर कोई विचार नहीं किय जायेगा एवं आवेदक की स्थायी पट्टे पर विचाराधीन भूमि के नवीनीकरण की कार्यवाही कर ली जायेगी। उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।
आज दिनांक 24/07/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सील **नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.)
// ईश्तहार //
विवाह प्र.क्र. 57/ ब–121/ 2022–2023
ग्राम कोटमीसोनार तहसील अकलतरा आवेदक दिलीप रात्रे उम्र 23 वर्ष पिता श्री कुंजराम रात्रे जाति सतनामी निवासी कोटमीसोनार तहसील व थाना अकलतरा जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका हिमांशी साहू उम्र 19 वर्ष पिता श्री संतोष कुमार जाति तेली निवासी ग्राम सकरीपार सेम्हराडीह तहसील बलौदाबाजार थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) बनाम
छत्तीसगढ़ शासन
आम जनता ग्राम कोटमीसोनार तहसील अकलतरा जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक दिलीप रात्रे उम्र 23 वर्ष पिता श्री कुंजराम रात्रे जाति सतनामी निवासी कोटमीसोनार तहसील व थाना अकलतरा जिला जांजगीर–चांपा (छ.ग.) एवं आवेदिका हिमांशी साहू उम्र 19 वर्ष पिता श्री संतोष कुमार जाति तेली निवासी ग्राम सकरीपार सेम्हराडीह तहसील बलौदाबाजार थाना सुहेला जिला बलौदाबाजार (छ.ग.) द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा–5 के तहत आशयित विवाह की सूचना आवेदन प्रस्तुत किया गया है। अत: इस संबंध में किसी को कोई दावा/ आपत्ति हो तो वह अपनी दावा/ आपत्ति इस न्यायालय में दिनांक 27.09.2023 को 11.00 बजे तक प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 13.06.2023 को न्यायालय की पद मुद्रा एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।
सील **विवाह अधिकारी जिला–जांजगीर–चांपा (छ.ग.)**

न्यायालय नायब तहसीलदार, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
क्रमांक/ 581/ ना.तह./ वाचक/ 2023, बिलासपुर दिनांक 03/08/2023
मौजा जूना बिलासपुर प.ह.नं.–36 के सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है। कार्यालय कलेक्टर महोदय बिलासपुर के ज्ञापन क्रं./ 2725/ रा.मो./ 2023 बिलासपुर दिनांक 19/06/2023 के अनुसार आवेदिका श्रीमती शीला देवांगन, पति–स्व. श्री फूलचंद देवांगन, निवासी–देवांगन मोहल्ला, हटरी के पास, जूना बिलासपुर, तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के अपने पति स्व. श्री फूलचंद देवांगन जो कार्यालय आयुक्त, नगर पालिक निगम, बिलासपुर में सहायक ग्रेड–2 के पद पर कार्यरत थे, जिसकी सेवाकाल के दौरान मृत्यु दिनांक 26/02/2023 को हो चुकी है। आवेदिका ने वारिसान प्रमाण पत्र प्रदाय करने हेतु इस कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है।
यदि किसी व्यक्ति/ संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति/ दावा हो तो मेरे न्यायालय में दिनांक 18.08.2023 को सुबह 11.00 बजे स्वयं अथवा अपने प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/ आपत्ति स्वीकार नहीं किए जावेंगे।
आज दिनांक 03/08/2023 को मेरे पदमुद्रा एवं हस्ताक्षर से जारी।
सील **नायब तहसीलदार बिलासपुर (छ.ग.)**

न्यायालय नजूल अधिकारी, बिलासपुर (छ.ग.)
// ईश्तहार //
राजस्व प्रकरण क्रमांक – / ब–121/ 2022–23
पक्षकार–आनंदराम दयालानी पिता स्व. सुन्दर दास ... आवेदक
विरूद्ध
छत्तीसगढ़ शासन ..... अनावेदक
एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक आनंद राम दयालानी पिता स्व. सुंदरदास निवासी महामाया बिहार वेयर हाउस रोड बिलासपुर (छ.ग.) के द्वारा नगर पालिक निगम बिलासपुर के मोहल्ला जरहाभाठा शीट नंबर 06 प्लाट नंबर 2/2, 11/7 रकबा 940 वर्गफीट भूमि को स्थायी पट्टे पर आबंटिती भूमि को भूमिस्वामी हक प्रदाय किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका पट्टा समाप्ति की तिथि ..... अंकित है।
अत: इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को आपत्ति हो तो वे दिनांक 18/08/2023 को न्यायालयीन समय/ दिवसों में स्वत:/ अधिवक्ता/ अपने विधि मान्य प्रतिनिधि के माध्यम् से न्यायालयीन समय पर उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। उक्त तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति विचारणीय नहीं होगा।
आज दिनांक 2/08/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
सील **नजूल अधिकारी बिलासपुर (छ.ग.)**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.)
पता– पुराना कम्पोजिट बिल्डिंग, कक्ष क्र.18, कलेक्टोरेट के सामने, Phone No. 07752-250593, Email ID - eebil-phe-cg@gov.in
:: ई प्रोक्योरमेंट चतुर्थ निविदा सूचना ::

क्रमांक	निविदा सिस्टम क्रमांक	निविदा क्रमांक/ दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की अनुमानित लागत (रू.लाख में)	धरोहर राशि (रू.लाख में)
1	143611	12/ निविदा प्रकोष्ठ / दिनांक 03.08.2023	बिलासपुर जिले के विकासखण्ड बिल्हा के ग्राम गतौरी में (DMFT मद अंतर्गत) नल जल प्रदाय योजनांतर्गत 90 से 140 मिमी. व्याय 6kg sqcm प्रेशर के UPVC पाईप स्पेशल सहित प्रदाय कर जोड़ने, बिछाने, इन्टरकनेक्शन टेस्टिंग एवं 3 माह तक ट्रायल रन संचालन एवं संधारण का कार्य।	33.797 लाख	0.26 लाख

ऑनलाईन निविदा की अन्य विवरण एवं विस्तृत जानकारी छ.ग.शासन लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के ई–प्रोक्योरमेंट वेबसाइट https://eproc.cgstate.gov.in दिनांक 10.08.2023 सुबह 11:00 बजे से तथा दिनांक 23.08.2023 समय 17:30 बजे तक बीड डाले जा सकते हैं एवं अन्य विवरण कार्यालयीन समय पर लोग स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बिलासपुर (छ.ग.) में देखे जा सकते हैं।
कार्यपालन अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड बिलासपुर (छ.ग.)
जी– 04011/2

कार्यालय, कलेक्टर जिला–जशपुर एवं पदेन उप सचिव, छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग
// अधिसूचना //
क्रमांक 202112031700007/अ–82/ 2021–22 दिनांक / / 2023
चूंकि राज्य शासन को यह प्रतीत होता है, कि नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि की सार्वजनिक प्रयोजन की विवरण बिलासपुर से हस्तिनापुर मार्ग में ईब नदी पर सेतु निर्माण एवं पहुंच मार्ग सार्वजनिक प्रयोजन के लिए आवश्यकता है अथवा आवश्यकता पड़ने की संभावना है, अत: भूमि अर्जन, पुर्नवासन तथा पुर्नव्यवस्थापन में उचित प्रतिकर और पारदर्शिता का अधिकार अधिनियम, 2013 (जिसे एतद् पश्चात् अधिनियम, 2013 कहा जायेगा) की धारा 19 के तहत् यह घोषित किया जाता है कि इस भूमि की उक्त प्रयोजन के लिए आवश्यकता है :–
– अनुसूची –
(1) भूमि का वर्णन
(क) जिला – – जशपुर
(ख) तहसील – – कुनकुरी
(ग) ग्राम – – बिलासपुर प.ह.नं. 08
(घ) भूमि का क्षेत्रफल – – 0.272 हे.

ख.नं.	रकबा	ख.नं.	रकबा	ख.नं.	रकबा
10 से	0.183	11 से	0.069	17/1 से	0.020
	कुल खसरा नं. 03		कुल संख्या 0.272 हे.		

2. भूमि का नक्शा (प्लान) का निरीक्षण, अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी कुनकुरी के कार्यालय में किया जा सकता है।
3. प्रस्तावित भू–अर्जन से किसी भी प्रभावित परिवार का विस्थापन निहित नहीं है।
पुनर्वास योजना में अवलोकन प्रशासन/ अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) के कार्यालय में किया जा सकता है।
छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार
(अजय किशोर लकड़ा) अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी कुनकुरी, जिला–जशपुर (छ.ग.)
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं भू–अर्जन अधिकारी कुनकुरी, जिला–जशपुर (छ.ग.)
जी– 03989/1
(डा.रवि मित्तल) कलेक्टर जिला–जशपुर (छ.ग.) एवं पदेन उप सचिव छत्तीसगढ़ शासन, राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग

रीपा से जुड़कर ऐश कुमारी और ममता पाव के जीवन में आया बदलाव

रायगढ़, 4 अगस्त। राज्य शासन द्वारा ग्रामीण उद्यमिता को बढ़ावा देने एवं रोजगार सृजित करने के उद्देश्य से रीपा योजना प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत जिले के विभिन्न ब्लॉकों में व्यवसाय एवं लघु उद्योगों को प्राथमिकता के साथ बढ़ावा दिया जा रहा है।

कलेक्टर श्री तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा रीपा में संचालित गतिविधियों की मॉनिटरिंग के साथ लगातार निरीक्षण किया जा रहा है। ताकि रीपा में अधिक से अधिक गतिविधियां संचालित होने के साथ स्थानीय रोजगार सृजित हो सके। यही कारण है आज जिले के विभिन्न ब्लॉक में रीपा स्थापित होने से व्यवसायिक गतिविधियां बढ़ी है। जिससे ग्रामीणों के साथ ही शिक्षित युवतियां एवं महिलाओं की भागीदारी देखी जा रही हैं और वे आर्थिक रुप से सशक्त हो रहे हैं।

रीपा योजना किस तरह से रोजगार मूलक कार्यों के माध्यम से लोगों के जीवन में बदलाव ला रही है, इसकी एक बानगी विकासखंड घरघोड़ा के बैहामुड़ा में स्थित रीपा में देखने को मिली। रीपा रोजगार मूलक कार्यों के साथ उद्यमी सृजित करने का कार्य कर रही है, जिसका उदाहरण हैं ऐश कुमारी राठिया है। जिन्होंने स्नातक और डीसीए की शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात रीपा में स्वयं का सीएससी सेंटर के माध्यम से अपना व्यवसाय प्रारंभ कर चुकी हैं।

प्रथम पृष्ठ का शेष....

कोयला घोटाला मामले...

बाद गिरफ्तार किया था। उस दौरान वे मंत्रालय में पदस्थ थीं।

रानू साहू को फिलहाल जेल में ही रहना होगा। 18 अगस्त तक रिमांड को बढ़ा दिया गया है। शुक्रवार को साहू को अदालत नहीं लाया गया। वो फिलहाल सेंट्रल जेल में हैं। ई डी ने उन्हें कोल मामले में आरोपी बताया है। शुक्रवार को न्यायधीश अजय सिंह की अदालत में मामला रखा गया।

कोल मामले में पहले से ही जेल में बंद कारोबारी सूर्यकांत तिवारी के सहयोगी निखिल चंद्राकर को भी पेश किया गया। इसे भी 18 अगस्त तक न्यायिक रिमांड पर रखे जाने के निर्देश कोर्ट ने दिए।

रानू की जमानत पर 5 अगस्त को भी बहस

शुक्रवार को ई डी जज के सामने रानू की ओर से जमानत आवेदन पेश किया गया। रानू के वकील ने कहा कि कई बार छापेमारी हो चुकी है, पूछताछ हो चुकी है, राजनीति से प्रेरित होकर जानबूझकर एक अधिकारी को परेशान किया जा रहा है, इसलिए उन्हें जमानत देनी चाहिए। अदालत ने ईडी को अपना तर्क पेश करने के लिए 5 अगस्त शनिवार का वक्त दिया है।

प्रदेश में बांधों का बढ़ा ...

छिरपानी, राजनांदगांव के पिपरिया नाला, दुर्ग के खपरी जलाशय में शत प्रतिशत जल भराव हो चुका है।

इसी तरह बालोद के गोंदली, कबीरधाम के सुतियापाट और कर्रानाला, राजनांदगांव के मटियामोती और धारा, कोरिया के झुमका तथा सरगुजा के बरनई जलाशय में 90 प्रतिशत से अधिक का जलभराव हो चुका है। इसके अलावा राजनांदगांव के रुसे और घुमरिया, रायपुर के पेंड्रावन, सरगुजा के कुंवरपुर, कबीरधाम के सरोदा, बलौदाबाजार के बलार और रायगढ़ के केदार में 75 प्रतिशत से अधिक का जलभराव हो चुका है।

देश

उवाच

देश की जनता देख रही है कि किस तरह सुनियोजित साजिश के तहत विभिन्न हथकंडे अपनाकर विपक्षी नेताओं की छवि खराब करने की कोशिश की जा रही है। राहुल गांधी के मामले में सर्वोच्च न्यायालय के फैसले पर रोक लगाए जाने का निर्णय स्वागतयोग्य है।

-अभिषेक झा,जदयू प्रवक्ता

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	33.0	28.0
मुंबई	29.0	27.0
कोलकाता	31.0	28.0
चेन्नई	33.0	29.0

राहुल के खिलाफ बड़ी साजिश हुई नाकाम : कांग्रेस

मोदी उपनाम मामले में राहुल को हुई सजा पर शीर्ष अदलात के रोक लगाने के फैसले पर जताई खुशी

नई दिल्ली/पटना,4 अगस्त (देशबन्धु)। मोदी उपनाम टिप्पणी पर आपराधिक मानहानि मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी को बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने सुप्रीम कोर्ट ने एक अंतरिम आदेश जारी कर उनकी सजा पर रोक लगा दी है। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। तमाम कांग्रेस नेता इस पर अपनी प्रांतक्रिया देकर खुशी जाहिर की। कांग्रेस नेता प्रियंका श्रीनेत ने कहा है कि राहुल गांधी की सजा पर रोक यह सिद्ध करता है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की गई थी। उन्होंने कहा है कि राहुल गांधी ने ऐसी कोई भी बात नहीं की थी, जिसे गलत कहा जा सके। उन्होंने केंद्र पर तानाशाही करने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह लोकतंत्र की जीत है और इससे आम आदमी की आवाज को मजबूती मिलेगी। उन्होंने कहा कि इससे उनकी संसद सदस्यता बहाल होने का रास्ता भी खुल गया है। कांग्रेस ने इसे लोकतंत्र और सत्य की जीत बताया है। राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने से कांग्रेस को सरकार पर हमलावर होने का अवसर मिला है, जो पहले ही मणिपुर के मुद्दे पर सरकार को हर तरफ से घेरे हुए थी। सर्वोच्च न्यायालय के इस निर्णय से भाजपा को तगड़ा झटका लगा है। इससे पहले, सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर टिप्पणी करते हुए लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी ने कहा कि यह खुशी का दिन है... मैं आज ही लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखूंगा और बात करूंगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि संसद परिसर में हर जगह आपको 'सत्यमेव जयते' दिखेगा। राहुल गांधी के खिलाफ साजिश आज नाकाम हो गई है। राहुल गांधी की जीत मोदी जी पर भारी पड़ेगी। मानहानि मामले में राहुल गांधी को मिली सजा पर सुप्रीम कोर्ट की रोक के बाद संसद की सदस्यता बहाली को लेकर गहमागहमी शुरू हो गई है। इसे लेकर संसदीय दल के नेता अधीर रंजन चौधरी ने स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात कर सदस्यता बहाल करने के मामले में तत्काल फैसला लेने का आग्रह किया है। स्पीकर कार्यालय के सूत्रों ने बताया कि बिरला ने अधीर को इस मामले में नियमानुसार फैसला लेने का आश्वासन दिया है।

कांग्रेस ने शीर्ष अदलात के फैसले को लोकतंत्र व सत्य की जीत बताया

राहुल गांधी की सजा पर रोक यह सिद्ध करती है कि उन्हें गलत तरीके से फंसाने की कोशिश की गई थी : प्रियंका श्रीनेत

न्यायालय के फैसले से न्यायपालिका के प्रति बढ़ेगा देश का भरोसा : कमलनाथ

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी के संबंध में शुक्रवार को आए उच्चतम न्यायालय के फैसले को लेकर मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ ने कहा कि इस फैसले से न्यायपालिका के प्रति देश का भरोसा बढ़ेगा। कमलनाथ ने अपने ट्वीट में कहा कि देश में लोकतंत्र की आवाज गांधी को उच्चतम न्यायालय से सजा में राहत मिलने पर हार्दिक शुभकामनाएं। न्यायालय के इस फैसले से न्यायपालिका के प्रति देश की जनता का सम्मान और भरोसा दोनों बढ़ेंगे। उन्होंने भरोसा जताया कि अंतिम फैसला गांधी के पक्ष में आएगा। राज्यसभा सांसद एवं पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि राहुल गांधी को उच्चतम न्यायालय से न्यायिक राहत मिलने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। सत्य सदैव उज्वल रहे। वहीं, राज्यसभा सांसद विवेक तन्खा सहित प्रदेश कांग्रेस के अन्य नेताओं ने भी गांधी की सदस्यता बहाल करने संबंधी उच्चतम न्यायालय के फैसले का स्वागत किया और न्यायालय के इस फैसले पर खुशी जताई। राजद नेता और बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद ट्वीट कर कहा कि सर्वोच्च न्यायालय का राहुल गांधी के संदर्भ में लिया गया फैसला स्वागत योग्य है। अगर भाजपा के दुष्प्रचारी एवं कॉम्प्रोमाइज्ड तंत्र को ये झटका नहीं लगता तो कई और विपक्षी नेताओं को ये साजिशों व षड्यंत्रों के तहत विधायिका से बाहर रखने की जालसाजी जारी रखते। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ए.के. एंटनी ने कहा कि मानहानि मामले में राहुल गांधी को दोषी ठहराने के निचली अदालत के आदेश पर रोक लगाने से सुप्रीम कोर्ट पर भरोसा बढ़ गया है। उन्होंने कहा कि जरा सोचिए, अगर शीर्ष अदालत ने यह फैसला नहीं दिया होता तो क्या होगा। यह सच्चाई की स्पष्ट जीत है और न्याय बहाल हुआ है। कांग्रेस सांसद और अनुभवी नेता के. करुणाकरण के बेटे के. मुरलीधरन ने कहा कि उन्हें शीर्ष अदालत पर पूरा भरोसा है। उन्होंने कहा कि संसद में गांधी को वापस पाकर हम बेहद खुश हैं। हमारे पास प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मुकाबला करने के लिए उपयुक्त नेता की कमी थी। और गांधी कब लोकसभा में लौट पाएंगे, इस पर पूर्व लोकसभा महासचिव पी.डी.टी. आचार्य ने कहा कि लोकसभा सचिवालय को तुरंत गांधी की सदस्यता बहाल करने की अधिसूचना जारी करनी चाहिए, क्योंकि फैसला शीर्ष अदालत से आया है। संयोगवश, सूरत की एक अदालत द्वारा दोषी ठहराए जाने के अगले ही दिन लोकसभा सचिवालय ने गांधी को अयोग्य घोषित कर दिया था। वहीं कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने लिखा कि सत्यमेव जयते माननीय सुप्रीम कोर्ट ने राहुल गांधी की सजा पर रोक का फैसला करके लोकतंत्र की आवाज को मजबूत किया है।

राहुल की जीत सत्य की जीत : यशपाल आर्य

उत्तराखंड विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता यशपाल आर्य ने कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को मोदी सरनेम वाले मामले में उच्चतम न्यायालय से राहत मिलने को सत्य की जीत बताया है। आर्य ने आज जारी बयान में कहा कि तीन चीजें सूर्य, चंद्रमा और सत्य ज्यादा देर तक छिप नहीं सकतीं हैं। उन्होंने कहा कि गांधी के खिलाफ मानहानि मामले में सजा पर रोक लगाने का सर्वोच्च न्यायालय का फैसला स्वागत योग्य है। यह सत्य, धैर्य और धर्म की जीत है। न्याय की जीत हुई है। यह नफरत के खिलाफ मोहब्बत की जीत है।

नकारात्मक राजनीति कर रही भाजपा को करारा झटका : जदयू

पटना। बिहार प्रदेश जनता के अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा ने सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के मामलें में सर्वोच्च न्यायालय का फैसला लोकतंत्र और संविधान की जीत का जीवंत उदारहण है। सर्वोच्च न्यायालय के इस फैसले से देश में नकारात्मक राजनीति कर रही भाजपा को करारा झटका लगा है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार द्वारा लोकतंत्र को कुचलने का षड्यंत्र आज सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष भी बेनकाब हो गया। न्यायालय के इस फैसले से भाजपा को सबक लेने की आवश्यकता है, असत्य चाहे कितना भी हावी हो जाए मगर सत्य को कभी दबाया नहीं जा सकता है। यह देश गांधी और अंबेडकर का देश है, यहां छल-कपट की राजनीति कभी भी किसी भी दौर में सफल नहीं हो सकती है। कुशवाहा ने कहा कि भाजपा लाख कोशिशें कर ले मगर देश का विपक्ष डरने वाला नहीं है। हम मिलकर पुरी ताकत से भाजपा का मुकाबला करेंगे और हिटलर के मार्ग पर चल रही तानाशाही सरकार को 2024 में देश की सत्ता से उखाड़ फेकेंगे। देश की जनता को भी एहसास हो चुका है कि जनसमस्याओं का समाधान करने के बजाए विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए भाजपा अपने सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि सिर्फ सत्ता भोगने की नीयत से देश के संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग करना भाजपा को महंगा पड़ेगा। जनता इनकी विदाई सुनिश्चित करने का मन अब बना चुकी है। भाजपा की तानाशाही अब अंतिम समय में है। भाजपा के राजनीतिक पतन की शुरुआत हो चुकी है, कोई भी साजिश या षड्यन्त्र अब मोदी सरकार को नहीं बचा सकती है। वहीं बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष डा.अखिलेश प्रसाद सिंह ने मोदी सरनेम मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर खुशी जाहिर करते हुए कही। वे प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय सदाकत आश्रम में जश्न मनाने के लिए एकत्रित हुए सैंकड़ों कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्त्ताओं को अपने वरचुअल सम्बोधन में बोल रहे थे। डा.सिंह ने आगे कहा कि यह न्याय की जीत है और कांग्रेसियों के लिए बहुत बड़ी राहत है कि राहुल जी की आवाज संसद में फिर से गूंजेगी और वह 2024 का चुनाव लड़ सकेंगे।

राहुल के वायनाड दफ्तर में लैंडलाइन फोन, इंटरनेट जल्द होगा बहाल, कार्यकर्ताओं ने जश्न मनाया

तिरुवनंतपुरम। आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद राहुल गांधी के वायनाड दफ्तर में बीएसएनएल लैंडलाइन फोन और इंटरनेट कनेक्शन काट दिया गया था। इसे अब जल्द ही बहाल किया जाएगा। राहुल गांधी को दोषी ठहराए जाने के तुरंत बाद संचार कनेक्शन काट दिए गए थे। स्थानीय पार्टी नेताओं के अनुसार, वायनाड में राहुल गांधी का कार्यालय पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा संचालित किया गया था और शुक्रवार को शीर्ष अदालत का फैसला आने पर वहां फिर से गतिविधियां शुरू हो गई। एक स्थानीय पार्टी कार्यकर्ता ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि राहुल गांधी अपने निर्वाचन क्षेत्र को कितना प्यार करते हैं। अयोग्यता की अवधि के दौरान भी वह अपने निर्वाचन क्षेत्र के लोगों के लिए काम करते रहे। हम उनके निर्वाचन क्षेत्र का दौरा करने का इंतजार कर रहे हैं। राहुल गांधी ने एक कंपनी के सीएसआर फंड से कुछ पैसे लाए थे, जिससे 10 आंगनबाड़ियों को नया रूप दिया गया है। हम चाहते हैं कि वह इसका उद्घाटन करें। राहुल गांधी ने 2019 के लोकसभा चुनाव अभियान के दौरान सभी चोरों का एक ही उपनाम मोदी कैसे है। टिप्पणी की थी। इस टिप्पणी के लिए 23 मार्च को सूरत की निचली अदालत ने राहुल गांधी को आपराधिक मानहानि मामले में दोषी ठहराया था। इस टिप्पणी की व्याख्या प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भगोड़े कारोबारी नीरव मोदी और ललित मोदी के बीच एक अंतर्निहित संबंध निकालने के प्रयास के रूप में की गई थी। वायनाड में कुछ स्थानों पर कांग्रेस समर्थक अपनी खुशी व्यक्त करते हुए सड़कों पर उतर आए और केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने पार्टी की सभी 14 जिला इकाइयों को सुप्रीम कोर्ट के फैसले का जश्न मनाने के लिए कहा। कांग्रेस विधायक और युवा कांग्रेस के अध्यक्ष शफी परम्बिल ने कहा कि यह बहुत बड़ी उपलब्धि होगी और वायनाड के लोग निश्चित रूप से खुश होंगे। हम सभी ने देखा कि अयोग्य ठहराए जाने के बाद जब वह अपने निर्वाचन क्षेत्र में आए तो लोग उनके पास कैसे पहुंचे। इस बीच, राजधानी में राज्य पार्टी मुख्यालय में भीड़ लगनी शुरू हो गई। अब सभी की निगाहें इस बात पर हैं कि गांधी की लोकसभा सदस्यता कितनी जल्दी बहाल की जाती है।

संसद से

धनखड़ ने दीपेंद्र हुड्डा से मांगी 'गुरु दक्षिणा'

सभापति जगदीप धनखड़ ने सांसद मोपी देवी, सांसद व प्रोफेसर मनोज झा और सांसद इमरान प्रतापगढ़ी व अन्य सदस्यों को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। दरअसल शुक्रवार को कुछ राज्यसभा सांसदों को जन्मदिन था, जिसको लेकर सभापति जगदीप धनखड़ ने शुक्रवार को सबको जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इसके बाद कांग्रेस सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी और उनसे गुरु दक्षिणा मांगी। उन्होंने कहा कि मेव कॉलेज अजमेर में दीपेंद्र सिंह हुड्डा मेरे जूनियर थे और इस लिहाज से मैं, उनका गुरु रह चुका हूं। ऐसे में, आज मैं उनसे गुरु दक्षिणा लूंगा। तभी सदन ठहाकों से गूंज उठा।

द इंटर सर्विसेज आर्गनाइजेशन विधेयक सैन्य सुधारों की दिशा में महत्वपूर्ण पड़ाव : राजनाथ

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने द इंटर सर्विसेज आर्गनाइजेशन (कमांड, कंट्रोल एंड डिसिपलिन) विधेयक 2023 को पेश करते हुए कहा कि यह सेना के तीनों सेवाओं में अनुशासन बनाने में मददगार होगा। कमांडिंग ऑफिसर या कमांडिंग इन चीफ तीनों सेनाओं के मामलों में अनुशासनात्मक कार्रवाई कर सकते हैं। सिंह ने कहा कि यह विधेयक सैन्य सुधारों की दिशा में एक महत्वपूर्ण पड़ाव है। इस विधेयक से सैन्य बलों पर कोई वित्तीय भार नहीं पड़ेगा। यह विधेयक सेना अधिनियमों में किसी तरह का बदलाव भी नहीं करता। स्थायी समिति ने बिना किसी संशोधन के इस विधेयक को अनुमोदन प्रदान किया है। इसके बाद सदन ने इस विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

प्रबंधन सस्थान विधेयक से प्रबंधकीय जवाबदेही की जा सकेगी सुनिश्चित : प्रधान

शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने भारतीय प्रबंधन संस्थान (संशोधन) विधेयक 2023 पेश किया। विधेयक के बारे में प्रधान ने कहा कि इसके माध्यम से प्रबंधकीय जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। इस विधेयक में मुम्बई के एक संस्थान को भारतीय प्रबंधन संस्थान का दर्जा देने के प्रावधान किए गए हैं। इसके माध्यम से सभी भारतीय प्रबंधन संस्थान में एकरूपता लाई जा सकेगी और जवाबदेही सुनिश्चित की जा सकेगी। इस दौरान विपक्षी सदस्य हाथों में तख्तियां लिए सदन के बीचों बीच मणिपुर मुद्दे पर चर्चा की मांग और प्रधानमंत्री से सदन में आकर वक्तव्य देने की मांग को लेकर नारेबाजी और हंगामा करते रहे। पीठासीन अधिकारी अग्रवाल ने हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से कहा कि वे अपनी-अपनी सीटों पर जायें और सदन की कार्यवाही सुचारु रूप से चलने दें। हंगामा रुकते न देखकर अग्रवाल ने सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी।

राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार से सदस्य चिंतित : पीयूष गोयल

सदन के नेता पीयूष गोयल ने कहा कि सदस्य राजस्थान में महिलाओं के खिलाफ हो रहे अत्याचार से चिंतित है। उन्होंने आसन से कहा कि मणिपुर मुद्दे पर नियम 176 के तहत चर्चा की अनुमति दी गई थी और उसी प्रकार नियम 176 के तहत राजस्थान के मुद्दे पर भी चर्चा की अनुमति दी जानी चाहिए। नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मणिपुर मुद्दे पर 267 के तहत अपनी मांग दोहराई। हालांकि, सदन में शोर के कारण वह अपनी बात पूरी नहीं कर सके और सभापति जगदीप धनखड़ ने बैठक पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी। सभापति ने बताया कि नियम 267 के तहत उन्हें कुल 48 नोटिस मिले हैं। उनके इतना कहते ही सत्ता पक्ष के सदस्यों ने राजस्थान के मुद्दे पर हंगामा और शोरगुल शुरु कर दिया।

सार संक्षेप

एनआईए ने कश्मीर में पांच जगहों पर छापेमारी की

श्रीनगर। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) ने आतंकी साजिश मामले में शुक्रवार को कश्मीर में पांच स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। ये छापेमारी घाटी के कई जिलों में चल रही है। उन्होंने कहा कि छापेमारी जम्मू में 2022 में दर्ज एक आतंकी साजिश मामले की चल रही जांच का हिस्सा है। उन्होंने कहा कि आरसी 5/2022/जेएमयू में पांच स्थानों पर तलाशी ली गई। यह मामला भौतिक व साइबर स्पेस दोनों में एक साजिश रचने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों द्वारा जम्मू-कश्मीर में चिपचिपे बम, आईईडी और छोटे हथियारों के साथ हिंसक आतंकवादी हमले करने की योजना से संबंधित है।

कुएं में जहरीली गैस से पिता-पुत्र की मौत

पन्ना। मध्य प्रदेश के पन्ना जिले के शाहनगर थाना क्षेत्र के लुधगवां गांव में कुएं से निकल रही जहरीली गैस की चपेट में आने से शुक्रवार को पिता-पुत्र की मौत हो गई। इस हादसे में एक युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिसे इलाज के लिए कटनी रैफर किया गया है।

गौरीकुण्ड में अतिवृष्टि व भूस्खलन, 13 लापता

रुद्रप्रयाग/देहरादून। उत्तराखंड के रुद्रप्रयाग जनपद में गुरुवार देर रात्रि से अतिवृष्टि और भूस्खलन से व्यापक जन, धन की हानि होने की सूचना है। खराब मौसम के कारण राहत कार्यों में भारी मुश्किल हो रही हैं। यह स्थान भगवान शिव के ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग केदारनाथ धाम का अंतिम पडाव स्थल है।

नीतीश के नेता हुए अहंकारी : सम्राट

पटना,4 अगस्त (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने जदयू के अध्यक्ष ललन सिंह द्वारा गुरुवार को लोकसभा में एक सीनियर सदस्य को इंगित करते हुए गलत भाषा का प्रयोग किए जाने की निंदा करते हुए कहा कि भाजपा ऐसी हरकतों का विरोध करती है।

पटना में पत्रकारों से चर्चा करते हुए चौधरी ने कहा कि जदयू के अध्यक्ष लोकतंत्र के मंदिर लोकसभा में जिस तरह की बोली बोल रहे, उसे देश और दुनिया देख रही है। लोकसभा में जदयू अध्यक्ष का एक सीनियर सदस्य के साथ व्यवहार जगजाहिर हो गया है, जिसका भाजपा विरोध करती है। चौधरी ने कहा कि उनकी भाषा से उनकी अहंकार झलकती है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि नीतीश कुमार में भी अहंकार आ गया है,

- बिहार में लोकतंत्र समाप्त होने का लगाया आरोप
- धरना दे रहे लोगों से गुंडों जैसा सुलूक कर रही पुलिस

जिस कारण उनकी पार्टी के नेता भी अहंकारी हो गए है। नरेंद्र मोदी के फिर से पीएम बनने के एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि इसमें कोई शक नहीं है। फिर से मोदी के नेतृत्व में केंद्र की सरकार बनेगी। इधर, भागलपुर में धरना और अनशन पर बैठे भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष रोहित पांडेय सहित अन्य कार्यकर्ताओं पर रात में लाठीचार्ज किए जाने पर आक्रोश व्यक्त करते हुए चौधरी ने कहा कि बिहार में लोकतंत्र समाप्त हो गया है। नीतीश कुमार की सरकार गुंडों की तरह व्यवहार कर रही हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग शांतिपूर्ण तरीके से धरना, अनशन पर बैठे थे, इन्हे पुलिस द्वारा पीटा गया। लोकतंत्र के चौथे स्तंभ मीडिया को भी बख्शा नहीं गया।

उन्होंने कहा कि अगर नीतीश कुमार में थोड़ी भी नैतिकता बची हो तो उन्हें इस्तीफा दे देना चाहिए। उन्होंने एक प्रश्न के उत्तर में कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्य को आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन के नेता समझते हैं कि दो नेता के मिल जाने से बिहार जीत लेंगे, लेकिन जिस तरह विधानसभा उपचुनाव में तीन सीटों में से दो सीट पर हराने का काम किया गया।

त्रिपुरा में डेंगू से 182 संक्रमित, प्रदेश भर में अलर्ट

अगरतला, 4 अगस्त (एजेंसियां)। त्रिपुरा में सिपाहीजला जिले के सीमावर्ती गांवों में अचानक डेंगू फैलने के कारण प्रदेश भर में अलर्ट जारी किये जाने के साथ ही अब तक 182 लोगों को इलाज के लिए अस्पतालों में लाया गया है। चिकित्सा निदेशक सुप्रिया मलिक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। उन्होंने आश्वासन दिया कि घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि सरकार ने बीमारी को रोकने के लिए सभी प्रयास किए हैं। डॉ. मलिक ने बताया कि विशेषज्ञों ने गांव का दौरा किया और घर में एडीज़ मच्छरों की मौजूदगी पाई। खुले स्थानों पर पानी जमा होने और जमा पानी तथा रबर के बागानों में बड़ी संख्या में लार्वा पाए जाने के कारण एडीज मच्छरों का प्रजनन बढ़ रहा है। डेंगू के मामलों की संख्या से निपटने के लिए मच्छरों के प्रजनन को रोकने के लिए आवश्यक व्यवस्था की गई है। धनपुर के 37 डेंगू रोगियों को अगरतला सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था और उन्हें एक समर्पित कोविड अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

हिन्दी की स्थानीय भाषाओं से कोई स्पर्धा नहीं : अमित शाह

केंद्रीय गृह मंत्री ने की संसदीय राजभाषा समिति की बैठक की अध्यक्षता

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा है कि हिन्दी की स्थानीय भाषाओं से कोई स्पर्धा नहीं है और सभी भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने से ही देश मजबूत बनेगा। शाह ने शुक्रवार को यहां संसदीय राजभाषा समिति की 38वीं बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान संसदीय राजभाषा समिति के प्रतिवेदन के बारहवें खंड को भी अनुमोदित किया गया जिसे राष्ट्रपति को भेजा जाएगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के वर्ष में देश के सामने पांच प्रण रखे हैं जिनमें से दो प्रण हैं-विरासत का सम्मान और गुलामी के चिन्हों को मिटाना। उन्होंने कहा कि इन दोनों प्रण के शत-प्रतिशत क्रियान्वयन के लिए सभी भारतीय भाषाओं और राजभाषा को अपनी शक्ति दिखानी होगी। उन्होंने कहा कि विरासत का सम्मान भाषा के सम्मान के बिना अधूरा है और राजभाषा की स्वीकृति तभी आएगी जब हम स्थानीय भाषाओं को सम्मान देंगे। उन्होंने कहा कि हिन्दी की स्पर्धा स्थानीय भाषाओं से नहीं है, सभी भारतीय भाषाओं को प्रोत्साहन देने से ही राष्ट्र सशक्त होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बिना किसी प्रकार के विरोध के राजभाषा की स्वीकृति बनाने की आवश्यकता है, चाहे इसकी गति धीमी रहे।



शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री ने पहल करते हुए इंजीनियरिंग और मेडिकल के पाठ्यक्रमों को 10 भाषाओं में शुरू कर दिया है और जल्द ही ये सभी भारतीय भाषाओं में उपलब्ध होंगे। वह क्षण स्थानीय भाषाओं और राजभाषा के उदय की शुरुआत का क्षण होगा।

सवाल *कश्मीर में लापता सेना के जवान जावेद वानी की बरामदगी के बाद उठे सवाल*

जिन्दा बचे सेना के जवान से गहन पुछताछ के बाद खुलेगा राज

सुरेश एस डुग्गर

जम्मू,4 अगस्त (देशबन्धु)। छह दिनों के बाद सेना और पुलिस ने जिस अपहृत सेना के जवान को 'जिन्दा बरामद' किया है उसकी बरामदगी पर अब कई सवालों के जवाब सेना और पुलिस को चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि 7 सालों में यह पहला अवसर है कि आर्तकियों द्वारा अपहृत कोई जवान जिन्दा बचा हो।

गुरुवार देर रात को जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लापता जवान जावेद अहमद वानी की बरामदगी की पुष्टि की थी। कश्मीर पुलिस के एडीजीपी विजय कुमार ने कहा कि मेडिकल चेकअप के बाद उससे पूछताछ आरंभ की गई है। पुलिस सूत्रों के मुताबिक, वानी के लापता होने को लेकर हर एंगल से पूछताछ की जा रही है। इतने दिन तक वो कहां थे और किस-किस से मिले थे और उन्हें अगवा किसने किया था, ये सब कुछ ऐसे सवाल है जिसके बारे में जम्मू-कश्मीर पुलिस उनसे जानना चाह रही है क्योंकि कश्मीर का यह पहला मामला है, जब किसी लापता जवान की सकुशल बरामदगी हुई है। जावेद ईद-उल-अजहा मनाने के लिए घर लौटा था और 29 जून से छुट्टी पर था। उसके लापता होने की परिस्थितियों से यह आशंका पैदा हो गई थी कि आतंकवादियों ने उसका अपहरण कर लिया है। सैनिक के भाई मुदासिर अहमद वानी ने कहा कि वह 30 जुलाई की शाम 7.30 बजे बाजार के लिए निकला और कुछ देर बाद हमें उसकी कार पर खून के निशान मिले। उसकी एक चप्पल और एक टोपी भी वहां थी। सैनिक के लापता होने की जानकारी मिलने पर सुरक्षा बलों ने कुलगाम और आसपास के इलाकों में बड़े पैमाने पर तलाशी अभियान शुरू किया। जावेद की तलाश में कई लोगों से पूछताछ की गई और उनके काल रिकार्ड की जांच की गई। जवान के पिता मोहम्मद अयूब वानी ने बेटे को सकुशल रिहा करने का आग्रह किया था। उनके पिता ने पत्रकारों से कहा था कि मैं सभी भाइयों से अपील करता हूं कि उसे जिंदा छोड़ दें। अगर उसने किसी को परेशान किया है तो मैं उसके लिए माफी मांगता हूं। अगर वे चाहें तो मैं उसे नौकरी भी छोड़ दूंगा। लापता हुए सेना के जवान की मां ने कहा कि मैं पिछले 6 दिनों से शोक में थी और सो नहीं पा रही थी। जब मैंने खुशखबरी (जवान के मिलने की) सुनी तो मुझे बहुत खुशी हुई। मैं उन सभी सुरक्षा बलों को धन्यवाद देना चाहती हूं, जिन्होंने हमारे बेटे को ढूंढने में हमारी मदद की। जम्मू-कश्मीर लाइट इन्फेंट्री में काम करने वाले 25 वर्षीय जवान जावेद अहमद वानी कुलगाम जिले के अस्थाल गांव के रहने वाले हैं। उनकी पोस्टिंग लद्दाख के लेह में है। बीते सप्ताह वो ईद की छुट्टियों में घर आए हुए थे। समय के बितने के साथ-साथ आशंकाएं बढ़ती जा रही थीं।

- सात सालों में यह पहला अवसर जब किसी लापता जवान की हुई है सकुशल बरामदगी

अभिमत

राजनीतिक दावों व अधिकारियों द्वारा पेश फर्जी आंकड़ों तथा जमीनी आंकड़ों के बीच का विरोधाभास स्वतंत्र रूप से आंकड़े रिपोर्ट करने में समर्थ आईआईपीएस के स्वतंत्र एनएफएचएस चलाने के महत्व को प्रतिपादित करता है। हालांकि आईआईपीएस स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) का एक हिस्सा है किन्तु यह एक स्वायत्त संस्थान है और इसे कभी भी अपने सर्वेक्षणों और निष्कर्षों पर सवालों का सामना नहीं करना पड़ा है। वास्तव में एनएचएफएस का सर्वेक्षण विश्वस्तरीय है।

सही आंकड़े छुपा कर विकास के झूठे दावे



जगदीश रत्तनानी

टरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ पॉपुलेशन साइंसेस (आईआईपीएस) एक प्रतिष्ठित डीम्ड भारतीय विश्वविद्यालय है। 63 साल पुराना यह संस्थान अन्य कार्यों के अलावा अत्यधिक सम्मानित और प्रसिद्ध राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) श्रृंखला और रिपोर्टों के लिए प्रसिद्ध है। इन रिपोर्टों में एनएफएचएस राउंड के तहत डेटा विश्लेषण किया गया है जिसने पिछले तीन दशकों से भारत की जनसांख्यिकीय और स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का एक स्वतंत्र बुनियादी नज़रिया प्रदान किया है ताकि हमें बताया जा सके कि नीतिगत निर्देशों से जमीनी स्तर पर बदलाव हो रहा है या नहीं। इस प्रकार आईआईपीएस डेटा पर एक महत्वपूर्ण स्थान पर काम करता है जो सरकार को उसके कामों का आईना दिखाता है और नीतिगत कार्यों को सही दिशा में चलाने में मदद कर सकता है।

इस महत्वपूर्ण संस्थान के निदेशक प्रसिद्ध जनसांख्यिकी, शोधकर्ता और जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के पूर्व संकाय सदस्य प्रोफेसर केएस जेम्स को पिछले हफ्ते निलंबित कर दिया गया। उन्हें जांच पूरी होने तक मुख्यालय क्षेत्र मुंबई न छोड़ने का निर्देश दिया गया है। बताया जा रहा है कि इस निर्णय से आईआईपीएस फैकल्टी और पूर्व छात्र सदमे में हैं। विपक्ष ने इस कदम की आलोचना की है। इस घटनाक्रम से वैज्ञानिक और अन्य संकायों के सदस्य चिंतित हैं। निलंबन किन कारणों से किया गया इस बारे में ज्यादा जानकारी नहीं है लेकिन मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि निदेशक को हटाने के लिए पहले कई तरह के प्रयास किए गए जिसके बाद निलंबन का आदेश जारी किया गया। जाहिर तौर पर उन्हें कुछ महीने पहले इस्तीफा देने के लिए कहा गया था लेकिन जेम्स ने कथित तौर पर यह कहते हुए इंकार कर दिया कि उन्होंने कुछ भी गलत नहीं किया है और वे बिना किसी कारण के इस्तीफा नहीं देंगे।

इस निलंबन से एक बार फिर यह आशंका पैदा हो रही है कि सरकार संस्थानों को नियंत्रित करने और उन लोगों को दंडित करने के लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार है जिन पर वह लगाम नहीं लगा पा रही है। यह सच है कि जेम्स का निलंबन सजा नहीं है बल्कि जांच होने तक की गई कार्रवाई है। यह भी सच है कि सरकार को प्राप्त शिकायतों या सूचनाओं के आधार पर जांच करने का अधिकार है। लेकिन अगर अंदरूनी खबरों पर भरोसा किया जाए तो यह भी उतना ही सच है कि सरकार निदेशक को बाहर करना चाहती थी, लेकिन अगर यह अनियमितताओं का मामला है तो निदेशक को कैसे और क्यों जाने के लिए कहा जाएगा और जांच भी तभी शुरू की गई जब उन्होंने चुपचाप जाने से इंकार कर दिया?

ये सवाल तब महत्वपूर्ण हो जाते हैं जब आईआईपीएस के काम को जनसांख्यिकी से संबंधित आंकड़ों को सामने रखने में इसकी भूमिका, प्रजनन और बाल स्वास्थ्य, सामाजिक-आर्थिक संकेतक, प्रजनन क्षमता, माता तथा बाल मृत्यु दर, पांच साल से कम उम्र के बच्चों की मृत्यु दर, पोषण की स्थिति, टीकाकरण की पहुंच, पानी, स्वच्छता, लैंगिक हिंसा और यहां तक कि मधुमेह और रक्तचाप जैसी जीवन शैली की आधुनिक बीमारियों के प्रसार जैसे प्रमुख मापदंडों में देखा जाता है।

एनएफएचएस रिपोर्ट की नवीनतम रिलीज (एनएफएचएस- 5, 2019-2021) में देश को बताया गया है कि 19 प्रतिशत भारतीय परिवार खुले में शौच करते हैं। एनएफएचएस-4 की 2015-16 की रिपोर्ट की तुलना में खुले में शौच करने वाले आंकड़ों में 39 फीसदी सुधार ग्रामीण भारत के लिए एनएफएचएस- 5 ने बताया कि 26 फीसदी घरों में अभी भी शौचालय नहीं थे इसलिए वे खुले में शौच करते थे। निश्चित तौर पर पिछले कुछ वर्षों में संख्या में सुधार है लेकिन फिर भी यदि आप इसे इस तरह से देखना चाहते हैं तो यह उस व्यापक दावे की हवा निकाल देता है जिसमें 2019 में खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि ग्रामीण भारत पहले से ही खुले में शौच से मुक्त है। उन्होंने महात्मा गांधी की 150 वीं जयंती मनाने के लिए चल रहे कार्यक्रमों के हिस्से के रूप में यह दावा किया था।

राजनीतिक दावों व अधिकारियों द्वारा पेश फर्जी आंकड़ों तथा जमीनी आंकड़ों के बीच का विरोधाभास स्वतंत्र रूप से आंकड़े रिपोर्ट करने में समर्थ आईआईपीएस के स्वतंत्र एनएफएचएस चलाने के महत्व को प्रतिपादित करता है। हालांकि आईआईपीएस स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय (एमओएचएफडब्ल्यू) का एक हिस्सा है किन्तु यह एक स्वायत्त संस्थान है और इसे कभी भी अपने सर्वेक्षणों और निष्कर्षों पर सवालों का सामना नहीं करना पड़ा है। वास्तव में एनएचएफएस का सर्वेक्षण विश्वस्तरीय है और अमेरिका के आईसीएफ, यूनाईटेड स्टेट एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट, ब्रिटेन के अंतरराष्ट्रीय विकास विभाग, बिल और मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन, यूनिसेफ, यूएनएफपीए तथा भारतीय स्वास्थ्य मंत्रालय जैसे वैश्विक भागीदारों के साथ काम करता है।

एनएफएचएस- 5 की 2019-2021 की रिपोर्ट में अन्य आंकड़े भी हैं जो हमें बताते हैं कि भारत वास्तव में अच्छा नहीं कर रहा है। उदाहरण के लिए एनीमिया बढ़ गया है। एनएचएफएस- 5 के दौरान छह महीने से पांच वर्ष की आयु के 67 फीसदी बच्चों में एनीमिया (हीमोग्लोबिन का स्तर 11.0 ग्राम प्रति डेसीलीटर से नीचे) था जो एनएफएचएस- 4 (2015-16) के 59 फीसदी के अनुमान से अधिक है। एनीमिया के कारण बच्चों का विकास धीमी गति से होता है और न्यूरो डेवलपमेंट को प्रभावित करता है।

एनएचएफएस- 5 ने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के 36 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं। मतलब यह कि उनकी उम्र के हिसाब से विकास बहुत कम है जो एनएफएचएस- 4 में देखे गए क्रोनिक कुपोषण के मामले में मामूली बदलाव बताता है जो केवल 38 फीसदी है। इसी तरह पांच साल से कम उम्र के 19 प्रतिशत बच्चे कमजोर हैं अर्थात उनकी ऊंचाई के हिसाब से बहुत पतले हैं जो एनएचएफएस-4 में देखे गए 21 फीसदी से थोड़ा ही कम है। यह घातक कुपोषण का संकेत है। 32 फीसदी बच्चे कम वजन के हैं जो एनएफएचएस-4 के दौरान 36 फीसदी से कम हैं।

ये आंकड़े एक तरह से उस सरकार के सामने की चुनौतियों की ओर इशारा करते हैं जो सफलता का दावा करने और उन सभी लड़ाइयों, योजनाओं एवं मिशनों में जीत की बात करने की जल्दी में है जिन्हें वह उजागर करना चाहती है। जो बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं उनकी सच्ची कहानी थोड़ी अलग है। यथार्थ को स्वीकार करने, नीति को दुरुस्त करने और वांछित लक्ष्यों तक पहुंचने के लिए खर्च को प्राथमिकता देने में कुछ भी गलत नहीं है, लेकिन खोखले दावे जल्द ही खोखले साबित होंगे। वे देर-सबेर सरकार की छवि खराब करेंगे। सरकार एक ऐसे भारत की कहानी नहीं बना सकती जो एक वैश्विक, विशाल और मजबूत अर्थव्यवस्था है जिसमें एनीमिक, दुबले, अविकसित और कुपोषित बच्चे हैं। भारत खुले में शौच से मुक्त होने की घोषणाओं के साथ स्वच्छ नहीं हो सकता है। इसके बजाय सरकार पूरी सफलता के लिए कोशिश करने का दावा कर सकती है। अगर प्रयासों में अधिक समय लगता है तो भी यह एक अच्छी यात्रा होगी। यह याद रखना अच्छा होगा कि इराक युद्ध के बाद अमेरिकी नौसेना के सुसज्ज विमानवाहक पोत पर 'मिशन पूर्ण' की घोषणा करने की राष्ट्रपति जॉर्ज बुश की हड़बड़ी संयुक्त राज्य अमेरिका के लिए आपदा के अलावा कुछ नहीं लाई। हमें वहां जाने की जरूरत नहीं है। आईआईपीएस द्वारा दी गई ऐसी रिपोर्ट्स हमें ईमानदार बनाए रखेंगी। इसलिए विकास के एजेंडे के साथ आगे बढ़ते समय आईआईपीएस के निदेशक को निलंबित करना अच्छा नहीं है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं। सिंडिकेट : दी बिलियन प्रेस)

एनएचएफएस- 5 ने बताया कि पांच वर्ष से कम आयु के 36 प्रतिशत बच्चे अविकसित हैं। मतलब यह कि उनकी उम्र के हिसाब से विकास बहुत कम है जो एनएफएचएस- 4 में देखे गए क्रोनिक कुपोषण के मामले में मामूली बदलाव बताता है जो केवल 38 फीसदी है। इसी तरह पांच साल से कम उम्र के 19 प्रतिशत बच्चे कमजोर हैं अर्थात उनकी ऊंचाई के हिसाब से बहुत पतले हैं जो एनएचएफएस- 4 में देखे गए 21 फीसदी से थोड़ा ही कम है।

बीता सप्ताह

29 जुलाई
- चीन के फुजियान प्रांत में इस साल का पांचवां तूफान डोवसुटी पहुंचा।
- ज्योतिरादित्य सिंधिया पहली बार ग्वालियर के आरएसएस दफ्तर पहुंचे।
- हिमाचल प्रदेश में भूस्खलन से नेशनल हाइवे ब्लाक हो गया।
- कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया को हाईकोर्ट का नाटिस वरुणा विधानसभा क्षेत्र से अयोग्य ठहराए जाने के मामले को लेकर दिया गया।

30 जुलाई
- 'इंजिया' के 21 सांसदों का दल मणिपुर हिंसा प्रभावितों से मिले।
- छत्तीसगढ़ प्रदेश का सबसे बड़ा पॉवर प्लांट कोरबा में राजीव गांधी के नाम का शिलान्यास किया गया।
- भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने छत्तीसगढ़ से डा. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी को राष्ट्रीय उपाध्यक्ष बनाया।
- तमिलनाडु की पटाखा यूनिट में धमाका होने से आठ लोगों की मौत हो गई।

31 जुलाई
- पाकिस्तान खैबर पख्तूनख्वा राज्य में एक राजनैतिक रैली में आतंकी हमला होने से 35 लोग मारे गए।
- छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के दीपक तिवारी स्थायी जज बनाए गए।
- भारतीय अंतरिक्ष यान अनुसंधान (इसरो) ने सिंगापुर से सात उपग्रह कक्षा में स्थापित किए। पीएसआईवी- सी 56 सफलतापूर्वक प्रक्षेपित हुआ।
- गृह मंत्रालय ने मानव तस्करी मामले में संसद में पेश किए आंकड़ों में 2019 से 2021 के बीच 13-13 लाख से अधिक लड़कियां एवं महिलाएं लापता हुईं।

1 अगस्त
- जस्टिस दीपक तिवारी को छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के स्थायी जज की शपथ दिलाई।
- आस्ट्रेलिया में दुर्घटनाग्रस्त हेलीकाप्टर में सवार चार सैनिक घोषित किए गए।
- है दराबाद राज्य के आखिरी निजाम मीर उस्मान अली खान के पोते प्रिंस शहायत जाह का निधन हो गया।
- हरियाणा के नूंह में शोभा यात्रा के दौरान बवाल में एक होमगार्ड की मौत हो गई।

2 अगस्त
- सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मणिपुर में कानून व्यवस्था ठप है। डीजीपी तलब किए गए।
- दिल्ली में अफसरों की पोस्टिंग, ट्रांसफर पर नियंत्रण से जुड़ा विधेयक लोकसभा में पेश किया गया।
- प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लोकमान्य तिलक राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किए गए।
- भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने मंगलवार को चंद्रयान-3 अंतरिक्ष यान को पृथ्वी की कक्षा से निकालकर सफलतापूर्वक चांद की कक्षा की तरफ रवाना किया।

3 अगस्त
- मणिपुर मुद्दे पर विपक्षी दलों के नेता राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मिले।
- जाने माने कला निर्देशक नितिन देसाई ने अपने स्टूडियो में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।
- चीन में 140 वर्षों के रिकार्ड में सबसे भारी बारिश 744.8 मिलीमीटर दर्ज की गई।
- चिली में वायुसेना का हेलीकाप्टर दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से 5 लोगों की मौत हो गई।

4 अगस्त
- लोकसभा में दिल्ली सर्विस बिल बहुमत से पास हो गया।
- सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम मामले पर राहुल गांधी की सजा पर रोक लगाई।
- कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो (51) और पत्नी सोफी (48) ने आपसी सहमति से शादी के 18 वर्ष बाद तलाक लेने का फैसला लिया।

ज्ञानवापी मस्जिद : 1991 के कानून को लागू कर इस मुद्दे से निपटना होगा

■ पी सुधीर

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक तरह से ऐलान कर दिया है कि मंदिर-मस्जिद मामले में एक नया मोर्चा खोला जा रहा है। इस बार, यह वाराणसी में ज्ञानवापी मस्जिद और विश्वनाथ मंदिर है। एक साक्षात्कार में, आदित्यनाथ ने कहा है कि ज्ञानवापी परिसर में एक मंदिर की 'मूल स्थिति' स्थापित करने के लिए पर्याप्त सुबूत हैं और मुस्लिम समुदाय को आगे आना चाहिए और कहना चाहिए कि 'अतीत में एक ऐतिहासिक गलती हुई थी और वे समाधान चाहते हैं'।

आदित्यनाथ का यह दावा ज्ञानवापी परिसर के हिंदी इतिहास को स्थापित करने के लिए बढ़ते कानून के संदर्भ में आया है। 3 अगस्त को, इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी जिला अदालत के निर्देशानुसार भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) को ज्ञानवापी मस्जिद परिसर का सर्वेक्षण करने की अनुमति देते हुए फैसला सुनाया। उसने जिला अदालत के खिलाफ मस्जिद समिति की अपील खारिज कर दी।

2019 में अयोध्या विवाद पर सर्वोच्च न्यायालय के फैसले के बाद से, वाराणसी की स्थानीय अदालतों में कानूनी मुकदमों की बाढ़ आ गई है, जो परिसर में हिंदू देवताओं की पूजा करने या जिसे 'शिवलिंग' कहा जाता है, और जो तालाब में एक फव्वारा है जहां मुसलमान प्रार्थना करने से पहले स्नान करते हैं, के वीडियोग्राफी सर्वेक्षण और कार्बन डेटिंग के लिए हिंदुओं के अधिकार पर जोर देते हैं।

ये सभी न्यायिक प्रक्रियाएं पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम 1991 के बावजूद हो रही हैं। संसद द्वारा अधिनियमित यह कानून उन पूजा स्थलों के रूपांतरण पर रोक लगाता है, जो भारत के आजाद होने के समय 15 अगस्त, 1947 जिस रूप में अस्तित्व में थे, जैसे - मंदिर, मस्जिद और चर्च- या किसी भिन्न धर्म के पूजा स्थल।

यानी यह कानून आजादी के बाद पूजा स्थलों को लेकर यथास्थिति का प्रावधान करता है। अधिनियम लागू होने के बाद इसके प्रावधानों के अनुसार ऐसे रूपांतरण के संबंध में कोई भी अदालती कार्रवाई समाप्त हो जायेगी। एकमात्र अपवाद अयोध्या विवाद और उससे जुड़ी अदालती कार्रवाई के लिए था।

नरसिम्हा राव सरकार द्वारा संसद में पारित यह कानून यह सुनिश्चित करने के लिए था कि राम जन्मभूमि मंदिर आंदोलन की तरह धार्मिक पूजा स्थलों को परिवर्तित करने के लिए कोई आंदोलन और सांप्रदायिक गतिविधियां न हों, जिसके कारण देश में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई।

सर्वोच्च न्यायालय ने अयोध्या विवाद पर अपना फैसला सुनाते हुए 1991 के कानून को 'आंतरिक रूप से एक धर्मनिरपेक्ष राज्य के दायित्वों से संबंधित' बताया था। इसमें आगे कहा गया है कि इस कानून के संदर्भ में 'संसद ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि इतिहास और उसकी गलतियों को वर्तमान और भविष्य पर अत्याचार करने के साधन के रूप में उपयोग नहीं किया जायेगा'।

2019 में सुप्रीम कोर्ट द्वारा पूजा स्थल अधिनियम 1991 के इस जोरदार समर्थन के बावजूद, यह रहस्य बना हुआ है कि अदालत ने बाद की अवधि में वाराणसी अदालतों में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर पर उठे मुकदमे को समाप्त करने के लिए निर्णायक रूप से हस्तक्षेप क्यों नहीं किया।

सर्वोच्च न्यायालय के लिए एक मौका मई 2022 में था जब मस्जिद समिति ने वाराणसी के सिविल जज द्वारा मस्जिद परिसर के सर्वेक्षण और वीडियोग्राफी के आदेश पर रोक लगाने के लिए सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था। पूजा स्थल अधिनियम के आधार पर अदालत न्यायिक कार्रवाई को समाप्त कर सकती थी। इसके बजाय, इसने निर्देश दिया कि पांच महिलाओं द्वारा दायर याचिका के सुनवाई योग्य होने को चुनौती देने वाली मस्जिद समिति के मुकदमे को वाराणसी जिला न्यायाधीश को इस आधार पर स्थानांतरित कर दिया जाये कि वह वरिष्ठ न्यायाधीश हैं।

> **न्यायिक सहूलियत हासिल करने के बाद, उचित समय पर, न्यायेतर तरीकों से जमीनी हकीकत को बदला जा सकता है। यह सर्वोच्च न्यायालय का काम है कि वह शरारत को शुरू में ही खत्म कर दे और 1991 के कानून को लागू करे जिसे उसने अयोध्या मामले की सुनवाई के क्रम में स्वयं ही स्पष्ट रूप से अनुमोदित किया था।**

जुलाई में फिर से, मस्जिद समिति ने एएसआई सर्वेक्षण के संबंध में सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था, और उस समय भी सर्वोच्च न्यायालय 1991 के पूजा स्थल कानून के मद्देनजर सभी न्यायिक कार्रवाई को समाप्त कर सकती थी, परन्तु ऐसा नहीं किया गया। तब से, इस मामले में और भी मुकदमे दायर किये गये हैं, जिनमें ज्ञानवापी मस्जिद को हटाने की मांग भी शामिल है, ताकि उस स्थान पर एक मंदिर बनाया जा सके।

गौर करने वाली बात है कि यह सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र में हो रहा है। उच्चतम स्तर पर 1991 के कानून के अनुसार निर्णय करने के मामले में न्यायिक साहस और दृढ़ता की कमी के कारण ज्ञानवापी मस्जिद की प्रकृति पर सवाल उठाने और वीडियोग्राफी सर्वेक्षण और अब एएसआई सर्वेक्षण के माध्यम से 'सच्चाई का पता लगाने' के उपायों का आदेश देने के लिए निचली अदालतों के माध्यम से लगातार कदम उठाये जा रहे हैं।

ईदगाह-कृष्ण जन्मभूमि मामले को लेकर मथुरा की अदालतों में भी ऐसी ही न्यायिक प्रक्रिया चल रही है। ऐसा प्रतीत होता है कि हिंदुत्व ताकतों की रणनीति अपने हितों को आगे बढ़ाने के लिए क़ानूनों का दुरूपयोग करना है।

न्यायिक सहूलियत हासिल करने के बाद, उचित समय पर, न्यायेतर तरीकों से जमीनी हकीकत को बदला जा सकता है। यह सर्वोच्च न्यायालय का काम है कि वह शरारत को शुरू में ही खत्म कर दे और 1991 के कानून को लागू करे जिसे उसने अयोध्या मामले की सुनवाई के क्रम में स्वयं ही स्पष्ट रूप से अनुमोदित किया था।

गांधी को गायब करने की साजिश

■ रमाकांत नाथ

फिर से हमला हुआ है और इस बार निशाने पर हैं, 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान।' उत्तरप्रदेश के वाराणसी स्थित ये दोनों गांधीवादी संस्थाएं आखिरकार केंद्र और राज्य सरकारों की असहिष्णुता का शिकार हो ही गईं। 1999 से शुरु हुई गांधी दर्शन को ख़त्म करने की कोशिश 22 जुलाई' 23 को गांधी-विनोबा-जयप्रकाश के दर्शन की हत्या के साथ पूरी हो गई। 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' की लगभग 5 लाख किताबें और अन्य फर्नीचर सड़कों पर फेंक दिये गये। वहां कई वर्षों से रह रहे गांधी के अनुयायियों, स्वतंत्रता सेनानियों को विस्थापित किया गया। 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' समेत 4 संग्रहालयों और करीब 84 आवासों पर यह हमला दरअसल एक सुनियोजित साजिश है।

गौरतलब है कि 30 जनवरी, 1948 को गांधीजी की मृत्यु के बाद, 'सर्वोदय' दर्शन का प्रचार करने के लिए 'सर्व सेवा संघ' यानी 'अखिल भारतीय सर्वोदय मंडल' नामक संगठन का गठन किया गया था। राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद के संरक्षण में बनी यह संस्था पूरे देश में काम कर रही है। 1960 में विनोबा भावे की सलाह पर राजघाट, वाराणसी में ही 'सर्व सेवा संघ' का प्रकाशन कार्य प्रारम्भ किया गया। इसी तरह, जयप्रकाश नारायण, नवकृष्ण चौधरी और आचार्य नरेंद्र देव ने वहां 'गांधी विद्या संस्थान' की स्थापना की थी।

> **यहां 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के साथ-साथ 'सर्वोदय जगत' पत्रिका के कार्यालय, आचार्य विनोबा हाउस, जया-प्रभा पुस्तकालय आदि भी हैं। जयप्रकाश नारायण ने अपनी पत्नी प्रभावती देवी के साथ यहां लंबा समय बिताया था। कई गांधीवादियों ने अपना बचपन और युवावस्था यहीं बिताई। 'वैकल्पिक तकनीक' के विचारक ईएफ शूमाकर ने अपनी प्रसिद्ध किताब 'स्मॉल इज ब्यूटीफुल' यही बैठकर लिखी।**

असल में 1999 से ही भाजपा सरकार ने गांधी दर्शन को खत्म करने की कोशिश की थी। उस समय गांधी-विनोबा-जयप्रकाश विचार की लगभग 10 पत्रिकाओं का प्रकाशन-लाइसेंस केंद्र सरकार ने रद्द कर दिया था। देश में विभिन्न भाषाओं में प्रकाशित सैकड़ों गांधीवादी पत्रिकाओं में से 10 पत्रिकाओं के लाइसेंस रद्द करने के पीछे की योजना इन पत्रिकाओं के माध्यम से प्रचारित गांधीवादी विचारधारा को नुकसान पहुंचाना था। ओडिशा से प्रकाशित होने वाली ओडिया भाषा की 'सर्वोदय' और अंग्रेजी भाषा की 'विजिल' पत्रिकाओं के लाइसेंस भी रद्द कर दिए गए।

मैं तब 'सर्वोदय' पत्रिका के संपादक और 'विजिल' पत्रिका के प्रबंध संपादक के रूप में कार्यरत था। इन दोनों पत्रिकाओं की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ ओडिशा हाईकोर्ट में मनमोहन चौधरी ने केस दायर किया गया था और उनकी मृत्यु के बाद मुझे उस केस में पक्षकार बनना पड़ा। हमारी ओर से वरिष्ठ वकील समरेश्वर मोहंती केस लड़ रहे थे। हाईकोर्ट का अंतरिम फैसला हमारे पक्ष में गया। कोर्ट ने केंद्र सरकार की आलोचना करते हुए रद्दीकरण आदेश पर रोक लगा दी।

इसके बाद केंद्र सरकार ने उत्तरप्रदेश में 'गांधी विद्या संस्थान' को बंद करने की योजना बनाई। केंद्र के आदेश पर उत्तरप्रदेश की भाजपा सरकार ने 'गांधी विद्या संस्थान' को मिलने वाला अनुदान रोक दिया था। 'गांधी विद्या संस्थान,' जो गांधीवादी विचारों का एक अनुसंधान केंद्र था, को बंद करने और गांधी के दर्शन को दफन करने की योजना बनाई गई, लेकिन केंद्र सरकार की यह योजना भी तब सफल नहीं हो सकी। उत्तरप्रदेश में भाजपा के बाद सोशलिस्ट-पार्टी की सरकार बनी, उसने तुरंत 'गांधी विद्या संस्थान' को पिछले सभी बकाया अनुदानों का भुगतान कर दिया और अनुदान पहले की तरह जारी रखा।

विफल होने के बाद, केंद्र सरकार ने वाराणसी में 'गांधी विद्या संस्थान' सहित 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' को बंद करने की योजना बनाई। उत्तर रेलवे द्वारा लगभग 8 एकड़ के क्षेत्र को खाली करने के लिए एक नोटिस जारी किया गया, लेकिन 2004 में बीजेपी सरकार के पतन के बाद यूपीए सरकार ने इस नोटिस को नजरअंदाज कर दिया। बाद में भाजपा सरकार के नोटिस को केंद्र सरकार, उत्तरप्रदेश सरकार और रेलवे ने दोबारा उजागर करके भाजपा की पिछली योजना को सफलतापूर्वक लागू कर दिया।

'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' ने रेलवे के नोटिस के खिलाफ इलाहाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया और कानूनी सहारा लिया। इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन से रिपोर्ट मांगी और वाराणसी जिला प्रशासन ने रिपोर्ट दी कि जिस जमीन पर 'गांधी विद्या संस्थान,' 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' काम करता है वह उत्तर रेलवे की है। इसके खिलाफ 'गांधी विद्या संस्थान,' 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' सुप्रीम कोर्ट गये, लेकिन सुप्रीम कोर्ट में केंद्र सरकार की दलील उत्तर रेलवे के पक्ष में गई और जमीन से संबंधित सभी दस्तावेजों को अस्वीकार्य दिखाए जाने के कारण सुप्रीम कोर्ट ने मामले को खारिज कर दिया।

यहां 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के साथ-साथ 'सर्वोदय जगत' पत्रिका के कार्यालय, आचार्य विनोबा हाउस, जया-प्रभा पुस्तकालय आदि भी हैं। जयप्रकाश नारायण ने अपनी पत्नी प्रभावती देवी के साथ यहां लंबा समय बिताया था। कई गांधीवादियों ने अपना बचपन और युवावस्था यहीं बिताई। 'वैकल्पिक तकनीक' के विचारक ईएफ शूमाकर ने अपनी प्रसिद्ध किताब 'स्मॉल इज ब्यूटीफुल' यही बैठकर लिखी। आरोप है कि सरकार जमीन पर कब्जा कर उसे कॉरपोरेट माफिया को सौंपने की योजना बना रही है। इस संबंध में 'समाजवादी जन परिषद' से जुड़े अफलातून देसाई कहते हैं, 'प्रशासन मनमाने ढंग से काम कर रहा है। अगर कार्रवाई हुई तो मैं देशभर में सत्याग्रह करूंगा।'

इसी तरह जेएनयू के पूर्व प्रोफेसर आनंद कुमार ने एक वीडियो जारी कर कहा कि इसे भारत के इतिहास की सबसे शर्मनाक घटना के तौर पर याद किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'सर्व सेवा संघ' और 'गांधी विद्या संस्थान' के प्रकाशनों को जब्त करने के लिए पुलिस अपने दल-बल के साथ पहुंची है और बलपूर्वक इस महत्वपूर्ण संस्थान को सरकार के हाथों में लेने की कोशिश कर रही है। यह गांधी और जेपी की विरासत पर सीधा हमला है।'

'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' गांधी साहित्य प्रचार पर काम कर रहा है, जबकि 'गांधी विद्या संस्थान' गांधी दर्शन पर शोध कर रहा है। इन दोनों संस्थाओं को ज़रूरत के समय ख़त्म करने की सत्ताधारी पार्टी की कोशिश बेहद चिंताजनक है। यदि काशी रेलवे स्टेशन के विस्तार के लिए वाराणसी में वह स्थान आवश्यक है तो 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के लिए अन्यत्र ऐसी ही व्यवस्था कर उन दोनों संस्थानों को वहां से हटाया जा सकता था, लेकिन वैसा नहीं हुआ।

आखिर 2003 में फेल हुई केंद्र सरकार की योजना अब कैसे सफल हुई? इस बार केंद्र सरकार ने 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' के साथ गांधी दर्शन को दफन करने का सही समय ढूंढ लिया है। 'सर्व सेवा संघ प्रकाशन' और 'गांधी विद्या संस्थान' जैसी पवित्र संस्थाओं के पतन के लिए अंततः यही सत्ता और उसके पथभ्रष्ट लोग जिम्मेदार हैं।

(लेखक ओडिशा में पीथापुर, कटक स्थित वरिष्ठ पत्रकार

देशबन्धु
संस्कारधानी
5 बिलासपुर
शनिवार 5 अगस्त 2023

उल्टा पुल्टा

संता ने शौक शौक में उपवास रख लिया
संता- देख सूरज डूबा क्या?
बंता- अभी नहीं।

थोड़ी देर बाद उसने दोबारा पूछा
संता- देख डूबा के नहीं ?
बंता- नहीं डूबा।
संता- लगता है, ये आज मुझे साथ में ले के ही डूबेगा!!!

चोरों का अंतराज्यीय गिरोह पकड़ाया

सूने मकानों को बनाते थे निशाना, दो दर्जन मामले थानों में थे दर्ज

10 लाख के आभूषण सहित 70 हजार नकद बरामद

बिलासपुर , 4 अगस्त (देशबन्धु)। मंगला में अलका अवेनयू में तीन घरों में हुई चोरियों के मामले में पुलिस ने बड़ा खुलासा किया है। बिलासपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय चोर गिरोह को गिरफ्तार किया है तथा चोरी के आदतन अपराधियों को पकड़ने में सफलता पाई है। मध्य प्रदेश अनूपपुर, कोतमा के रहने वाले आदतन आरोपियों ने 31 जुलाई को अलका एवेन्यू के तीन घरों में चोरी की घटना को अंजाम दिया । इनमें से दो आरोपी 25 मामलों में जेल जा चुके हैं और यहां बिलासपुर में पेशी में आरोपियों ने यहां सूने घर को निशाना बनाया था।

पुलिस ने बताया कि प्रार्थी डॉ. सुरेश सिह पवार पिता श्री स्व. श्री उदय सिंह पवार निवास अल्का एवेन्यू मकान नंबर सी 22 जो शासकीय बिलासा कन्या महाविद्यालय बिलासपुर में क्रीडा अधिकारी के पद पर पदस्थ है। 29 जुलाई को शाम करीब 5 बजे अपने परिवार सहित घर में ताला बंद करके रायपुर गये थे जहां से 31 जुलाई को सुबह 10.30 बजे घर पहुॅचकर देखे कि बाऊंड्री के गेट में लगा ताला बंद था । जिसे खोलकर अंदर घुसे तो घर के मेन गेट के दरवाजा का ताला टूटा हुआ था। अंदर दाखिल होने पर बेडरूम जाकर देखे तो सामान सब अस्त ब्यस्त बिखरा हुआ पडा था। आलमारी को तोडकर खोले थे जिसके अंदर रखे सोने चांदी के जेवरात एवं नगदी रकम 50 हजार रूपये को किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी प्रकार प्रार्थी अभिजीत वर्मा पिता शिवकुमार वर्मा निवासी अल्का एवेन्यू मकान नंबर सी 12 के पडोसी आकाश सिंह एवं अजय शंकर त्रिपाठी के मकान का ताला तोडकर अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण में एक ही रात्रि में 03 सूने मकानो में सिलसिलेवार चोरी की घटना की गंभीरता को देखते हुये थाना प्रभारी सिविल लाईन निरीक्षक परिवेश तिवारी एवं ए.सी.सी.यु. प्रभारी निरीक्षक धमेन्द्र वैष्णव के नेतृत्व में में टीम गठित कर चोरी के अज्ञात आरोपीयों को पकड़ने एवं चोरी गए मशरूका की बरामदगी हेतु अलग अलग क्षेत्र में टीम रवाना किया गया था। पुलिस टीम द्वारा लगातार घटना स्थल एवं आस-पास सी.सी.टी.वी. फुटेज खंगाला गया तथा घटना स्थल से प्राप्त सी.सी.टी.वी फुटेज जिसमें 04 आरोपी का चोरी की घटना को अंजाम देते हुये दिख रहे थे । उक्त सी.सी.टी.वी. फुटेज को सोशल मिडीया के माध्यम से छत्तीसगढ एवं मध्य प्रदेश में प्रसारित किया गया। उक्त सी.सी.टी.वी.फुटेज में दिख रहे शातिर चोरो को मनेन्द्रगण जिले के आरक्षक प्रमोद यादव के द्वारा आदतन शातिर चोर सोनू साहू, लक्की शर्मा, शिवम मानिकपुरी एवं अजय केंवट के रूप में पहचान किया गया तथा सभी शातिर चोरो को कोतमा के एक लॉज में छुपे होने की सूचना दी गई । उक्त सूचना की तस्दीक हेतु थाना सिविल लाईन एवं ए.सी.सी.यु. की संयुक्त टीम तैयार कर तत्काल कोतमा रवाना किया गया। बताये गये पते पर जाकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही किया गया। जो लॉज में शातिर आदतन चोर सोनु साहू, लक्की शर्मा एवं अजय केंवट मिले तथा लॉज में ही उनके साथ दो अन्य व्यक्ति मिले जिन्हे हिरासत में लेकर कडाई से पुछताछ किया गया । पुछताछ पर आरोपीयों ने घटना कारित करना स्वीकार किया तथा बताये कि सोनू साहू और लक्की शर्मा का बिलासपुर में पुर्व अपराध में पेशी होने से आरोपी सोनू साहू द्वारा अपने अन्य साथीयो को साथ लेकर पेशी में जाने एवं बिलासपुर क्षेत्र में ही चोरी की योजना बनाकर निकले थे जो योजना के मुताबिक 31 जुलाई को पेशी के बाद उसलापुर अल्का एवेन्यु जाकर रेकी करना और प्लॉन तैयार कर चारो आरोपीयो द्वारा मध्य रात्रि को तीन सूने मकानो का ताला तोडकर चोरी करना स्वीकार किये तथा चोरी से प्राप्त सोने के आभूषणो को एक्सिस बैंक से गोल्ड लोन लेना तथा अपने दो अन्य साथीयों मनीष कोल एवं विनोद यादव के नाम पर एक्सिस बैंक से गोल्ड लोन लेना बताये तथा कुछ रूपये को आपस में बांट लेना बताये आरोपीयों की निशानदेही पर एक्सिस बैंक से चोरी किये गये सोने के आभूषणो को जप्त किया गया है तथा सभी आरोपीयों से नगदी रकम 70000 रू एवं एक नग एल.ई0डी. टी.वी. तथा 02 नग मोटर सायकल बरामद कर जप्त किया गया है आरोपीयो द्वारा यह भी बताया गया। कि आरोपीयों ने पुर्व में मध्य प्रदेश के कटनी, शहडोल, अमलई थानो में भी चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है जिस पर थाना कटनी में अपराध क्रमांक /2023 धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. थाना सोहागपुर शहडोल में अपराध क्रमांक 317/2023 धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. पंजीबद्ध है। प्रकरण के आरोपी सोनू साहू के विरूद्ध थाना कोतमा बिजुरी मनेन्द्रगण एवं आर.पी.एफ. में चोरी के 15 अपराध तथा लक्की उर्फ सोनू शर्मा के विरूद्ध थाना मनेन्द्रगण, बिजुरी, कोतमा में चोरी के 12 अपराध पंजीबद्ध है, आरोपी सोनू साहू एवं लक्की शर्मा दोनो आरोपी वर्ष 2019 में थाना सिविल लाईन के अपराध क्रमांक 106/19 धारा 457, 380 भा.द.वि. तथा बिलासपुर जिले के अन्य 07 चोरी के मामले में चालान हो चुके है। सभी आरोपीयो को धारा 457, 380, 34 भा.द.वि. के आरोप में गिरफ्तार किया गया है आरोपीयो को न्यायालय पेश किया जाता है।

कृषि केंद्रों में नियमों का उल्लंघन किये जाने पर नोटिस जारी

■ कलेटर के निर्देश पर हुई कार्रवाई

बिलासपुर , 4 अगस्त (देशबन्धु) । कलेक्टर संजीव कुमार झा के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा खरीफ 2023 में जिले के किसानों को गुणवत्तायुक्त बीज, उर्वरक एवं कीटनाशक की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए विभिन्न कृषि आदान-सामग्री विक्रय प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान 5 प्रतिष्ठानों में नियमों का उल्लंघन एवं गड़बड़ी पाये जाने पर उन्हें नोटिस जारी कर कड़ी चेतावनी दी गई। उप संचालक कृषि पी.डी. हथेश्वर के मार्गदर्शन में उर्वरक, कीटनाशक एवं बीज निरीक्षक श्री आर.एस. गौतम द्वारा यह कार्यवाही की गई। इस दौरान सेवा सहकारी समिति, मोपका में उर्वरक लाईसेंस की अनुज्ञप्ति कार्यालय में उपलब्ध नहीं होने एवं मूल्य सूची प्रदर्शित नहीं होने पर नोटिस दिया गया। में. कौशिक कृषि केन्द्र, हरदीकला में कीटनाशक एवं बीज विक्रय में निर्धारित बिल एवं स्टाक पंजी संधारित नहीं करने एवं मे. लक्ष्मी खाद भंडार, हरदीकला के द्वारा कीटनाशक बिक्री में निर्धारित बिल बुक, स्टाक पंजी एवं मूल्य सूची नहीं लगाने पर कारण बताओ नोटिस जारी कर नियमों का पालन सुनिश्चित करने को कहा गया। नियमों का पालन नहीं करने पर लायसेंस निलंबन की कार्यवाही हेतु चेतावनी दी गई। इसी तरह शनिचरी बाजार स्थित में. नवीन कृषि केन्द्र एवं मे. गोयल कृषि केन्द्र के द्वारा भी कीटनाशक बिक्री में निर्धारित बिल बुक एवं स्टाक पंजी का संधारण नहीं किए जाने के फलस्वरूप नियमों के पालन हेतु 3 दिवस का समय देकर नोटिस जारी करते हुए लायसेंस निलंबन हेतु कड़ी चेतावनी दी गई।

पुनर्गठित मौसम आधारित फसलों का बीमा 16 अगस्त तक

बिलासपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु) । उद्यानिकी फसल उत्पादन कर रहे किसानों के लिए टमाटर, बैगन, अमरूद, केला, पपीता, मिर्च एवं अदरक के लिये खरीफ वर्ष 2023 अंतर्गत पुनर्गठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना छत्तीसगढ़ सरकार के सहयोग से भारतीय कृषि बीमा कंपनी के द्वारा संचालित की जा रही है।

उप संचालक उद्यानिकी से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के इच्छुक ऋणी एवं अऋणी कृषक 16 अगस्त 2023 तक निकटतम राष्ट्रीय बैंक शाखा, क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक, जिला सहकारी बैंक, प्राथमिक सहकारी समितियों, लोक सेवा केन्द्र, भारत सरकार की बीमा पोर्टल अथवा डाक विभाग के माध्यम से फसल बीमा करा सकते है। योजना के संबंध में अधिक जानकारी के लिए उद्यानिकी विभाग में कार्यरत अधिकारियों एवं बीमा कंपनी के प्रतिनिधि से संपर्क किया जा सकता है। इस हेतु बीमा कंपनी के प्रतिनिधि श्री थानेश्वर साहू मो0न0 99071-22727, बिल्हा में उद्यानिकी विभाग के वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री अशोक कुमार परस्ते 94796-19829, तखतपुर में उद्यान विकास अधिकारी श्री जेनेन्द्र कुमार पैंकरा 62659-81957, कोटा में वरिष्ठ उद्यान विकास अधिकारी श्री साधूराम नाग 91654-90297 एवं मस्तूरी में प्रभारी उद्यान अधीक्षक श्री आरके जगत 80852-80923 से संपर्क कर अधिक जानकारी ली जा सकती है।

सार-संक्षेप

छत्तीसगढ़ की बेटियां हर क्षेत्र में आगे- अंकित

बिलासपुर , 4 अगस्त (देशबन्धु)। बेलतरा ग्राम पंचायत बैमा शासकीय हाई स्कूल में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमी की बालिकाओं को निशुल्क साइकिल वितरण किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरुआत विद्या की देवी मां सरस्वती के छाया चित्र में दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा स्वागत में मनमोहक गीत प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला पंचायत के सभापति अंकित गौरहा ने अपने संबोधन में कहा कि राज्य सरकार की महती योजना से बालिकायें के शिक्षा के क्षेत्र में प्रोत्साहित हुई हैं। उच्च शिक्षा ग्रहण करने में आवागमन अब बाधक नहीं होगी साधन के साथ-साथ समय की बचत भी होगी। नतीजा आज राज्य में बालिकाएं शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने आगे बताया कि विद्या अर्जित करने के साथ-साथ विद्यार्थियों को संस्कारवान होना भी जरूरी है गुरुजनों के प्रति हमेशा सम्मान बनाए रखना चाहिए अनुशासित विद्यार्थी साधन के अभाव में भी कामयाबी के शिखर पर पहुंच सकता है।राज्य शासन ने कई महत्वपूर्ण योजनाएं संचालित की है जिसके माध्यम से छत्तीसगढ़ प्रदेश के शिक्षा के स्तर में काफी सुधार हुआ है और छत्तीसगढ़ की बेटियां हर क्षेत्र में आज आगे बढ़ रही हैं। इस अवसर पर सरपंच प्रतिनिधि दीपक नायक,शाला विकास समिति के अध्यक्ष धर्मेंद्र शास्त्री,अशोक शास्त्री, सचिन धीवर,प्रवीण शर्मा शैलेष चौबे,प्रताप पटेल, बी.डी.दिवाकर,गणेश प्रसाद चतुर्वेदी,सुरेंद्र यादव, नीलकमल दिवाकर,प्रमोद पटेल,मनहरण केशरवानी व छात्राएं सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जन मौजूद रहे।

मनवा कुर्मी महिलाओं ने मनाया सावन उत्सव

बिलासपुर , 4 अगस्त (देशबन्धु)। मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई बिलासपुर के सामाजिक महिलाओं द्वारा सावन उत्सव के अवसर पर विवेकानंद उद्यान में हरा-भरा हाउजी, वन मिनट गेम का आयोजन स्पे सामूहिक नृत्य का प्रस्तुतीकरण कर हर्षोल्लास के साथ मनोरंजन कर आनंद लिया गया। उत्सव में श्रीमती उषा वर्मा, राधावर्मा, ज्योति वर्मा, सीमा कश्यप, सरिता, मनीषा नायक, रश्मि वर्मा, शकुंतला, आशा, मधु, जता, संशीला, सरस्वती, सत्या, रात्री, निर्मला, पुष्पलता, संतोषी, विश्वाक्षमी, प्रेमजाता, मिथलेश, पुण्पा एवं अर्चना वर्मा की उपस्थिति सराहनीय रही।

भाजपा सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही-शैलेष

कांग्रेस भवन में सत्यमेव जयते के लगे नारे

राहुल गांधी की सजा पर रोक, कांग्रेसजनों ने पटाखे फोड़े मिठाईयां बांटी

बिलासपुर , 4 अगस्त (देशबन्धु)। सुप्रीम कोर्ट के द्वारा राहुल गांधी के 2 साल की सजा पर रोक लगाने के बाद आज कांग्रेसजनों ने कांग्रेस भवन में जमकर खुशियां मनाई। पटाखे फोड़े मिठाई बांटी और न्यायपालिका पर भरोसा जताते हुए कहा कि न्याय सबके लिए है और आज सुप्रीम कोर्ट ने निचली कोर्ट की सजा पर रोक लगाते हुए लगाते हुए राहुल गांधी की लोकसभा में जाने का मार्ग प्रशस्त कर दिया है। सत्यमेव जयते के नारे भी लगाए गए।

शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे ने कहा है कि कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की सजा पर रोक लगने के बाद अब वे सदन मे देश की जनता की आवाज को रख सकेंगे। उन्होंने कहा है कि भाजपा की दमनकारी नीति को सभी जानते हैं राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त करने के लिए भाजपा ने कुत्सित प्रयास किया लेकिन सफल नहीं हो पाए। आज कांग्रेस भवन में खुशियां मनाई तथा कांग्रेस जनो ने सत्यमेव जयते के नारे लगाए। विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि संविधान में हम सबको अधिकार है देश के प्रधानमंत्री से सवाल पूछने का। देश के हर नागरिक को अपनी बात रखने का अधिकार है। आज देश में क्या स्थिति है लोग महंगाई से परेशान हैं। देश के युवाओं को केंद्र की सरकार रोजगार नहीं दे पा रही है। और सदन में देश की जनता की आवाज राहुल गांधी ने उठाई। राहुल गांधी ने कोई अपशब्द प्रधानमंत्री के लिए नहीं कहे भाजपा की सरकार लोकतंत्र की हत्या कर रही है। आज सुप्रीम कोर्ट के प्रति आभार जताते हुए विधायक शैलेश पांडे ने कहा है कि यह राहुल गांधी के साथ ही देश की जनता की बड़ी जीत है। आज सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा सदस्य को लेकर राहुल गांधी को बड़ी राहत दी है। महापौर रामशरण यादव ने कहा है कि राहुल गांधी कांग्रेस के अंतिम पंक्ति के नेता है जब राहुल गांधी यात्रा कर रही थे तो मोदी सरकार हिल गई और राहुल भरोसा है। गांधी की लोकसभा से सदस्यता समाप्त करने के लिए प्रयास किया गया। आज कांग्रेस के साथ ही देश की जनता के लिए खुशी का दिन है। आज कांग्रेस जनों ने पटाखे फोड़ कर मिठाई बाटी । कांग्रेस भवन में जिला शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विजय पांडे, विजय केसरवानी, महापौर रामशरण यादव, जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के अध्यक्ष प्रमोद नायक जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान सभापति शेख नजीरूद्दीन ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन, अरविंद शुक्ला, मोती थारवानी विनोद साहू एमआईसी सदस्य सीताराम जयसवाल राजेश शुक्ला अजय यादव, रविंद्र सिंह मनीष गढ़वाल, राकेश शर्मा, समीर अहमद, काशी रात्रे, तजम्मूल हक, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष आसीफ खान, रमजान गौरी, युवा कांग्रेस के पदाधिकारी राजू यादव, शेरू असलम, अर्जुन सिंह, मोहम्मद अयाज के अलावा महिला कांग्रेस के अध्यक्ष पिंकी बत्रा सीमा धितेस, ऋषि पांडे सुभाष ठाकुर विनय वैद्य, मार्केट बेंजामिन एवं विभिन्न प्रकोष्ठ के पदाधिकारी मौजूद थे। ब्लॉक अध्यक्ष जावेद मेमन ने कहा है कि देश के इतिहास को बदलने की साजिश केंद्र सरकार द्वारा की जा रही है। केंद्र की गलत नीतियों से देश की जनता परेशान है और भाजपा के विरोधी पार्टियों को नुकसान करने की साजिश भाजपा द्वारा की जा रही है। केंद्र की सरकार बदले की भावना से राजनीति कर रही है। लेकिन भाजपा के मंसूबे सफल नहीं होंगी। कांग्रेस देश की सबसे बड़ी पार्टी है और देश की जनता को कांग्रेस पर भरोसा है।

आई फ्लू को हराने मितानिन घूम रहीं घर-घर, सर्वे के साथ कर रहीं जागरूक

बिलासपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में बच्चे, युवा व बुजुर्ग सभी वर्ग के लोग आई फ्लू के चपेट में आ रहे हैं। संक्रमण को रोकने के लिए जमीन स्तर पर मितानिनों की टीम जुटी हुई है। मितानिन घर-घर घूम रही हैं। सामान्य लक्षण वाले मरीजों को तुरंत दवाई दे रही हैं। साथ ही उनका इलाज भी कर रही हैं। इसके अलावा दस दिनों तक नियमित मरीज की मानिटरिंग भी करती हैं। इसके अलाव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के डाक्टर भी संक्रमण की चेन तोड़ने मैदानी स्तर पर काम कर रहे हैं। जिले में शहरी व ग्रामीण क्षेत्र के करीब दो हजार से ज्यादा मितानिन वर्तमान में गली-मोहल्लों में आई फ्लू को रोकने में अहम भूमिका निभा रही हैं। संकट की घड़ी में ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिनों व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी और बढ़ गई है। फ्लू शहरी क्षेत्रों के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में भी फैला है। ऐसी स्थिति में संक्रमण की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में मितानिन कार्यकर्ता डटकर अपना कार्य कर रही हैं, वह सराहनीय है। ग्रामीणों को मितानिन व संक्रमण के लक्षण के बारे में जागरूक कर रही हैं।

गौरतलब हो कि जिले में मौसमी बीमारियों के साथ-साथ आई फ्लू का प्रकोप फैला हुआ है। जिसकी चपेट में शहरवासी आ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग द्वारा और नगर निगम द्वारा हर वार्डों में शिविर लगाकर लोगों की जांच की जा रही है। इसके साथ ही उन्हें नि:शुल्क दवाईयों का वितरण भी किया जा रहा है। ताकि मरीजों की संख्या को कम किया जा सके। अस्पतालों में मरीजों की लंबी कतारें लग रही हैं। इसीलिए हर वार्डों में कैंप लगाकर मरीजों का इलाज किया जा रहा है।

मुखबिरी का आरोप लगाकर आदतन बदमाश ने कबाड़ी की कर दी पिटाई

बिलासपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। पुलिस की मुखबिरी का आरोप लगाकर आदतन बदमाश ने कबाड़ी दुकान में काम करने वाले युवक की पिटाई कर दी। मारपीट से घायल ने घटना की शिकायत पर पुलिस ने जुर्म दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। सिविल लाइन क्षेत्र के ओमनगर सुलभ कांप्लेक्स के पास रहने वाले आकाश टंडन कबाड़ी की दुकान में काम करते हैं। गुरुवार की रात करीब 11 बजे वे पेट्रोल लेने के लिए रिंग रोड की ओर गए थे। रिंग रोड स्थित पेट्रोल पंप से लौटते हुए वे दिलीप ढाबा के पास पहुंचे थे। इसी दौरान ढाबा संचालक दिलीप बंजारे ने आकाश को रोक लिया। उसने पुलिस से मुखबिरी का आरोप लगाते हुए आकाश से गाली-गलौज की। इसका विरोध करने पर उसने लोहे के राड से मारपीट की। इसकी जानकारी होने पर राजा ठाकुर बीच-बचाव करने आया। इस पर उसने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर राजा की भी पिटाई कर दी। मारपीट से आकाश के सिर में चोट आई है। वहीं, राजा को भी चोटे आई। इस दौरान दिलीप और उसके दोस्तों ने आकाश के दोस्त दीपक सोनी की बाइक में भी तोड़फोड़ की। मारपीट से बचकर आकाश और राजा किसी तरह जान बचाकर भागे।

नौकरी के बहाने बुलाकर बेरोजगारों को धकेला सट्टे के कारोबार में, 5 गिरफ्तार

बिलासपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। डाटा एंट्री और एकाउंटिंग के बहाने बुलाकर बेरोजगारों को सट्टे के काम में धकेलने वाले पांच लोगों को तारबाहर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आनलाइन महादेव व अन्ना रेड्डी सट्टे के सरगना को पुलिस ने दिल्ली से गिरफ्तार किया है। उससे मिली जानकारी के आधार पर चार अन्य लोगों को पकड़कर पुलिस ने 10 मोबाइल, तीन लैपटाप, एटीएम और अन्य सामान जब्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की है।

एसपी संतोष सिंह ने बताया कि पुलिस की टीम आनलाइन महादेव व अन्ना रेड्डी सट्टे के एप पर नजर रखे हुए थी। इसी दौरान पता चला कि वाट्सएप नंबर से शहर में सट्टा चलाया जा रहा है। तारबाहर थाना प्रभारी मनोज नायक और उनकी टीम ने जांच की तो पता चला कि नंबर दिल्ली के उत्तम नगर में सक्रिय है। टीम ने दिल्ली में दबिश देकर रमेश सिंह (23 निवासी बराड़ी न्यू दिल्ली को पकड़ लिया। पूछताछ में पुलिस को पता चला कि रायपुर के स्वर्णभूमि कालोनी में रहने वाला सनी पृथ्वानी (39) पूरे गिरोह का मास्टर माइंड है। वह बेरोजगार युवकों को डाटा एंट्री और एकाउंटिंग के बहाने अपने पास बुलाता था इसके बाद उन्हें सट्टे के काम में ज्यादा कमाई का लालच देकर अवैध काम में लगा देता। जांच के बाद पुलिस ने जिले में सट्टा चलाने वाले तीन और लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपित के कब्जे से 10 मोबाइल, तीन लैपटाप, एटीएम और अन्य सामान जब्त कर छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है। सनी पृथ्वानी 39 वर्ष निवासी स्वर्णभूमि रायपुर विनय भगत (30) निवासी जशपुर छत्तीसगढ़ रमेश सिंह(23) निवासी बराड़ी न्यू दिल्ली मनेश्वर भगत (24) निवासी खुटगांव, जशपुर छत्तीसगढ़ मोंटू रवानी (35) निवासी भानस बिनोरा रोहतास बिहार को गिरफ्तार किया गया है। आनलाइन सट्टे के कारोबार का पर्दाफाश करने वाली टीम में तारबाहर थाना प्रभारी मनोज नायक, एसआइ संजय बरेठ, एएसआइ ढोलाराम मरकाम, ओंकार बंजारे, आरक्षक मुरली भारद्वाज, संदीप शर्मा, सतीश यादव, सरफराज खान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सार-संक्षेप

मिशन इन्द्रधनुष का पहला चरण अब 21 से 26 अगस्त तक

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। टीकाकरण सुदृढिक़रण एवं मीजल्स एवं रूबेला वैक्सीन की डोज से छूटे हुए, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं को टीकाकृत किए जाने हेतु मिशन इंद्रधनुष अभियान का प्रथम चरण 07 से 12 अगस्त तक चलाया जाना था। अपरिहार्य कारणों से पूर्व निर्धारित सघन मिशन इन्द्रधनुष 5.0 की तिथयों में संशोधन किया गया है। अब निम्नानुसार दिवसों पर आयोजित किया जाएगा। प्रथम चरण 21 से 26 अगस्त, द्वितीय चरण 20 से 26 सितंबर (रविवार को छोडक़र) तथा तृतीय चरण 25 से 31 अक्टूबर (रविवार को छोडक़र) आयोजित किया जाएगा। जिसमें विभिन्न बीमारियों से बचाव हेतु टीकाकरण किया जाएगा।

कलेक्टर सौरभ कुमार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वा. अधिकारी डॉ.एस.एन. केशरी ने जिले के जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों-कर्मचारियों तथा पात्र लाभार्थियों के पालकों से अपील किए हैं कि इस अभियान को सफल बनाने के लिए 0 से 5 वर्ष तक के आयु अनुसार बच्चों को, वैक्सीन से छूटे हुए बच्चों, लेफ्ट आउट, ड्राप आउट लाभार्थियों तथा गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण कराएं। जिससे गर्भवती महिलाओं को गंभीर बीमारियों के साथ ही शिशुओं को वैक्सीन से रोकी जा सकने वाली विभिन्न बीमारियों से बचाव हो सके।

श्रीकांत कोरबा एसडीएम, मनीष नए तहसीलदार

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार किए जा रहे तबादलों की कड़ी में कोरबा जिला भी प्रभावित हुआ है। यहां पदस्थ विभिन्न विभागों के अधिकारियों का तबादला की कड़ी में कोरबा एसडीएम सीमा पात्रे भी प्रभावित हुई है। हालांकि कलेक्टर सौरभ कुमार ने प्रभार संभालने के बाद विभागीय कामकाज में कसावट लाने के लिए सीमा पात्रे को उप जिला निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया है। रिक्त हुए एसडीएम के पद पर श्रीकांत वर्मा की पदस्थापना की गई है। श्री वर्मा जो कि संयुक्त कलेक्टर हैं, उनका तबादला हाल ही में बिलासपुर से कोरबा के लिए हुआ है।

इसी कड़ी में तहसीलदारों की भी पदस्थापना में फेरबदल कलेक्टर द्वारा किया गया है। शासन के तबादला से प्रभावित होकर दीगर जिलों से कोरबा आए तहसीलदारों ने अपनी ज्वाइनिंग दे दी है। इसके पश्चात उनकी नियुक्ति कलेक्टर द्वारा की गई है। इसके तहत मनीष देव साहू कोरबा तहसीलदार होंगे। भूषण सिंह मंडावी कटघोरा, राजेन्द्र भगत दर्री, लीलाधर ध्रुव पसान, सत्यपाल प्रताप राय करतला, किशोर शर्मा पोड़ी-उपरोड़ा के तहसीलदार होंगे। दर्री के तहसीलदार कृष्ण कुमार लहरे को भैंसमा का तहसीलदार नियुक्त किया गया है। सभी प्रभावित तहसीलदारों को तत्काल प्रभाव से कर्तव्य पर उपस्थित होते हुए अवगत कराने के निर्देश दिए गए हैं।

प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना में पहले संतान पर दो किस्तों में मिलेगी राशि

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। जिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती प्रीति खोखर चखियार एवं जिला महिला एवं बाल विकास अधिकारी गजेन्द्र देव सिंह की उपस्थिति में विश्व स्तनपान पखवाड़ा सह प्रधानमंत्री मातृत्व योजना पखवाड़ा पर विशेष कार्यशाला आयोजित की गई। समस्त परियोजना अधिकारियों एवं पर्यवेक्षकों को 1 से 15 अगस्त तक आयोजित होने वाले विशेष अभियान चलाकर शिशुवती माताओं को जागरूक करने कहा गया।

शासन के निर्देशानुसार थीम ''इनेबलिंग ब्रेस्टफिडिंग मेकिंग ए डिफरेंस फॉर वर्किंग पेरेंट्स'' पर चर्चा किया गया, जिसके अंतर्गत मुख्य रूप बच्चे के जन्म के 01 घण्टे के भीतर बच्चे को स्तन पान कराने संबंधी शिक्षा एवं 06 माह तक केवल स्तनपान कराने पर विशेष बल दिया गया। प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के तहत प्रथम संतान पर पहले 3 किस्तों पर 5000 रुपए की राशि हितग्राही के खातों में सीधे आंतरित किया जाता था जिसे नवीन निर्देशानुसार अब 2 किस्तों में हितग्राही खाते में आंतरित किया जाएगा। साथ ही द्वितीय बालिका संतान के जन्म पर 6000 रुपए की राशि एकमुश्त हितग्राही के खाते में आंतरित किया जाएगा, जिसके पंजीयन हेतु 1 से 15 अगस्त तक पूरे जिले में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। परियोजनाओं को अधिक से अधिक पंजीयन हेतु लक्ष्य देकर कार्यशाला का समापन किया गया।

आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस पर औषधीय पौधों का वितरण

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। आचार्य बालकृष्ण के जन्मदिवस 4 अगस्त को जड़ी-बूटी दिवस के रूप में मनाया गया। पतंजलि युवा भारत के राज्य कार्यकारिणी सदस्य संजय कुर्मवंशी के मुख्य आतिथ्य व पतंजलि योगपीठ हरिद्वार के आजीवन सदस्य वैद्य डॉ. नागेन्द्र नारायण शर्मा की अध्यक्षता में पतंजलि युवा भारत के कोरबा जिला प्रभारी विनोद गुप्ता, उपाध्यक्ष नेत्र नंदन साहू, कोषाध्यक्ष इंद्र नारायण योग शिक्षक धर्मेंद्र सिंह यादव के विशिष्ट आतिथ्य में एवं श्री शिव औषधालय की संचालिका श्रीमती प्रतिभा शर्मा की विशेष उपस्थिति में पतंजलि चिकित्सालय निहारिका द्वारा 5000 से अधिक जड़ी-बूटी एवं औषधिय पौधों का निःशुल्क वितरण पतंजलि चिकित्सालय, निहारिका में किया गया। इस अवसर पर सिद्धराम शाहनी, राकेश इस्पात, नीती साहू ने सहयोग किया। कार्यक्रम का समापन के पूर्व आयुर्वेद मनीषी आचार्य बालकृष्ण की लम्बी आयु, स्वस्थ एवं सुखी जीवन के लिए सभी ने महामृत्युन्जय मन्त्र का 11 बार जाप डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा के निर्देशन में किया। शांन्ति पाठ के साथ कार्यक्रम को विराम दिया गया।

थाना प्रभारी मयंक मिश्रा को दी गई विदाई

कोरबा-हरदीबाजार, 04 अगस्त (देशबन्धु)। प्रेस क्लब हरदीबाजार द्वारा हरदीबाजार थाना के प्रथम प्रभारी मयंक मिश्रा को विदाई दी गई। हरदीबाजार थाना से बलरामपुर तबादला होने पर प्रेस क्लब के पदाधिकारियों व सदस्यों ने एसआई मयंक मिश्रा को स्मृति चिन्ह भेंट कर श्रीफल व शाल से सम्मान करते हुए मिठाई खिला कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान प्रेस क्लब के संरक्षक बाबूराम राठौर, जगदीश अग्रवाल, अध्यक्ष राजाराम राठौर, उपाध्यक्ष विनोद उपाध्याय, सचिव निलेन्द्र राठौर, प्रमोद राठौर उपस्थित थे।

पहला जल भराव भी नहीं सह सका, 46 लाख का जलाशय

वन विभाग ने कराया था निर्माण, मरम्मत की कोशिश जारी

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। पिछले 48 घंटे से जिले में हो रही लगातार बारिश से नदी-नाले पूरे उफान पर हैं तो जिले के प्रमुख बांध भरने के करीब आ चुके हैं। लगातार बारिश की वजह से वनांचल क्षेत्र में वन विभाग द्वारा तैयार किया गया एक जलाशय भी 2 दिनों की बारिश में लबालब हो गया और पानी छलक रहा था। लगातार बारिश और पानी के भराव से जलाशय का वेस्ट वियर का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया।

कोरबा वन मंडल के अंतर्गत आने वाले पसरखेत वन परिक्षेत्र के ग्राम सोलवां में वन विभाग द्वारा लाखों रुपए की लागत से एक जलाशय बनाया गया था। उक्त जलाशय बरसात में भरने के कारण दबाव को सहन नहीं कर पाया और एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। क्षतिग्रस्त हिस्से को तोडक़र पानी तेज गति से बहने लगा। इसकी जानकारी स्थानीय ग्रामीणों

के द्वारा वन विभाग को दी गई। स्थानीय वन कर्मियों ने अपने अधिकारियों को इसकी सूचना दी। वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों ने मौके पर पहुंचकर क्षतिग्रस्त हिस्से को सुधारने का प्रयास जारी रखा है। हालांकि यह तो जांच के बाद ही स्पष्ट होगा कि इसमें लापरवाही किसकी है। यदि जलाशय निर्माण में लापरवाही बरती गई है तो निश्चित तौर पर वन विभाग के अधिकारियों को इस मामले में कड़ी कार्रवाई करनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि लगातार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

65 लाख की लागत से हुआ है निर्माण

सोतवां में 65 लाख की लागत से उक्त जलाशय का निर्माण कराया था। यह जलाशय निर्माण कार्य पूर्ण होने के महज डेढ़ माह बाद 48 घंटे हुई बारिश से धराशाई हो गया। टूटे हुए हिस्से को बचाने के लिए तिरपाल का सहारा लिया जा रहा है। बता दें कि अमृत सरोवर योजना के नरवा विकास योजना अंतर्गत कैंपा मद से 65 लाख की स्वीकृति जलाशय निर्माण हेतु प्रदान की गई थी। वर्ष 2021-22 मई में स्वीकृत कार्य को फरवरी 2023 में ठेकेदार के माध्यम से शुरू कराया गया और मई में पूर्ण कर लिया। इस निर्माण की पोल बारिश ने खोल दी। फुलसरिया नाले पर निर्मित जलाशय में जलभराव होने पर निकासी के लिए बनाया गया नहर दबाव नहीं सह सका और पानी के तेज बहाव में नहर का पूरा स्ट्रक्चर ही बह गया। इधर जलाशय में काफी ऊंचाई तक मिट्टी डालकर बंड तैयार किया गया था जिसमें जगह-जगह दरारे आ गई। कई स्थानों पर बंड पूरी तरह मिट्टी धसान के कारण कमजोर हो गया। अब ठेकेदार के माध्यम से बंड को बचाने का प्रयास तिरपाल और रेत से भरी बोरियां रखकर किया जा रहा है, जहां मिट्टी धसान के कारण बंड पूरी तरह से कमजोर हो गया है।

बांध अभी पूरी तरह से सुरक्षित-एसडीओ

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक सोलवां जलाशय लगातार बारिश होने के बाद भी अभी पूरी तरह से सुरक्षित है हालांकि वेस्ट वियर के टूट जाने से जलाशय का वाटर लेबल लगभग 2 मीटर कम हो गया है। बारिश थमने पर मरम्मत की दिशा में ठोस पहल हो पाएगी और बांध और पूरी तरह से सुरक्षित हो पाएगा।

नाबालिग ने फांसी लगाकर की खुदकुशी

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कोतवाली थाना अंतर्गत सीतामढ़ी बस्ती में रहने वाली 17 वर्षीय किशोरी ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। यहां निवासरत चंचल यादव ने आठवीं कक्षा में पास होने के बाद पढ़ाई छोड़ दी थी। कुछ महीने पहले ही उसका दायां पैर फ्रैक्चर हो गया था, जिसकी वजह से हमेशा परेशान रहा करती थी। पिता अशोक यादव ने बताया कि सुबह-सुबह वह घर से काम पर चला गया था, उसकी मां भी किसी काम से बाहर गई हुई थी, जबकि चंचल घर में अकेली थी। बाहर से जब उसकी मां घर लौटी, तो उसने चंचल को कमरे में पंखे से लटकता देखा। मां ने इस बात की जानकारी पिता और पड़ोसियों को दी। घर पहुंचे अशोक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने चंचल के शव को फांसी के फंदे से उतार कर पंचनामा कार्रवाई के बाद पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। पिता अशोक यादव ने बताया कि चंचल ने कब, कैसे और किन परिस्थितियों में आत्महत्या की, उसे भी पता नहीं है।बेटी ने उससे कभी किसी समस्या का जिक्र नहीं किया। फिलहाल पुलिस की जांच के बाद ही आत्महत्या की वजहों का पता चल सकेगा।

सतनामी कल्याण समिति की बैठक आज

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कोरबा सतनामी कल्याण समिति की बैठक 5 अगस्त को दोपहर 3 बजे सतनाम भवन में आयोजित है। बैठक में ममतामई मिनीमाता की 51वीं पुण्यतिथि एवं राजा गुरु बालक दास की जयंती मनाने चर्चा की जाएगी। समिति के जीएल बंजारे ने सभी पदाधिकारियों एवं सभी सदस्यों, राज महंत, भंडारी को बैठक में उपस्थित होने आग्रह किया है।

घर पर मृत मिला एसईसीएल कर्मी

कोरबा-कुसमुंडा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कुसमुंडा थाना क्षेत्र में एसईसीएल की आवासीय कालोनी आदर्श नगर एम-892 निवासी एसईसीएल की कुसमुंडा परियोजना में डंपर ऑपरेटर डीजल सेक्शन घुरन सिंह घर पर ही मृत हालत में मिला। बताया जा रहा है कि घुरन सिंह घर पर अकेले रहता था और परिवार सूरजपुर जिले के बाकीपुर में रहता है। घूरन सिंह गुरुवार शाम से घर से बाहर नहीं निकला था। किसी अनहोनी की आशंका पर आज सुबह पड़ोसियों ने खिडक़ी से भीतर देखा तो बिस्तर पर बेसुध पड़ा हुआ पाया। आवाज देने पर भी नहीं उठे तो कुसमुंडा पुलिस को सूचना दी गई। थाना प्रभारी स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे व दरवाजा खोल कर भीतर पहुंचे तो पता चला की घूरन सिंह की मौत हो चुकी थी। प्रथम दृष्टया हृदयाघात की वजह से मौत होना माना जा रहा है। उसके परिजनों को घटना की सूचना दी गई जो कुछ घंटे बाद कुसमुंडा पहुंचे। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। जांच उपरांत ही मौत के सही कारणों का पता चलेगा।

भाजपा पार्षद दल मिला नए आयुक्त से, ज्ञापन सौंपा

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। भाजपा पार्षद दल ने नगर निगम आयुक्त सुश्री प्रतिभा ममगाई से मुलाकात कर पुष्पगुच्छ से स्वागत कर आगमन की बधाई प्रेषित की। भाजपा पार्षदों ने नगर निगम में ठप पड़े विकास कार्यों से आयुक्त को अवगत कराया। आयुक्त ने बारी-बारी सभी पार्षद से उनकी समस्याएं जानी और शीघ्र निराकरण का आश्वासन दिया। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष हितानंद अग्रवाल, पार्षद रितु चौरसिया, कमला देवी बरेठ, शैलकुमारी राठौर, उर्वशी सुजीत राठौर, धनश्री अजय साहू, प्रभावती सुधार साय चौहान,

द्रोपदी वर्मा, भानुमति जयसवाल, पुष्पा कंवर, कविता नारायण राजपूत, पूराइन बाई कंवर, गंगाराम भारद्वाज, नर्मदा लहरे, अजय गोंड, अनीता सुकुन्दी यादव, बुधवार साय यादव, ममता बालीराम साहू, अमित मिंज, फिरत साहू, नारायण दास महंत, नरेंद्र देवांगन, प्रतिभा निखिल शर्मा, विजय साहू, माखन बरेठ, कोमल, नारायण राजपूत, अजय साहू उपस्थित रहे।

विद्यार्थियों के रास्ते कीचड़ का रोड़ा, नहीं हार रहे हिम्मत

सडक़ निर्माण के लिए ध्यान नहीं दे रहे अधिकारी

कोरबा-कटघोरा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कोसाबाड़ी के पास रास्ते पर कीचड़ की अधिकता होने से विद्यार्थियों को स्कूल जाने में काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। विद्यार्थी इन कीचड़ भरे रास्तों को पार कर स्कूल आना-जाना कर रहे हैं लेकिन हिम्मत नहीं हा रहे। दूसरी ओर सडक़ को सुधारने के लिए अब तक कोई कोशिश नहीं की गई है।

कटघोरा नगर पालिका परिषद के वार्ड क्रमांक-2 के अंतर्गत यह सडक़ आती है। रेशम कोसा विभाग की कोसाबाड़ी के पास

यह सडक़ मौजूद है। क्षेत्र के सरकारी स्कूल में पढऩे वाले मुड़ाभाठा व कटघोरा के विद्यार्थियों को इस कीचड़ भरे रास्ते को पार कर स्कूल तक पहुँचने के लिए साहस जुटाना पड़ता है, उछलकूद भी करनी होती है। इन सब में उन्हें डर भी रहता है कि कहीं कीचड़ की वजह से फिसलन में गिर न पड़ें। स्थानीय लोगों ने बताया कि क्षेत्र की नदी से रेत के अवैध खनन व परिवहन में लगे ट्रैक्टर ट्राली का परिचालन इसी रास्ते से होता है। इसके दबाव के चलते और अभी बारिश के कारण कच्ची सडक़ की हालत अत्यंत बदतर हो गई है। हैरानी इस बात की है कि रास्ते की दुर्दशा और विद्यार्थियों की हो रही परेशानी की जानकारी के बाद भी इसकी मरम्मत व निर्माण के लिए न तो जिम्मेदार प्रयास कर रहे और न ही सामने आ रहे हैं।

भाजपा खेमे में लगी सेंध, पार्षद ने थामा कांग्रेस का दामन

पालिका अध्यक्ष के अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले सियासी खेल

कोरबा-कटघोरा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कटघोरा नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष रतन मित्तल के खिलाफ विपक्ष भाजपा पार्षदों के द्वारा लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान से पहले सियासी खेल हो गया। भाजपा खेमे की एक पार्षद ने कांग्रेस दामन थाम लिया और इसके साथ ही अविश्वास प्रस्ताव के ध्वस्त होने के आसार प्रबल हो गए हैं।

नगर पालिका परिषद कटघोरा के कुल 15 वार्डों में 7 पर कांग्रेस, 7 पर भाजपा व एक वार्ड में निर्दलीय पार्षद काबिज है। पिछले दिनों भाजपा पार्षदों ने पालिका

अध्यक्ष के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया है जिस पर अभी मतदान और निर्णय होना शेष है। अविश्वास प्रस्ताव को लेकर पालिका के गलियारे में राजनैतिक सरगर्मी के मध्य आज भाजपा की वार्ड 12 से पार्षद शैल बाई आर्मो ने कटघोरा विधायक पुरूषोत्तम कंवर के निवास में कांग्रेस के प्रति निष्ठा जाहिर की। शहर कांग्रेस अध्यक्ष राजीव लखन पाल एवं पालिका अध्यक्ष रतन मित्तल की अगुवाई में अविश्वास प्रस्ताव में सेंध लग गई है। विधायक ने पार्षद शैल बाई को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका कांग्रेस में स्वागत किया। इस अवसर पर पार्षद जयनारायण कंवर, रविन्द्र मोहन बघेल भी उपस्थित रहे।

मोहन साहू ने बढ़ाया जिले का मान

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। स्वामी आत्मानंद विद्यालय पंप हाउस कोरबा में कक्षा दसवीं

के छात्र मोहन साहू ने हिंदुस्तान टाइम्स कोड-ए-थान प्रतियोगिता में प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के हाथों 5 अगस्त 2023 को होटल मैरियट रायपुर में मोहन साहू को सम्मानित किया जाएगा। विद्यालय के साथ जिले को गौरवान्वित करने वाली इस उपलब्धि के लिए जिला शिक्षा अधिकारी जी.पी. भारद्वाज एवम जिला प्रशासन ने शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। गौरतलब है कि हिन्दुस्तान टाइम्स कोड-ए-थान एक बेहद लोकप्रिय प्रतियोगिता है जिसमें स्कूली बच्चों को कोडिंग की मूल बातें सीखने और राष्ट्रीय स्तर पर अपने कोड लेखन कौशल का प्रदर्शन करने में मदद मिलती है।

टोल फ्री नंबर 1962 में कॉल कर पशु मालिक प्राप्त कर सकते हैं सेवाएं

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में पशुधन विकास विभाग द्वारा पशुओं के उपचार, संवर्धन एवं परिरक्षण की दिशा में सतत् कार्य किया जा रहा है। उप संचालक पशुचिकित्सा सेवाएं से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कुल 13 पशु चिकित्सालय 28 पशु औषधालय संचालित है। सभी पशु चिकित्सा केन्द्रों में पशु उपचार, कृत्रिम गर्भाधान, टीकाकरण, बधियाकरण की सुविधा, सडक़ दुर्घटनाओं एवं संक्रमण रोग के रोकथाम के लिए मोबाइल यूनिट उपलब्ध है। जिला रोग अन्वेषण प्रयोगशाला में पशु से सम्बंधित रोगों की जाँच सुविधा उपलब्ध है, जिस हेतु नमूना नजदीकी पशु चिकित्सा केंद्र अथवा सीधे प्रयोगशाला को भेजे जा सकते हैं। सुविधा के अनुसार जाँच प्रतिवेदन से सम्बंधित संस्था को अवगत कराकर उपचार प्रदान किया जाता है। उन्होंने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त घायल पशुओं के लिए जिले में 06 शासकीय अनुदान प्राप्त गौशालाएं संचालित हैं। जिसके अंतर्गत कोरबा विकासखण्ड में जय माँ भवानी गौशाला कुदुरमाल व माँ भवानी गौ आश्रम समिति कोहडिया शामिल हैं। इसी प्रकार कटघोरा में अग्रसेन गौशाला कनबेरी, पोंडी उपरोड़ा में स्वामी भजनानंद आदर्श गौशाला केंदई, करतला में स्व. वैद्य नत्थू राम कौशिक गौशाला चिचोली एवं पाली विकासखण्ड में कामधेनु गौशाला मुरली संचालित हैं। शासन द्वारा पशु चिकित्सा सुविधा को और बेहतर किए जाने हेतु जिले को 06 मोबाइल वेटरनरी वेन (चलित पशु चिकित्सा इकाई) की सुविधा 15 अगस्त से प्रदाय की जा रही है। जिसके टोल फ्री नं 1962 पर पशुपालक अपने पशुओं के चिकित्सा आदि सेवाओं हेतु कॉल कर सुविधा का लाभ ले सकते हैं। शुरुआती दौर में सभी चलित चिकित्सा इकाई प्रतिदिन 02 गौठानो में अपनी सेवाएँ देंगे।

जिले में अब तक 600.5 मिलीमीटर औसत वर्षा

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में 01 जून से अब तक 600.5 मिमी औसत वर्षा हो चुकी है। जिले में बीते 10 वर्षों की तुलना में 04 अगस्त तक औसत वर्षा 581.0 मिमी हुई है। बीते दिवस जिले में 38.2 मिमी वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से अब तक तहसील कोरबा में 566.1 मिमी, भैंसमा में 734.0 मिमी, करतला में 602.4 मिमी, कटघोरा में 714.0 मिमी, दर्री में 642.6 मिमी, पाली में 562.4 मिमी, हरदीबाजार में 430.6 मिमी, पोड़ी-उपरोड़ा में 593.0 मिमी एवं पसान में 559.8 मिमी वर्षा हो चुकी है। अब तक सर्वाधिक वर्षा भैंसमा तहसील में दर्ज की गई है।

खाद्य-बीज विक्रय में अनियमितता कृषि विभाग की सख्त कार्रवाई

30 सहकारी एवं 28 निजी विक्रय केंद्रों का निरीक्षण

कोरबा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। खरीफ सीजन में धान की खेती जोरो पर है इसके साथ ही उर्वरक एवं कीटनाशकों की मांग बढ़ती जा रही है। जिले में उर्वरक एवं कीटनाशकों की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार मिलावट या कमी नही हो इसके लिए कृषि विभाग द्वारा पूरी तरह से कठोर कार्यवाही की जा रही है।

कृषि विभाग द्वारा किसानों को सही कीमत व उनके मांग

अनुसार समय पर खाद उपलब्ध हो सके इसके सघन अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सहकारी एवं निजी दुकानों में किसी भी प्रकार की अनियमिता जैसे-पी.ओ.एस. मशीन एवं भौतिक स्कंध, अमानक स्तर के खाद, बीज एवं कीटनाशक दवा की बिक्री, गोदाम में उर्वरक, बीज भंडारण की स्थिति आदि प्रकार की अनियमिता पाये जाने के स्थिति में तत्काल विक्रय पर प्रतिबंध लगाते हुए कारण बताओ नोटिस दिया जा रहा है और आगे भी यह प्रक्रिया सतत रूप से जारी रहेगा। सभी विक्रय केन्द्रो में निरीक्षण करते हुए समस्त दस्तावेज स्कंध पंजी, बील बुक, लॉइसेंस के साथ पीओएस स्टॉक का निरीक्षण किया जा रहा है।

जायसवाल खाद भंडार पर प्रतिबंध

जिले के कुल 30 सहकारी एवं 28 निजी उर्वरक एवं बीज विक्रय केंद्रों का निरीक्षण किया जा चुका है। 9 निजी विक्रय केन्द्रों में अनियमिता पाये जाने पर स्पष्टीकरण (वि.ख.-करतला के मेसर्स पटेल खाद भंडार, ढोढ़ातराई, मेसर्स किसान क्लब, मेसर्स युवराज ट्रेडर्स विकासखंड पाली के मेसर्स गोस्वामी कृषि केन्द्र, मेसर्स किसान बीज भंडार, मेसर्स शिव खाद भंडार, मेसर्स नटवरलाल एण्ड संस पाली एवं विकासखंड-कोरबा के मेसर्स कबीर एग्रो में स्पष्टीकरण नोटिस दिये जाने के साथ-साथ जिले के मेसर्स जायसवाल खाद भंडार, पाली में अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए बिक्री पर प्रतिबंध लगाया गया है।

सार-संक्षेप

गंगोटी- शिवपुर सड़क निर्माण के लिये 7.42 करोड़ की स्वीकृति

सूरजपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। संसदीय सचिव एवं भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े की निरंतर प्रयास से भटगांव विधानसभा क्षेत्र में निरंतर सड़क, पुल, पुलिया का निर्माण हो रहा है, और आवागमन सुदृढ़ हो रहा है। इसी कड़ी में श्री राजवाड़े के प्रयास से भैयाथान ब्लाक के ग्राम पंचायत गंगोटी से शिवपुर के बीच पहुंच मार्ग में बीटी सड़क निर्माण हेतु छत्तीसगढ़ शासन से 7 करोड़ 42 लाख रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति मिली है। जिससे क्षेत्र में हर्ष का माहौल व्याप्त है। ज्ञात हो कि गंगोटी सड़क की मांग ग्राम वासियों द्वारा अपने विधायक पारसनाथ राजवाड़े से किया गया था। ग्रामीणों की मांग का समर्थन करते हुए विधायक श्री राजवाड़े ने जल्द ही मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया था। संसदीय सचिव व भटगांव विधायक पारसनाथ राजवाड़े ने छत्तीसगढ़ सरकार से पहल कर सड़क निर्माण की प्रशासकीय स्वीकृति दिला दी है। लोक निर्माण विभाग के द्वारा जारी आदेश में गंगौटी से शिवपुर नवापारा पहुंच मार्ग जिसकी लंबाई 5.10 किलोमीटर है, उसमें बीटी सड़क निर्माण कार्य हेतु 7 करोड़ 42 लाख 65 हजार रुपए की प्रशासनिक स्वीकृति दी गई। इस स्वीकृति के पश्चात उक्त रोड के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है, तथा क्षेत्रवासियों को उक्त स्थान पर जल्द ही सुंदर और मजबूत सड़क का उपहार मिलेगा। भटगांव विधायक एवं संसदीय सचिव पारसनाथ राजवाड़े ने कहा है कि इसका टेंडर जल्द निकाल कर जल्द से जल्द सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ करया जाएगा। उन्होने कहा की भटगांव के विकास के लिए भूपेश सरकार हमेशा प्रतिबद्ध रहेंगे।

विश्व आदिवासी दिवस की तैयारी में जुटा प्रशासन

मनेंद्रगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। विश्व आदिवासी दिवस 9 अगस्त की तैयारी के संबंध में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शुक्रवार को समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में शासन के दिये निर्देशानुसार विश्व आदिवासी दिवस के गरिमामयी आयोजन के लिए विभिन्न विभागों को दायित्व सौंपा गया। विभागों के द्वारा सभी की सहमति से कार्यक्रम की नियत रूपरेखा तय की गई। बैठक में भरतपुर सोनहत विधायक गुलाब कमरो, कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा, एसडीएम मनेंद्रगढ़ श्रीमती अभिलाषा पैकरा, डीएसपी राकेश कुर्रे, जनपद उपाध्यक्ष राजेश साहू, सर्व आदिवासी समाज के अध्यक्ष शरण सिंह, संरक्षक परमेश्वर सिंह तथा अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

फोर्टिफाइड राइस के बारे में लोगों को करें जागरूक

मनेंद्रगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य खाद्य आयोग के अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में भरतपुर-सोनहत विधायक गुलाब कमरो, मनेंद्रगढ़ विधायक डॉ. विनय जायसवाल, कलेक्टर नरेंद्र दुग्गा भी उपस्थित थे।

बैठक में जिला खाद्य अधिकारी संजय ठाकुर ने जिले में राशन दुकानों की वर्तमान स्थिति के बारे विस्तृत जानकारी दी। अध्यक्ष गुरप्रीत सिंह बाबरा ने पीडीएस के संबंध में प्राप्त शिकायतों और उसके निराकरण के संबंध में आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि दुकानों में राशन वितरण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। फोर्टिफाइड राइस के लिए आमजनों को जागरूक करने सभी पीडीएस दुकानों में फ़्लैक्स बैनर लगाना सुनिश्चित करें। पीडीएस दुकानों में सभी आवश्यक पंजी संधारित करना सुनिश्चित करें। सभी स्कूल-छात्रावास और आश्रम शाला में खाद्य विभाग का हेल्पलाइन नंबर और जानकारी डिस्प्ले होना चाहिए। भवन विहीन पीडीएस दुकानों का चिन्हांकन करके नये भवन निर्माण के लिए शासन को प्रस्ताव भेजें। श्री बाबरा ने महिला एवं बाल विकास विभाग को बच्चों के पोषण आहार पर विशेष ध्यान देने की बात कही। बैठक में क्षेत्रीय विधायक गुलाब कमरो और डॉ. विनय जायसवाल ने भी खाद्य विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिए अपने विचार व्यक्त किए। कलेक्टर श्री दुग्गा ने पीडीएस दुकानों में टॉल फ्री नंबर चस्पा करने और दुकानों में खाद्य पदार्थों की सही स्टैकिंग करने आवश्यक निर्देश दिये। बैठक में खाद्य आयोग के सदस्य और अधिकारीगण तथा अन्य जनप्रतिनिधि बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

वनमाली सृजन पीठ का चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल में

मनेंद्रगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। सुप्रसिद्ध कथाकार, शिक्षाविद एवं विचारक जगन्नाथ प्रसाद चौबे वनमाली के जन्मदिवस पर उनके रचनात्मक योगदान और स्मृति को समर्पित वनमाली सृजन पीठ भोपाल द्वारा दो दिवसीय चतुर्थ राष्ट्रीय सम्मेलन भोपाल में आयोजित किया जा रहा है. 01 एवं 02 अगस्त से साहित्यिक सांस्कृतिक रचना धर्मिता को बढ़ावा देने की विगत 30 वर्षों की परंपरा तथा आधुनिक आग्रहों के बीच संवाद तैयार करने की यह एक अविस्मरणीय सृजन यात्रा है. कोरिया अंचल से साहित्यकार योगेश गुप्ता, बीरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, एवं गौरव अग्रवाल को इस राष्ट्रीय सम्मेलन में अपने रचनात्मक वैचारिक अनुभव के साथ शामिल होने हेतु आमंत्रित किया गया है. वनमाली सृजन पीठ, हिंदी एवं अन्य भारतीय भाषाओं के विस्तार के लिए लेखनरत साहित्यकारों को विगत 30 वर्षों से प्रतिष्ठित वनमाली राष्ट्रीय सम्मान, की परंपरा डाली है. इसमें वन्माली कथा शीर्ष सम्मान, राष्ट्रीय कथा सम्मान, प्रवासी भारतीय कथा सम्मान, तथा वनमाली विज्ञान कथा सम्मान एवं मध्य प्रदेश कथा सम्मान और युवा कथा सम्मान सहित पत्रकारिता सम्मान से अलंकृत किया जाता है. संपूर्ण भारतवर्ष में वनमाली सृजन पीठ की स्थापना की गई है जिसमें मध्यप्रदेश के भोपाल, छत्तीसगढ़ के बिलासपुर, देश की राजधानी दिल्ली, मध्य प्रदेश के खंडवा, बिहार में वैशाली, झारखंड के हजारीबाग, उत्तर प्रदेश के लखनऊ, सृजन पीठ मुख्यालय के माध्यम से साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विकास के नये आयाम तय किए हैं.

मतदान केन्द्रों में फॉर्म 6, 7 और 8 भरे जाने की कार्यवाही जारी

ईवीएम, मॉक पोल, नुक्कड़ नाटक के माध्यम से मतदाताओं को किया जा रहा है जागरूक

अम्बिकापुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। द्वितीय विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत जिले के प्रत्येक मतदान केंद्र में अभिहित अधिकारी एवं बी.एल.ओ. की उपस्थिति में 1 अक्टूबर 2023 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ा जा रहा है, साथ ही मृत मतदाता व अन्यत्र निवास करने वाले मतदाताओं का नाम विलोपित किया जा रहा है। विशेष संक्षिप्त पुरीक्षण कार्यक्रम में ऐसे मतदाता जो वर्तमान में अन्यत्र निवास कर रहे हैं, उनका संबंधित मतदान केंद्र में फार्म 08 भराया जाकर संशोधित कराने का कार्य भी किया जा रहा है। 2 अगस्त 2023 से प्रत्येक ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में फार्म भरवाने का कार्य आरंभ किया जा चुका है। जिसके तहत नये मतदाताओं का नाम जोड़ा एवं विलोपित करने का कार्य किया जा रहा है। इसके साथ ही स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाताओं को जागरुक करने हेतु जिला स्तर पर मॉक पोल, नुक्कड़ नाटकों का क्रियान्वयन भी किया जा रहा है।

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी ने बताया है कि मतदान के प्रति जागरुकता फैलाने हेतु तहसील व विकासखण्ड स्तर पर ई.वी.एम. मशीनों का प्रदर्शन एवं मॉक पोल का अभ्यास लोगों से कराया जा रहा है। ताकि लोग मतदान की प्रक्रिया को समझ कर वास्तविक मतदान के समय स्वयं को सहज कर सकें। इसी क्रम में भावी मतदाताओं को जागरूक करने हेतु सरस्वती शिशु विद्यालय अम्बिकापुर में मॉक पोल करवाया गया। इसके साथ ही कलेक्टोरेट परिसर व तहसील कार्यालय अम्बिकापुर में भी ई.वी.एम. प्रदर्शन केन्द्र (ई.पी.सी.) बनाकर परिसर में आने वाले नागरिक जनों व ग्रामीणों द्वारा लगातार मतदान अभ्यास कराया जा रहा है। विकासखण्ड स्तर पर भी ई.वी.एम. वैन के माध्यम से सभी मतदान केन्द्र घर बाजार और भीड़-भाड़ वाले इलाकों में जाकर लोगों को ई.व्ही.एम. से परिचित कराने का प्रयास किया जा रहा है। आगामी विकासखण्ड चुनाव में मतदान प्रक्रिया के सुचारू क्रियान्वयन के लिये मतदाताओं को जागरूक करने का प्रयास किया जा रहा है।

स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैम्पियनशिप में रायपुर सिरमौर

यश, आयुष, सुजय, तनु व हर्षिता बने स्टेट चैंपियन

दुर्ग, बिलासपुर, सरगुजा का उत्कृष्ट प्रदर्शन

सूरजपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। योनेक्स सनराईज 22 वीं स्टेट सीनियर बैडमिंटन चैंपियनशिप का मुकाबला भारी कशमकश के बीच संपन्न होने के साथ यश योगी बिलासपुर, आयुष मखीजा, सुजय तंबोली रायपुर, तनु चंद्रा यूनियन क्लब रायपुर, हर्षिता अग्रवाल यूनियन क्लब रायपुर ने स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए चैंपियनशिप के अलग-अलग वर्गों में जीत हासिल करते हुए टूर्नामेंट अपने नाम किया।

उल्लेखनीय है कि 29 जुलाई से जिला बैडमिंटन संघ सूरजपुर के आतिथ्य में स्टेट बैडमिंटन एसोसिएशन के द्वारा सीनियर स्टेट चैंपियनशिप आहूत थी। 02 अगस्त को स्पर्धा के अंतिम दिन फाईनल के मुकाबले में बैडमिंटन खिलाड़ियों ने भारी कशमकश के साथ खिताब अपने नाम किया। विदित हो कि इस चैंपियनशिप में पूरे प्रदेश से लगभग 200 से ऊपर वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया और आपने बेहतर खेल का प्रदर्शन किया। 29 जुलाई को प्रारंभ हुए चैंपियनशिप में 02 दिनों तक ट्रायल व चालीफाइंग मैच संपन्न हुए। इसके उपरांत मेन ड्रा के मैचों में चैंपियनशिप के समस्त में संपन्न हुए। जिसमें चार्टर फाईनल और सेमीफाईनल के बाद फाइनल में पहुंचे खिलाड़ियों ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर छत्तीसगढ़ स्टेट की टीम में शामिल होने का गौरव प्राप्त किया। इस दौरान सूरजपुर जिले के पुलिस अधीक्षक आई कल्याण एलेसिला, एसडीएम रवि सिंह व सेंट्रल ऑफ बैंक ऑफ इंडिया के सीनियर शाखा प्रबंधक राजीव रंजन एवं अल्ट्राटेक सीमेंट के अधिकारियों व डीलर की उपस्थिति में पुरस्कार वितरण समारोह संपन्न हुआ।संपन्न हुए टूर्नामेंट में बिलासपुर के यश योगी ने एकल के मुकाबले में विजेता तथा रायपुर के जयादित्य प्रताप सिंह ने उपविजेता रह। वही युगल में रायपुर के आयुष माखजा व सुजय तंबोली विजेता तथा दुर्ग के एमवी अभिषेक व सरगुजा के परमजीत सिंह छाबड़ा उपविजेता रहे। महिला वर्ग के एकल मुकाबले में यूनियन क्लब रायपुर की तनु चंद्रा विजेता व यूनियन क्लब की हिरल चौहान उपविजेता रही। मिश्रित युगल में आयुष माखीजा व हर्षिता अग्रवाल विजेता तथा एमवी अभिषेक व रामा दत्ता उपविजेता रही। प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, बालौद, बलौदाबाजार, जांजगीर-चांपा, धमतरी, दुर्ग, कबीरधाम, कोरिया, सरगुजा, सूरजपुर, सारंगढ़, भिलाई, मनेन्द्रगढ़, जशपुर, महासमुंद सहित अन्य जिलों के खिलाड़ी चैम्पियनशीप में भाग लिया।रैफरी प्रताप भट्टाचार्य, गुरदीप सिंह,नरेन्द्र पटेल, दिव्यानी सिया, रोहित दिवेकर, घनश्याम सोनी व आदित्य भट्टाचार्य की टीम ने चैम्पियनशिप को सम्पन्न कराया।

आयोजन को सफल बनाने में अनिल गोयल,संदीप अग्रवाल,बांके बिहारी अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, प्रमोद तायल, रितेश अग्रवाल, सोमेश सिंह लांबा, नीलकर्ण राजवाड़े, हरेन्द्र सिंह, अखिलेश सिंह, सनी अग्रवाल, प्रसून गोयल, एससी मुखर्जी, विजय हथगेन, यश अग्रवाल, प्रणव अग्रवाल, प्रसिद्ध गोस्वामी,नैतिक अग्रवाल,प्रणय अग्रवाल,निकिल मित्तल,मनोज मित्तल,पिंटू अग्रवाल,आशीष अग्रवाल, फिरदौस रजा, अनुज गुप्ता, संजीत सिंह, सुमित मित्तल, उमेश गुप्ता, रूपेश भगत, नीरज निगम, मुन्ना जिंदिया,रूपेश भगत सहित बैडमिंटन संघ टीम सक्रिय रही। सभी विजेता व उप विजेता खिलाड़ियों सहित चाटर फाईनल,सेमी फाईनल के खिलाड़ियों को नगद व विनर-रनर ट्राफी से सम्मानित किया गया।स्टेट बैडमिंटन चैंपियनशिप के दौरान शहर में भी 5 दिनों तक खेलो का वतावरण बना

बैडमिंटन संघ ने किया आभार व्यक्त

बैडमिंटन टूर्नामेंट के आयोजन को लेकर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव संदीप अग्रवाल ने समस्त प्रायोजकों का आभार व्यक्त करते हुए मिले सहयोग के लिए उन्हें साधुवाद व्यक्त किया है। उन्होंने पीआरए ग्रुप, जिला प्रशासन,पुलिस प्रशासन, एस ई सी एल प्रबंधन, छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, सेंट्रल बैंक, नगर पालिका परिषद सहित पार्षद व एल्डरमैन सहित नगर के व्यापारिक संस्थानों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि नगर वासियों व प्रशासन के सहयोग से ही इतने बड़ा आयोजन संपन्न हो पाया है।

निर्माण में गुणवत्ता नहीं उच्चस्तरीय जलागार तोड़ा गया

सूरजपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रगतिरत कार्यों का निरीक्षण पीएचई विभाग द्वारा किया गया। जिसमें ग्राम सौतार, करकोलीजूना, मोहनपुर में निर्माण कराए जा रहे, पानी टंकी तथा कई ग्रामों में निर्मित प्लेटफार्म गुणवत्ता विहिन पाये जाने पर संबंधित विभाग द्वारा सख्त कार्यवाही की गई।

जल जीवन मिशन कार्यों की समीक्षा के लिए पूर्व में कलेक्टर संजय अग्रवाल द्वारा कई मीटिंग ली गई थी। जिसमें उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को स्पष्ट किया था, कि योजना के अंतर्गत संचालित होने वाले कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही पर प्रशासन द्वारा सख्त निर्णय लिया जाएगा। उन्होंने संबंधित ठेकेदारों को तय समय सीमा पर गुणवत्ता युक्त कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा दिए गए निर्देशों का परिपालन सही तरीके से किया जा रहा है या नहीं इसके लिए पीएचई विभाग के कार्यपालन अभियंता, अपने अधीनस्थों द्वारा समय-समय पर कार्यस्थलों का भौतिक परीक्षण कराया जा रहा था। जिसमें कुछ चिन्हित स्थानों पर निर्माण में कमी पाई गई। जिसमें विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही करते हुए, गुणवत्ता विहीन उच्च स्तरीय जलागार को तोड़ा गया।

6 अगस्त को रोजगार मेला

अम्बिकापुर 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, अम्बिकापुर एवं जिला कौशल विकास प्राधिकरण के संयुक्त तत्वाधान में 6 अगस्त 2023 को प्रातः 11.00 बजे से अपरान्ह 3.00 बजे तक विभिन्न प्रकार के 400 से अधिक पदों हेतु रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। उप संचालक रोजगार ने बताया है कि रोजगार मेला में विभिन्न कम्पनियों के निजी नियोजक एस.बी.आई. लाईफ इन्शोरेन्स, फ्यूजन माईक्रो फाईनेंश लिमिटेड, सेल्फ इन्टेलिजेंस सिक्यूरिटी सर्विस, माँ महेश्वरी ऑनलाईन सेन्टर, श्री राम फाईनेंश कॉरपेरेशन प्रा. लिमिटेड, संतोष ताम्रकर (ठेकेदार), सांई ईलेक्ट्रीकल, आर.बी. सिंह ईलेक्ट्रीकल, रिलायंस निप्पोन लाईफ इन्श्योरेंश कम्पनी लिमिटेड एवं एसआईएस लिमिटेड द्वारा 400 पदों पर नियुक्ति प्रदान की जानी है।

बचपन प्ले स्कूल में हुई फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता

मनेन्द्रगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। शहर के प्रतिष्ठित विद्यालय बचपन प्ले स्कूल में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा यूकेजी, एलकेजी, नर्सरी एवं प्लेग्रुप के छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया।

जिसमें कक्षा यूकेजी के लिए अनेकता में एकता विषय रखा गया। तथा एलकेजी के छात्र-छात्राओं के लिए संस्कृति एवं परंपरा का विषय रखा गया। इसी प्रकार कक्षा नर्सरी एवं प्ले ग्रुप में प्रकृति का विषय रखा गया।

जिसमें कक्षा यूकेजी-अ से सानवी अग्रवाल प्रथम, पृषा रमन द्वितीय अवनी मुखर्जी एवं विराज पोद्दार तृतीय स्थान पर रहे। इसी

क्रम में यूकेजी-ब से अपेक्षा सोनी प्रथम सार्थक अग्रवाल द्वितीय एवं परी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह कक्षा एलकेजी -अ से एम.डी शेख जायान प्रथम, नव्या सिंह द्वितीय एवं अर्यंतिका अग्नि सिंह तृतीय स्थान पर रहे।

कलेक्टर ने छात्रावासों की रसोई देखी, छात्र-छात्राओं से पूछी समस्या

बैकुण्ठपुर, 4 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने आज आदर्श बालक छात्रावास, जमनीपारा तथा प्री. मैट्रिक आदिवासी कन्या छात्रावास, पटना का औचक निरीक्षण करते हुए वहां के छात्र-छात्राओं से विभिन्न समस्याओं के बारे में जानकारी ली। निरीक्षण करते हुए सीधे बच्चों से जानकारी लेते हुए कक्षा आठवी के छात्र शिवकुमार से पूछा कि यहाँ मच्छरदानी है? बिस्तर साफ होते हैं? भोजन समय पर और ताजा मिलती है? छात्र ने बहुत ही आत्मविश्वास के साथ कलेक्टर को बताया कि ये सभी चीजें समय पर मिल जाती है। कोई परेशानी नहीं है। एक अन्य छात्र से सवाल करते हुए कलेक्टर लंगेह ने जानना चाहा कि यहाँ खेल सामग्री मिलती है कि नहीं, खेलने जाते हो कि नहीं छात्र ने बताया कि हम लोग क्रिकेट, बॉलीबाल खेलते हैं साथ ही क्रिकेट, बालीबाल और फुटबाल के सामान भी मिल जाता है।

कलेक्टर ने नल की पानी का लिया स्वाद- लगातार बारिश होने की वजह से पानी प्रदूषित होने की आशंका बनी होती

है। अधीक्षक से जानकारी लेने पर तत्काल नल के पानी को हाथ में लेकर स्वाद लिया और उन्होंने संतोष व्यक्त करते हुए निर्देश दिए कि किसी भी हालत में प्रदूषित पानी का सेवन न किया जाए। क्लोरिन दवाई और साफ-सफाई का विशेष रखने के निर्देश भी दिए। किचन में जाकर खाद्य व अनाज का किया निरीक्षण- श्री लंगेह ने रसोईघर में जाकर खाद्य सामग्री को व्यवस्थित रखने के निर्देश दिए। सब्जियों को सूखे स्थान पर रखने, पानी से अच्छी तरह से साफ-सुथरा करके सब्जी बनाने के निर्देश भी दिए। डॉक्टर-पुलिस बनूंगी- कलेक्टर लंगेह ने प्री. महिला छात्रावास में रहने वाली कुमारी सालनी से पूछा कि बड़े होकर क्या बनोगी तो तपाक जवाब देते हुए बोली कि मैं बड़े होकर डॉक्टर बनूंगी वहीं कक्षा दसवीं में अध्ययनरत कुमारी फुलेश्वरी ने बड़े होकर पुलिस ऑफिसर बनने की बात कही। इस पर कलेक्टर श्री लंगेह ने छात्र-छात्राओं को उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि पेन-पुस्तक की ताकत बहुत होती है, ऐसे में आप लोग खूब मन लगाकर पढ़ाई करें निश्चित ही एक दिन पुलिस, डॉक्टर, कलेक्टर जरूर बनोगी।

जोन स्तर के विजेता खिलाड़ी अब विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर में दिखाएंगे प्रतिभा

छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक

हर आयुवर्ग के खिलाड़ियों को हुनर दिखाने का मिल रहा मौका

अम्बिकापुर 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2023-24 के तहत क्लब और ज़ोन स्तर पर प्रतियोगिता सम्पन्न हो चुकी है। 7 अगस्त से विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर खेल प्रतिस्पर्धा शुरू होगी। हरेली त्योहार के दिन से शुरू हुए छत्तीसगढ़िया ओलंपिक में 6 चरणों में लगभग ढाई महीनों तक चलने वाली प्रतियोगिता की चर्चा चारों ओर दिख रही है। सभी में पारम्परिक खेलों के प्रति अत्यंत

उत्साह है। जहां एक ओर जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी जश्न मना रहें हैं, वहीं अन्य प्रतिभागियों का कहना है इन पारम्परिक खेलों में हिस्सा लेना ही हमारे लिए गर्व की बात है,शासन के प्रयास से राज्य के इन खेलों को नई पहचान मिल रही है। राजीव युवा मितान क्लब स्तर पर शुरू हुई यह स्पर्धा अब जोन स्तर की स्पर्धा खत्म होने के बाद विकासखण्ड एवं नगरीय क्लस्टर स्तर पर पहुंच गई है। पहले चरण में राजीव युवा मितान क्लब स्तर की प्रतियोगिता ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में 17 जुलाई से 22 जुलाई तक आयोजित की गई थी। वहीं 26 जुलाई से 31 जुलाई तक जोन स्तर पर प्रतियोगिताएं हुईं, अब ग्रामीण क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता में एवं शहरी क्षेत्रों में विजेता प्रतिभागी एवं दल आयुवार एवं वर्गवार नगरीय क्लस्टर स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसका आयोजन 7 अगस्त से 21 अगस्त तक होगा। चौथा चरण जिला स्तर पर आयोजन 25 अगस्त से 04 सितंबर तक, पांचवें चरण संभाग स्तर पर आयोजन 10 सितंबर से 20 सितंबर तक और अंतिम में राज्य स्तर खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी। जिसका आयोजन 25 सितंबर से 27 सितंबर तक होगा।

16 प्रकार के खेलों में हर आयुवर्ग के खिलाड़ियों को हुनर दिखाने का मिल रहा मौका- छत्तीसगढ़ के पारम्परिक खेल प्रतियोगिता दलीय व एकल दो श्रेणी में आयोजित होगी। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में दलीय श्रेणी में गिल्ली डंडा, पिट्ठूल, संखली, लंगड़ी दौड़, कबड्डी, खो-खो, रस्साकसी और बांटी (कंचा) जैसी खेल विधाएं शामिल की गई हैं। वहीं एकल श्रेणी की खेल विधा में बिल्लस, फुगड़ी, गेड़ी दौड़, भंवरा, 100 मीटर दौड़, लम्बी कूद, रस्सी कूद एवं कुश्ती शामिल हैं। छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक में आयु वर्ग को तीन वर्गों में बांटा गया है। इसमें प्रथम वर्ग 18 वर्ष की आयु तक, दूसरा वर्ग 18-40 वर्ष आयु सीमा तक और तीसरा वर्ग में 40 वर्ष से अधिक उम्र के प्रतिभागी शामिल होंगे। इस प्रतियोगिता में महिला एवं पुरुष दोनों वर्ग में प्रतिभागी भाग ले सकेंगे।

सार-संक्षेप

बाढ़ राहत के लिए कलेक्टर डॉ सिद्दीकी ने ली विभागीय बैठक

सारंगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर डॉ फरिहा आलम सिद्दीकी ने पुलिस अधीक्षक की उपस्थिति में कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जिला प्रशासन जिले के बाढ़ से प्रभावित गांवों के ग्रामीणों के व्यवस्थापन, एनडीआरएफ और एसडीआरएफ टीम की आवश्यकता, आपदा से जुड़े समस्याओं के समाधान के बारे में राजस्व, स्वास्थ्य, पुलिस, स्कूल शिक्षा, जल संसाधन, बिजली, पंचायत, पीडब्ल्यूडी, नगरीय निकाय, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों से चर्चा की।

कलेक्टर और एसपी ने आपदा से जुड़े जिले के गावों की स्थिति, पानी भराव, पानी के कारण टापू जैसे स्थिति बनने वाले गांव के बारे में सभी अधिकारियों से यथा स्थिति की जानकारी ली। डॉ सिद्दीकी ने सभी विभागों को बाढ़ आपदा के दौरान विभाग की तैयारी के बारे में जानकारी ली। बैठक में अपर कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसीपी महेश्वर नाग, एसडीएम मोनिका वर्मा, डॉ स्निग्धा तिवारी, नोडल अधिकारी हरिशंकर चौहान, सीएमएचओ डॉ एफ आर निराला, डिप्टी कलेक्टर और जिले के बाढ़ राहत नोडल अधिकारी टी आर महेश्वरी, जिला शिक्षा अधिकारी डेजी रानी जांगड़े, जल संसाधन विभाग के कार्यपालन अभियंता एस के गुप्ता, एसडीओपी पुलिस स्नेहिल साहू, सीएसईबी के प्रभारी अधिकारी नरेंद्र नायक, सीईओ अभिषेक बनर्जी, सीएमओ राजेश पांडेय, मनीष गायकवाड,जिले के सभी तहसीलदार और थाना प्रभारी आदि बैठक में शामिल हुए।

टीमरलगा-बरमकेला रोड पर बह रहा तीन फीट पानी

सारंगढ़, 4 अगस्त (देशबन्धु)। जिले में लगातार बारिश से टीमरलगा लात नाला बरमकेला मार्ग बंद होने से फसे हुए नागरिकों को परेशानी हो रही है। जोखिम में डाल कर लोग नाव से नदी पार कर रहे हैं। कलेक्टर, एसडीएम क्षेत्र का लगातार दौरा कर रहे हैं। आज नोडल अधिकारी टी.आर.महेश्वरी ने नाव में सवार होकर बाढ़ क्षेत्रों का निरीक्षण किया।

व्यापारियों की समस्याओं को लेकर चेम्बर प्रतिनिधिमंडल मुख्य सचिव से मिला

खरसिया, 4 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने चेंबर की प्रमुख मांगों को लेकर मंत्रालय में मुख्य सचिव अमिताभ जैन से मुलाकात की। मुख्यसचिव ने मांगों पर उचित कदम उठाने की बात कही।

चैम्बर इकाई खरसिया अध्यक्ष रामनारायण सोनी सन्टी ने बताया कि चेंबर भवन हेतु रियायती दर पर भूमि उपलब्ध कराने छोटे व्यापारियों को हाफ बिजली बिल योजना के तहत शामिल करने महत्वकांक्षी योजना ''होलसेल कॉरिडोर'' को शीघ्रताशीघ्र मूर्त रूप प्रदान करने प्रदेश स्तर पर स्मार्ट बाजार योजना का क्रियान्वयन नियमितीकरण योजना को 31 मार्च 2024 तक बढ़ाने थोक बाजार सरदार वल्लभ भाई पटेल मार्केट की फ्रीहोल्ड शुल्क से संबंधित समस्या के निराकरण बाबत, राज्य में औद्योगिक प्रयोजन हेतु ''भू जल दोहन'' जल-कर का युक्तियुक्तकरण व्यापारिक संस्थानों में विद्युत वितरण कंपनी द्वारा मल्टीकनेक्शन बिजली मीटर देने पंडरी में जेम्स एंड ज्वेलरी पार्क डूमरतराई थोक किराना एवं अनाज बाजार में पानी व्यवस्था नियमित करने बाबत,मंडी शुल्क एवं कृषक कल्याण शुल्क में ट्रेडर्स व्यापारियों को छूट देने किराना एवं दलहन आयातकों पर कृषि मंडी एवं कृषक कल्याण शुल्क में छूट आदि के संबंध में चर्चा की इस अवसर पर चेम्बर प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, डाक्टर राकेश गुप्ता कार्यकारी अध्यक्ष-राजेन्द्र जग्गी, मनमोहन अग्रवाल आदि उपस्थित थे।

सत्य की हमेशा विजय होती है- मंजू सिंह

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कांग्रेस नेता राहुल गांधी को सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम के मामले में राहत देते हुए फिलहाल सजा पर रोक लगा दी है। इसके बाद से ही कांग्रेस कार्यकर्ताओं में जश्न का माहौल है, पार्टी के आम कार्यकर्ता से लेकर संगठन के पदाधिकारी सर्वोच्च न्यायालय के आज के फैसले का स्वागत करते हुए जगह जगह मिठाइयां और आतिशबाजी कर रहे हैं। इस मुद्दे पर छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य संन्निर्माण कर्मकार मंडल सदस्य श्रीमती मंजू सिंह ने कहा कि सत्य की हमेशा विजय होती है यह एक बार फिर देश के सर्वोच्च न्यायालय के आज के आदेश से साबित हुआ है। उन्होंने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के डरो मत के नारे को भी कोड करते हुए कहा कि उनका यह बयान पार्टी कार्यकर्ताओं में हर बार नई ऊर्जा भर देती है। आज के सुप्रीम कोर्ट के फैसले ने पार्टी के कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार किया है। वही श्री गांधी के खिलाफ झूठा षड्यंत्र रचने वालों के गाल पर जोरदार तमाचा है।हमारे नेता राहुल गांधी के द्वारा केंद्र की भाजपा सरकार के गलत नीतियों का बेबाकी से विरोध किए जाने के चलते देशवासियों से मिल रहे अभूतपूर्व जन समर्थन से घबराकर केंद्र की भाजपा सरकार एवं नरेंद्र मोदी के द्वारा षड्यंत्र करके राहुल गांधी की सदस्यता को समाप्त करने का कुत्सित प्रयास किया गया था ,लेकिन जिस प्रकार कितना भी घनघोर अंधेरा हो वह सूरज की रोशनी को नहीं रोक सकता वैसे ही भाजपा चाहे जितना भी प्रयास कर ले वह भारत की जनता का राहुल गांधी पर जो विश्वास व निष्ठा है उसे कभी भी समाप्त नहीं किया जा सकता है।

निविदा निर्धारित तिथि बीतने के सप्ताह भर बाद भी खोली नहीं जा सकी

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। शासन की स्कूल जतन योजना अंतर्गत स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य को लेकर जिम्मेदार ग्रामीण यांत्रिकी विभाग किसी प्रकार गंभीर नहीं है। स्थिति यह है कि आधा सैकड़ा से अधिक स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए आमंत्रित की गई निविदा को निर्धारित तिथि बीतने के सप्ताह भर बाद भी खोला नहीं जा सका है। इसको लेकर जहां कार्य प्रारंभ होने में देरी हो रही है तो वही अनावश्यक विलंब को लेकर निष्पक्षता पर सवाल भी उठने लगे हैं।

गौरतलब है कि स्कूल जतन योजना अंतर्गत जिले के 7 सौ से अधिक स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य होना है। इसके लिए शासन द्वारा कार्यपालन अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग जांजगीर को निर्माण एजेंसी बनाया गया है। अलग-अलग समूहों में निविदा आमंत्रित कर कार्य कराया जाना है। इसी कड़ी में तकरीबन 57 स्कूलों में अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए बीते 10 जुलाई को निविदा आमंत्रित की गई थी, वहीं 7 जुलाई को 10 समूहों में आवंटित अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य की ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की गई थी। दोनों निविदा को खोलने की तिथि क्रमशः 27 जुलाई और 28 जुलाई को निर्धारित की गई थी, लेकिन जिम्मेदार विभाग तिथि बीतने के सप्ताह भर बाद भी निविदा खोलने की प्रक्रिया को पूर्ण नहीं कर सका है। दफ्तर में अधिकारी के कक्ष में मैनुअल मिले सभी फार्म फैला कर रखे गए हैं और छंटनी का काम हो रहा है। इसके अलावा ऑनलाइन आवेदन को भी अभी खोले जाने की प्रक्रिया पूरी नहीं हो पाई है। दूसरी ओर विभागीय सूत्रों की माने तो सारा खेल सेटिंग को लेकर हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि ऑनलाइन आमंत्रित 28 लाख 16 हजार के 10 समूहों के कार्य में चहेते ठेकेदारों को उपकृत करने की तैयारी हो रही है, तो दूसरी ओर आवेदनों में 7 से लेकर 14 लाख तक के 34 समूहों के कार्यों में भी अपने- अपनों को लाभान्वित करने का प्रयास हो रहा है। बताया जाता है कि कई ठेकेदारों ने 10 से लेकर 17 प्रतिशत तक नीचे दरों पर कार्य करने आवेदन जमा किया है, परंतु सेटिंग के जरिए इस कार्य को 1-2 परसेंट में कराने की तैयारी हो रही है। यही नहीं इसमें शामिल नहीं होने वालों को अपने जमा किए गए आवेदन पत्रों में कुछ ना कुछ कमी बताकर उन्हें अपात्र करने की आशंका भी है। बहरहाल वास्तविकता चाहे जो भी हो लेकिन निविदा आमंत्रित करने के बाद उसे ओपन करने की तिथि बीतने के सप्ताह भर बाद भी यह प्रक्रिया पूर्ण नहीं होने की स्थिति में एक ओर जहां स्कूल जतन योजना के कार्य में अनावश्यक विलंब हो रहा है तो वहीं दूसरी ओर विभाग की कार्यशैली पर सवाल उठने लगे हैं।

कैसे होगा 30 सितंबर तक निर्माण कार्य पूरा

इसी सप्ताह आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर रिचा प्रकाश चौधरी ने स्कूल जतन योजना के कार्यों की समीक्षा की थी। इस दौरान हो रहे अतिरिक्त कक्ष निर्माण कार्य को हर हालत में 30 सितंबर तक पूर्ण करने के आदेश दिए हैं। ताकि बच्चों को चालू शिक्षा सत्र में ही इसका लाभ मिल सके। लेकिन जिम्मेदार निर्माण एजेंसी ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग को कलेक्टर के आदेश की परवाह नहीं है। स्थिति यह है कि स्कूल जतन योजना अंतर्गत अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिए विभाग द्वारा जुलाई महीने में निविदा आमंत्रित की गई है जिसकी प्रक्रिया 28 जुलाई तक पूरी होनी थी, लेकिन निर्धारित तिथि को निविदा ओपन होना तो दूर सप्ताह भर बार भी ओपन नहीं हो पाया है। इसके अलावा पूर्व में जो निविदा निकाली गई थी, उनके कार्य भी मंथर गति से चल रहे हैं। ऐसे में चालू शिक्षा सत्र में इस योजना अंतर्गत बन रहे अतिरिक्त कक्ष का लाभ बच्चों को मिले पाएगा, यह कहना मुश्किल है।

जिला प्रशासन द्वारा भले ही 30 सितंबर तक कार्य पूर्ण करने की बात कही जा रही हो, लेकिन निविदा की प्रक्रिया में यह संभव नहीं है। 20 लाख से ऊपर के काम 6 महीने में पूर्ण करने हैं और 20 लाख से कम के काम के लिए 4 महीने की निर्धारित अवधि होती है। रही बात निविदा खुलने की तो इसमें समय लगता है। दस्तावेजों की जांच होती है। 28 तारीख से फॉर्म ओपन कर रहे हैं, सोमवार तक यह प्रक्रिया पूरी हो सकती है। इसके बाद विधिवत वर्क आर्डर जारी होगा। जिसमें समय लगेगा।: नरसिंह सिदार कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विभाग जांजगीर चांपा

सेजेज स्कूलों में डिजिटलीकरण की उपयोगिता पर प्रशिक्षण प्रारंभ करने के दिए निर्देश

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कलेक्टर सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी ने मुख्य सचिवों के तृतीय राष्ट्रीय कांफ्रेंस की तैयारी के संबंध में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग, महिला एवं बालविकास विभाग, पंचायत विभाग एवं बैंक शाखा प्रबंधक की संयुक्त बैठक बैठक ली। बैठक में मुख्य रूप से सुशासन और प्रौद्योगिकी के उपयोग के साथ जीवन जीने में सुगमता को बढ़ावा देने हेतु बच्चों तथा पालकों के लिए संचालित आनलाइन योजनाओं एवं भविष्य में संचालित किये जाने वाली योजनाओं के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। भौतिक रूप से दस्तावेजों को बनाने में काफी समय तथा अनेक व्यवहारिक कठिनाईयो का सामना करना पड़ता है, इसे यदि आनलाइन के माध्यम से बच्चों को सुविधा प्रदान की जाए, तो बेहतर लाभ मिल सकता है। विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं में ट्रांसफर सर्टिफिकेट, मार्कसीट, माइग्रेशन सर्टिफिकेट जारी करने के संबंध में मार्कशीट का सत्यापन, आनलाइन परीक्षा प्रणाली, बच्चों का शाला में प्रवेश हेतु शालाओं की साझेदारी, विद्यार्थियों का आधार रजिस्ट्रेशन, शैक्षिक सर्टिफिकेट के लिए डीजीलाकर की उपयोगिता का प्रचार-प्रसार के साथ विद्यार्थियों की अधिगम क्षमता में वृद्धि हेतु प्रयास, सीखने के परिणामों को टेक्नोलॉजी का उपयोग कर बेहतर बनाया जा सकता है।

बैठक में कलेक्टर द्वारा पायलट प्रोजेक्ट के रूप में सभी स्वामी आत्मानंद स्कूलों में डिजिटलीकरण की उपयोगिता एवं आनलाइन योजनाओं का लाभ हेतु प्रशिक्षण प्रारंभ करने के साथ-साथ सभी विद्यालयों में भी प्रचार-प्रसार व प्रशिक्षण की व्यवस्था सुनिश्चित के निर्देश जिला शिक्षा अधिकारी जांजगीर को दिये गये। बैठक में डॉ ज्योति पटेल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत द्वारा सभी अधिकारियों को शालाओं में अधोसंरचना एवं भौतिक सुविधाओं हेतु स्कूल शिक्षा विभाग, पंचायत विभाग आदि विभिन्न मदों से प्राप्त राशि का सदुपयोग करना तथा कार्यों की लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला नोडल अधिकारी संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, जिला शिक्षा अधिकारी, महिला एवं बाल विकास अधिकारी, शाखा प्रबंधक जिला मिशन समन्वयक ए.पी.सी. सर्व विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी एवं विकास स्त्रोत समन्वयक, समग्र शिक्षा के अधिकारीगण उपस्थित थे।

अटारी जबलपुर के वैज्ञानिकों का भ्रमण

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। कृषि तकनीकी अनुसंधान अनुप्रयोग संस्थान जबलपुर से आए वैज्ञानिक डॉ. हरीश एवं शिवम मिश्रा ने कृषि विज्ञान केंद्र जांजगीर की विभिन्न गतिविधियों का भ्रमण के साथ ही साथ ग्राम महंत में प्रगतिशील कृषक दुष्यंत सिंह के नाम से सुगंधित धान रामजीरा की खेती का निरीक्षण किया।

प्रगतिशील कृषक चंद्रमणि राठौर के फार्म में आयोजित कृषक संगोष्ठी में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. राजीव दीक्षित व शशीकांत सूर्यवंशी सहित डॉ. हरीश व शिवम मिश्रा ने कृषकों से परिचर्चा कर धान की खुर्रा बोनी, लेई पद्धति, रोपा विधि व खरपतवार नाशको के प्रयोग की विधि से कृषकों को रूबरू कराया। तत्पश्चात कृषि विज्ञान केंद्र के मार्गदर्शन में ग्राम चोरभट्ठी, विकास खंड पामगढ़ में मशरूम की खेती कर रहे कृषक हीरालाल कश्यप के मशरूम उत्पादन ईकाई का अवलोकन किया। केंद्र में ई.एस.ए.एफ. फाउंडेशन के कृषक उत्पादक संगठन के प्रगतिशील कृषकों को विभिन्न विषय जैसे सुगंधित धान की पैकेजिंग व मार्केटिंग, मशरूम उत्पादन तकनीक, केंचुआ खाद उत्पादन तकनीक, कृषि में मशीनरी का प्रयोग खरपतवार नाशको पर दिए जा रहे प्रशिक्षण में डॉ. हरीश व शिवम मिश्रा ने कृषकों से वर्ता की व उनके सवालों का निराकरण किया स कृषकों को केंद्र में संचालित बायोफ्लॉक इकाई, रेशम पालन सह उद्यानिकी फसलों की खेती, चारा उत्पादन इकाई का भ्रमण कराया गया स उक्त प्रशिक्षण, संगोष्ठी में 42 कृषकों ने भाग लिया।

सड़क दुर्घटना से बचाव

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। राष्ट्रीय एवं राजकीय राजमार्गों में घुमन्तु पशुओं को सड़क दुर्घटना से बचाव के संबंध में जिले के प्रमुख राजमार्गों में घुमन्तु पशुओं के गले में रिफ्लेक्टीव रेडियम बेल्ट एवं टेगिंग किये जाने की कार्यवाही की जा रही है। पशुधन विकास विभाग के उपसंचालक डॉ. ए. एल. सिंह द्वारा बताया गया कि घुमन्तु पशुओं की सुरक्षा के तारतम्य मे जिले के सभी प्रमुख राजमार्गो हेतु 35 अलग-अलग विभागीय दल गठित कर पशुओं को सड़कों से हटाकर गौठानों, गौशालाओं तथा अस्थायी शेल्टर में व्यवस्थापन का कार्य किया जा रहा है। साथ ही इन्हें रेडियम रिफ्लेक्टीव बेल्ट लगाकर टैगिंग किया जा रहा है, जिससे सड़कों पर इनके बैठने या आने से रात में वाहन चालको को दूर से पशुओं के होने का आभास हो सके तथा पशुओं व आम नागरिकों को दुर्घटना की संभावनाओं से बचाया जा सके।

खेलों का भरपूर आनंद उठाया छत्तीसगढ़ वासियों ने

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के इस महाकुम्भ मे छत्तीसगढ़ी खेलों का भरपूर आनंद छत्तीसगढ़ वासियों ने उठाया इस अवसर को प्रदान करने के लिए प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार'' उक्त बातें छत्तीसगढ़िया ओलंपिक के जोन स्तर खेल के समापन अवसर पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव इंजीनियर रवि पाण्डेय ने कही। इंजी. पाण्डेय राजीव युवा मितान क्लब के निमंत्रण पर गौरव ग्राम सिवनी (नैला) पहुंचे। उन्होने छत्तीसगढ़ी ओलम्पिक के प्रति लोगों का खासकर छात्र-छात्राओ और महिलाओ का अभूतपूर्व उत्साह के लिए प्रतिभागियो को बधाई दिया। इस अवसर पर प्रभाकर तिवारी पूर्व सरपंच कन्हाईबंद, शाला विकास समिति के अध्यक्ष द्वय महेंद्र पाण्डेय एवं द्वासराम बरेठ , सोसाइटी अध्यक्ष संतोष राठौर , रामगोपाल राठौर, रामायण धीवर, केशव साहू, राजीव युवा मितान क्लब बनारी के अध्यक्ष शुभम सारथी, राजीव युवा मितान क्लब सिवनी के सदस्य सोनू चैहान अजय राठौर, डिगेश्वर बरेठ, अभिषेक राठौर, केशव यादव, अविनाश बरेठ, गोपाल बरेठ, संजय राठौर, विरेन्द्र राठौर, धनंजय पाण्डेय, रामनारायण राठौर, पवन हंश, विजय सूर्यवंशी, स्कुल के शिक्षक, शिक्षिकाएं, छात्र-छात्राएं एवं ग्रामवासी उपस्थित थे।

कमान अधिकारी ने किया एनसीसी इकाई का निरीक्षण

अकलतरा, 04 अगस्त (देशबन्धु)। सातवीं छत्तीसगढ़ बटालियन एनसीसी बिलासपुर के कमान अधिकारी कर्नल अभिताभ श्रीवास्तव एवं जेसीओ उदय सिंह ट्रूप नंबर 328 इकाई द्वारा आज अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित राजेंद्र कुमार सिंह उच्चत्तर माध्यमिक शाला अकलतरा की एनसीसी इकाई का भ्रमण कर निरीक्षण किया गया शाला आगमन पर संचालक संस्था अकलतरा एजुकेशन ट्रस्ट के उपाध्यक्ष अशोक अग्रवाल सचिव ईश्वर खंडेलिया एवं अन्य सदस्यों के साथ शाला के प्राचार्य आरके विश्वकर्मा एवं द्वारा पुष्प गुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया।

अमृत भारत स्टेशन स्कीम में जुड़ा जांजगीर-नैला एवं चाम्पा रेलवे स्टेशन

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। छ.ग. विधान सभा के नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल की अनुशंसा से भारत सरकार के रेल्वे मंत्रालय ने अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत छोटे स्टेशनों के आधुनिकीकरण योजना प्रारंभ किया गया है। क्षेत्रिय विधायक नारायण चंदेल के प्रयास से जांजगीर-नैला रेल्वे स्टेशन व चाम्पा रेल्वे स्टेशन को इसमें शामिल किया गया है। दोनों स्टेशनों के विकास कार्य, आधुनिकीकरण के लिये 15-15 करोड़ रूपये की राशि स्वीकृत किया गया है। इसके लिये पिछले माह नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भारत सरकार के रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से दिल्ली स्थित रेल भवन में भेट किया तथा जांजगीर-नैला व चाम्पा रेल्वे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल करने का आग्रह किया था व इससे संबंधित मांग पत्र भी दिया था। अमृत भारत स्टेशन स्कीम में दोनों स्टेशनों को शामिल किये जाने से इन स्टेशनों के विकास की एक नई प्रक्रिया प्रारंभ होगी तथा उक्त दोनों स्टेशनों का आधुनिकीकरण होगा, जिसमें सभी यात्रियों को लाभ मिलेगा तथा उक्त स्टेशनों में यात्रियों को सुविधा मिलेगी। क्षेत्रिय विधायक नारायण चंदेल के द्वारा किये गये उक्त प्रयास से इन दोनों स्टेशनों की कायाकल्प की प्रक्रिया शीघ्र ही प्रारंभ होगी। जांजगीर-नैला व चाम्पा रेल्वे स्टेशन को अमृत भारत स्टेशन स्कीम में शामिल किये जाने पर दोनों नगर एवं पूरे क्षेत्र व अंचल के आम नागरिकों, दैनिक रेल्वे यात्री संघ, व्यापारीगण, छात्र-छात्राऐं तथा समाज के सभी वर्ग के लोगों ने आभार व्यक्त किया है।

चरवाहों को लगाकर पहुंचाएं गौठान में मवेशी, नियमित करें पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण

जिपं सीईओ ने ली सचिवों की बैठक

जांजगीर, 04 अगस्त (देशबन्धु)। गांवों में पशुपालकों, किसानों के मवेशियों को चरवाहों के माध्यम से गौठान में पहुंचाने का कार्य करें, जिससे किसानों की फसलों को कोई नुकसान न हो, साथ ही मुख्य मार्गों पर विचरण करने वाले आवारा पशुओं की रोकथाम करें। यह बात शुक्रवार को जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित बैठक में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. ज्योति पटेल ने कही। इस दौरान उन्होंने गौठान में पहुंचने वाले पशुओं के लिए वेटेनरी विभाग को पशु स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाने और नियमित रूप से पशुओं की जांच करने के निर्देश दिए।

जिपं सीईओ ने कहा कि रोका-छेका की परंपरा के माध्यम से पशुओं को गौठान में पहुंचाया जा रहा है। इसके लिये जरूरी है कि ग्राम पंचायत सचिव सरपंच, रोजगार सहायक, गौठान समिति के अलावा जनप्रतिनिधियों, पशुपालकों, स्व सहायता समूह के साथ मिलकर आपसी समन्वय करते हुए कार्य करें। उन्होंने सचिवों से कहा कि वे पशुओं के लिए पैरा को सुरक्षित रखे और बारिश में पीने के साफ पानी की व्यवस्था करें। इसके साथ ही पशु शेड की साफ-सफाई रखें, गंदगी होने से बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि रोका-छेका का बेहतर क्रियान्वयन करने के लिए नियिमत रूप से मुनादी कराई जाए और ग्राम पंचायत में बैठक कराएं। उन्होंने सचिवों से कहा कि गौठान में की जा रही आजीविका गतिविधियों की जानकारी सतत रूप से भेजी जाए। उन्होंने इस दौरान पीएम आवास योजना के तहत हितग्राही को किश्त प्राप्त होने के बाद आवास का निर्माण कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।

पशुओं का परीक्षण रजिस्टर में करें दर्ज

जिपं सीईओ ने बैठक में कहा कि गौठान में पहुंचने वाले पशुओं का स्वास्थ्य परीक्षण नियमित रूप से किया जाए। बीमार होने पर पशुओं को अलग रखा जाए और इसकी सूचना डॉक्टर को देकर दवाई, इंजेक्शन आदि के माध्यम उसका इलाज किया जाए। उन्होंने कहा कि गौठान में आने वाला बीमार पशु किस तरह की बीमारी से ग्रसित है, इसकी जानकारी डॉक्टर से लेकर रजिस्टर में दर्ज करें, ताकि उसका निदान बेहतर हो सके। वेटेनरी विभाग अधिकारी ने जानकारी दी गई कि पशुओं को भीगने, कीचड़ में खड़े होने से बचाया जाए। पानी एवं कीचड़ में रहने से निमोनिया का खतरा बना रहता है।

देश विदेश

तुर्किए ने 942 आतंकवादियों को किया निष्प्रभावी

अंकारा। तुर्किए ने जनवरी से अब तक 942 'आतंकवादियों' को 'निष्प्रभावी' किया है। यह जानकारी तुर्किये के रक्षा मंत्रालय ने गुरुवार को एक रिपोर्ट में दी। गौरतलब है कि तुर्किये के अधिकारी अक्सर 'निष्प्रभावी' शब्द का उपयोग यह दर्शाने के लिए करते हैं कि 'आतंकवादियों' ने आत्मसमर्पण कर दिया है या मारे गए हैं या पकड़े गए हैं। रिपोर्ट के अनुसार इसके अलावा सुरक्षा बलों ने अवैध रूप से सीमा पार करने वालों के खिलाफ चलाए गए अभियान के दौरान अन्य 347 'आतंकवादियों' को गिरफ्तार किया है। तुर्किये के सुरक्षा बल वर्षों से देश भर में और पड़ोसी इराक तथा सीरिया में 'आतंकवादियों' के खिलाफ अभियान चला रहे हैं।

पाकिस्तान की नेशनल असेंबली 9 अगस्त को भंग होगी : शहबाज

इस्लामाबाद, 4 अगस्त (एजेंसियां)। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने गुरुवार को अपने गठबंधन सहयोगियों से कहा कि नेशनल असेंबली (संसद के निचले सदन) को भंग करने की समरी 9 अगस्त को पेश की जाएगी।

प्रधानमंत्री ने अपने गठबंधन सहयोगियों के लिए देश की राजनीतिक स्थिति और आम चुनावों पर चर्चा की

प्रधानमंत्री ने अपने गठबंधन सहयोगियों के लिए आयोजित रात्रिभोज के दौरान यह आश्वासन दिया, जहां देश की राजनीतिक स्थिति और आम चुनावों पर चर्चा की गई।

बैठक की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने नाम न छापने की शर्त पर कहा कि प्रधानमंत्री

ने अपने गठबंधन सहयोगियों को सूचित किया कि वह शुक्रवार से कार्यवाहक प्रधानमंत्री पर नेशनल असेंबली में विपक्ष के नेता राजा रियाज के साथ परामर्श शुरू करेंगे। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें उम्मीद है कि परामर्श दो से तीन दिनों के भीतर पूरा हो जाएगा। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 12 अगस्त को खत्म हो जाएगा और अगर यह अपना निर्धारित समय पूरा कर लेती है तो 60 दिनों के भीतर चुनाव कराए जाएंगे। हालाँकि, संविधान कहता है कि यदि असंबली अपना कार्यकाल पूरा होने से पहले भंग हो जाती है तो चुनाव 90 दिनों के भीतर होने चाहिए। यदि 9 अगस्त को संसद के निचले सदन को भंग करने के लिए समरी पेश किया जाता है तो यह 90 दिनों के भीतर चुनाव कराने के लिए पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) के प्रति उत्तरदायी होगा। हालांकि, जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, नेशनल असेंबली भंग होने से पहले सरकार और विपक्ष को कार्यवाहक प्रधानमंत्री के लिए एक नाम पर सहमत होने की जरूरत है। द न्यूज ने बताया कि पिछले महीने, पीएम शहबाज ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री के चयन और नेशनल असेंबली को भंग करने पर परामर्श करने के लिए पीएमएल-एन की पांच सदस्यीय समिति का गठन किया था।

यूएन में भारत ने पाकिस्तान से कहा — अपनी समस्याओं पर दे ध्यान पाकिस्तान

संयुक्त राष्ट्र। संयुक्त राष्ट्र एजेंसियों द्वारा भूख हॉटस्पॉट में से एक के रूप में नामित होने के दौरान आतंकवाद का सहारा लेने पर भारत ने पाकिस्तान से कहा कि दूसरों के खिलाफ आरोप लगाने के बजाय अपनी समस्याओं पर ध्यान केंद्रित करना सबसे अच्छा है। सुरक्षा परिषद में गुरुवार को खाद्य सुरक्षा पर चर्चा के दौरान पाकिस्तान द्वारा कश्मीर मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया देते हुए, भारत के संयुक्त राष्ट्र मिशन के परामर्शदाता आर. मधु सूदन ने कहा, इस परिषद के समय का सर्वोत्तम उपयोग करने के लिए, मेरा सुझाव है कि संबंधित प्रतिनिधिमंडल अपने मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करें।

मुझे सेना ने बंधक बनाया : नाइजर के राष्ट्रपति

नियामे, 4 अगस्त (एजेंसियां)। नाइजर के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम ने कहा है कि देश के सैन्य समूह ने उन्हें बंदी बना लिया है। 'वाशिंगटन पोस्ट' में प्रकशित रिपोर्ट के अनुसार श्री बाजौम ने अमेरिका तथा अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नाइजर में संवैधानिक व्यवस्था को बहाल करने के लिए हस्तक्षेप करने की गुजारिश की है। श्री बाजौम ने कहा, मैंने बंधक लिखा है। नाइजर पर सैन्य समूह ने हमला किया है, जो हमारे लोकतंत्र को खत्म करने की कोशिश कर रहे हैं। मैं भी देश के उन सैकड़ों नागरिकों में शामिल हूं, जिन्हें मनमाने और अवैध रूप से कैदी बनाया गया है। उन्होंने कहा कि सैन्य तख्तापलट का कोई औचित्य नहीं है और यदि यह सफल होता है, तो इसके नाइजर और पूरी दुनिया के लिए विनाशकारी परिणाम होंगे।

अमेरिका व अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हस्तक्षेप करने की गुजारिश

उन्होंने ने अमेरिकी सरकार और पूरे अंतरराष्ट्रीय समुदाय से नाइजर में संवैधानिक व्यवस्था बहाल करने में मदद करने का आह्वान किया। उनका दावा है कि तख्तापलट की साजिश रचने वालों ने झूठा दावा किया कि उन्होंने नाइजर की सुरक्षा की रक्षा के लिए काम किया।

इसके अलावा श्री बज़ौम ने दावा किया कि तख्तापलट के साजिशकर्ताओं और उनके क्षेत्रीय सहयोगियों के खुले निमंत्रण से संपूर्ण मध्य साहेल क्षेत्र वैगनर समूह के माध्यम से रूसी प्रभाव में आ सकता है। उल्लेखनीय है कि इस सप्ताह की शुरुआत में विदेश विभाग के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि अमेरिका ने अभी तक ध्यान नहीं दिया है कि वैगनर समूह नाइजर में स्थिति का फायदा उठाने की कोशिश कर रहा है।

सुडोकू 6277

								7
8	2					6	9	
		4		3		5	2	
		2			9	1	6	
3			1		6			2
	1	8	2			7		
	4	5		2		3		
	8	6					1	5
7								

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम, कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

वर्ग पहेली 6277



बायें से दायें:-

१. हानिकारक, अपकार करने वाला अकल्याणकारी
४. 'एजेंट'
५. रुकना, ठहरना, चालू न रहना, बंद हो जाना
७. ओर, पक्ष (उर्दू)
८. झूठ बोलने वाला
१०. जो भारी न हो
११. पूरी ताकत के साथ
१३. अनुवाद (उर्दू)
१४. गुरुता, भारीपन, गौरव, महत्ता
१५. बंधुत्व
१७. रानी (उर्दू)
१९. अग्नि
२१. उपवन, वाटिका
२२. अवलंबित होना, आश्रयहीन, नीचे की ओर झुलना
२४. निर्माण संबंधी सृजनात्मक

ऊपर से नीचे:-

१. चेतनाहीन, जड़
२. पक्षपाती (उर्दू)
३. सारथि
४. छोटी उंगली और बीच की उंगलियों के बीच की उंगली
५. जलपान, नाश्ता
९. दीपावली
११. हित, कल्याण, उपकार
१२. आश्रय, टेक, आलंब, भरोसा, मदद (उर्दू)
१३. संपूर्ण, समस्त (उर्दू)
१४. आकाश, नभ
१५. किस्मतवर
१६. चापलूस
१८. लेखक, लिपिकार
१९. पूजा, उपासना
२०. लालच, तीव्र इच्छा
२३. स्त्री, महिला

वर्ग पहेली-6276

वि	वा	२ दा	स्प	३ द		४ प	रि	५ सं	ख्य
व		र		६ र	ग	ड़		जी	
७ र	ह	म				८ ता	बे	दा	९ र
ण		दा		१० हा	सि	ल			ल
	११ प	र	१२ स्प	र			१३ क	फ	स
	ल		श		१४ ज	न	नी		मू
१५ म	ल	१६ य	ज		र्ज		१७ ज	१८ ग	ह
ज		म		१९ प	र	२० त		वा	
२१ दू	स	रा		ठि		२२ प	री	क्ष	२३ क
र		२४ ज	न्मां	त	र				र्ज

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

सुडोकू 6277 का हल

5	3	1	6	9	2	8	4	7
8	2	7	4	1	5	6	9	3
9	6	4	8	3	7	5	2	1
4	5	2	3	7	9	1	6	8
3	7	9	1	8	6	4	5	2
6	1	8	2	5	4	7	3	9
1	4	5	9	2	8	3	7	6
2	8	6	7	4	3	9	1	5
7	9	3	5	6	1	2	8	4

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : शनिवार 5 अगस्त , 2023 श्रावण कृष्ण पक्ष 4

राशिफल

मेष -आप का दिन अस्वस्थता और चिंता में गुजरेगा। सर्दी, कफ और बुखार आपको हो सकता है। किसी का भला करने की जगह आज अपने काम में ही व्यस्त रहें। किसी से पैसों का लेन-देन न करें।

वृषभ -आज का दिन शुभ फलदायी है। धन वृद्धि तथा पदोन्नति होने के योग हैं। व्यापार के लिए किए गए सौदे में सफलता मिल सकती है। परिजनों तथा मित्रों के साथ बाहर जाने का कार्यक्रम बन सकता है।

मिथुन -आज का दिन शुभ तथा अनुकूलता से भरा होगा। ऑफिस में सहकर्मचारी तथा अधिकारी के साथ संबंध अच्छे रहेंगे। सामाजिक दृष्टि से आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। पदोन्नति के योग हैं।

कर्क -आज आप धार्मिक काम और पूजा-पाठ में व्यस्त रहेंगे। मंदिर या किसी धार्मिक आयोजन में जाने का प्रसंग बन सकता है। परिजनों के साथ आनंदपूर्वक समय गुजरेगा। स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। मन भी चिंता रहित होगा।

सिंह -आज आपको हर काम संभलकर करना चाहिए। स्वास्थ्य के प्रति ध्यान दें। स्वास्थ्य बिगड़ने से आकस्मिक खर्च आ सकता है। परिजनों के साथ वाद-विवाद हो सकता है। नियम विरुद्ध कोई काम आज ना करें।

कन्या -आपका आज का दिन अनुकूलता से भरा रहेगा। जीवनसाथी के साथ आप निकटता के क्षण का आनंद उठा सकेंगे। दांपत्यजीवन में मधुरता रहेगी। किसी नए व्यक्ति की ओर से आकर्षण अनुभव करेंगे।

तुला -घर में शांति और आनंद का वातावरण रहेगा। सुखदायक घटनाएं घटेंगी। कार्य में यश और सफलता मिलेगी। स्वास्थ्य बना रहेगा। आवश्यक काम के पीछे धन खर्च होगा। नौकरी में सिद्धि और सफलता मिलेगी।

वृश्चिक -आप के गृहस्थ जीवन में शांति एवं आनंद का वातावरण होगा। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य अच्छा बना रहेगा। बीमार लोगों के स्वास्थ्य में सुधार हो सकता है। दफ्तर में सहकर्मियों का पूरा सहयोग मिलेगा।

धनु -आज आप यात्रा प्रवास टालें, क्योंकि पेट संबंधी बीमारी और समस्या हो सकती है। संतान के स्वास्थ्य और पढ़ाई की चिंता बनी रहेगी। किसी काम में सफलता नहीं मिलने से मन व्याकुल रहेगा। क्रोध की भावना पर संयम रखें।

मकर -आज आप का शारीरिक स्वास्थ्य और मनोदशा अच्छी नहीं होगी। परिवार में झगड़े के वातावरण से खिन्नता होगी। शरीर में ताजगी और स्फूर्ति का अभाव होगा। रिश्तेदारों से मनमुटाव हो सकता है।

कुंभ -आज आप मानसिक रूप से अपने आपको बहुत हलका महसूस करेंगे। मन में छाए हुए चिंता के बादल दूर हो जाने से उत्साह में वृद्धि होगी। घर में भाई-बहनों के साथ मिलकर कोई नया काम करेंगे।

मीन -आनंद- उत्साह और तन-मन की प्रसन्नता आपमें चेतना और स्फूर्ति का संचार करेंगे। नए कार्य हाथ में लेंगे, तो उसमें सफलता मिलेगी। धार्मिक मांगलिक प्रसंगों में जाएंगे। मन में कोई निर्णय लेते समय दुविधा की स्थिति रहेगी।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

विदेशों से पार्थिव शरीर के लिए ऑनलाइन सुविधा

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशों में प्राण त्यागने वाले भारतीय नागरिकों के पार्थिव शरीर को स्वदेश लाने की प्रक्रिया को सुगम बनाने के लिए सरकार ने ई. केयर पोर्टल की शुरुआत की है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मांडविया शुक्रवार को इस पोर्टल की शुरुआत की। इस

अवसर पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल और डॉ. प्रवीण भारती पवार तथा तमिलनाडु के स्वास्थ्य मंत्री श्री एम सुब्रमण्यम मौजूद रहे। श्री मांडविया ने कहा कि इससे मानव अवशेषों के परिवहन की प्रक्रिया सुव्यवस्थित और तेज होगी। प्रो. बघेल ने कहा कि जब किसी व्यक्ति की दूसरे देश में मृत्यु हो जाती है, तो मृतक के अवशेषों को भारत वापस लाने के लिए बहुत सारी कागजी कार्रवाई और प्रक्रियाओं का सामना करना पड़ता है, जिससे परिवार और दोस्त निराश हो जाते हैं। इस मुद्दे की संवेदनशीलता को समझते हुए और न्यूनतम सरकार और अधिकतम शासन के सिद्धांत का पालन करते हुए, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार ने ये कदम उठाया है।

मेक्सिको में खाई में गिरी बस, 17 की मौत

मेक्सिको सिटी, 4 अगस्त (एजेंसियां)। पश्चिमी मैक्सिकन प्रांत नायरिट के पहाड़ी रास्ते पर गुरुवार तड़के एक यात्री बस 164 फुट गहरी खाई में गिर गई, जिसमें 17 लोगों की मौत हो गई और 23 अन्य घायल हो गए। बस में छह भारतीय भी सवार थे।

छह भारतीय भी बस में थे सवार

डेली मेल की रिपोर्ट के अनुसार, नायरिट की अग्निशमन सेवा के एक सूत्र ने कहा कि छह भारतीय नागरिक बस में सवार थे। यह बस एलीट पैसेंजर लाइन का हिस्सा थी, जो बुधवार को मैक्सिको सिटी से रवाना हुई थी। बस का दक्षिणी कैलिफ़ोर्निया के सीमावर्ती शहर तिजुआना जा रही थी। ब्रितानी दैनिक ने बताया कि मैक्सिकन अखबार अल फिनानसीरो द्वारा प्रकाशित जीवित बचे लोगों के नामों की एक आधिकारिक सूची में चार भारतीय नागरिकों की पहचान 21 वर्षीय राजन सिंह, मंदीप कुमार (22), आदमा काने (46) और हनिडोउ केन के रूप में हुई है।

ड्राइवर, जिसकी पहचान फ़्रांसिस्को के रूप में हुई, दुर्घटना में जीवित बच गया। जांच के लिए उसे हिरासत में ले लिया गया। उसने जांचकर्ताओं को बताया कि गाड़ी चलाते समय उसे झपकी आ गई थी। उसने वाहन पर नियंत्रण खो दिया और बस रेलिंग को तोड़ते हुए खाई में गिर गई। फुटेज में सबसे पहले बचाव कार्य के लिए पहुंचने वालों को जीवित बचे लोगों की तलाश में ढलान से नीचे उतरते हुए दिखाया गया है। मेल की रिपोर्ट के अनुसार, नायरिट प्रांत के सुरक्षा और नागरिक सुरक्षा सचिव जॉर्ज रोड्रिग्ज ने संवाददाताओं से कहा कि बचाव अभियान बेहद कठिन था क्योंकि खाई काफी गहरी थी।

सुनक संरा महासभा की बैठक में रह सकते हैं अनुपस्थित

लंदन, 4 अगस्त (एजेंसियां)। श्री ऋषि सुनक एक दशक बाद संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक में शामिल नहीं होने वाले ब्रिटेन के पहले प्रधानमंत्री बन सकते हैं। ब्रिटिश अखबार 'द टेलीग्राफ' ने सूत्रों के हवाले से अपनी रिपोर्ट में बताया है कि श्री सुनक अंतरराष्ट्रीय मुद्दों पर आयोजित होने वाली संरा महासभा की वार्षिक उच्चस्तरीय बैठक में अनुपस्थित रह सकते हैं। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक न्यूयॉर्क में सितंबर में होने वाली संरा महासभा की बैठक में विश्वभर के नेता जुटेंगे। श्री सुनक ने अभी तक आधिकारिक तौर पर इस बैठक शामिल होने की आधिकारिक तौर पर पुष्टि नहीं की है। संरा के लिए आयक्रम को तैयार करने वाले एक सूत्र ने गुरुवार को अखबार से कहा, यह श्री सुनक पर निर्भर है।अभी तक कुछ भी तय नहीं हुआ है। अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक श्री सुनक अक्टूबर में होने वाली कंजरवेटी पार्टी की वार्षिक बैठक की तैयारी को लेकर अमेरिका के दौरे पर नहीं जाने का विचार कर रहे हैं। इस बैठक में 2024 में होने वाले चुनाव के लिए प्रधानमंत्री के दृष्टिकोण तैयार किये जाने की उम्मीद है। इसके अलावा श्री सुनक जी-20 की बैठक में शामिल होने के लिए भारत के दौरे पर जाने वाले हैं और मंत्रिमंडल विस्तार की संभावना है। उल्लेखनीय है श्री डैविड कैमरून ब्रिटेन के आखिरी प्रधानमंत्री हैं, जो 2013 में बतौर प्रधानमंत्री संरा महासभा की बैठक में शामिल नहीं हुए थे।

स्विटजरलैंड में कोरोना का एक नया मामला सामने आया

जेनेवा, 4 अगस्त (एजेंसियां)। स्विटजरलैंड में केवल 46 प्रतिशत देशों और क्षेत्रों में जुलाई में कोरोनो वायरस का एक नया मामला दर्ज किया गया है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने यह जानकारी दी। डब्ल्यूएचओ ने गुरुवार को कोविड-19 पर एक साप्ताहिक महामारी विज्ञान अपडेट में कहा, वर्तमान में, वैश्विक स्तर पर परीक्षण में कमी के कारण रिपोर्ट किए गए मामले संक्रमण दर का सटीक प्रतिनिधित्व नहीं करते हैं। इस 28-दिन की अवधि के दौरान, 46 प्रतिशत (234 में से 107) देशों और क्षेत्रों ने डब्ल्यूएचओ को कोरोना के एक नए मामले की सूचना दी। जो 2022 के मध्य से गिरावट आ रही है। जुलाई में डब्ल्यूएचओ को 10 लाख से अधिक नए कोविड-19 मामले बताए गए और पिछले महीने संक्रमण से लगभग 3,100 लोगों की मौत हो गई। तीस जुलाई तक, विश्व स्तर पर डब्ल्यूएचओ को पुष्टि किए गए कोविड-19 के 76.80 करोड़ मामले और 69 लाख कोरोनो वायरस से संबंधित मौतों की सूचना दी गई है।



आज का इतिहास

1775- बंगाल नवाब के अधिकारी नंदकुमार को कलकत्ता (अब कोलकाता) में फांसी दी गई।
1874- जापान ने डाक बचत प्रणाली शुरू की।
1914- अमेरिका में पहली बार इलेक्ट्रिक ट्रैफिक लाइट लगाई गई।
1914- क्यूबा, उरुग्वे, मैक्सिको और अर्जेंटीना ने प्रथम विश्व युद्ध में भाग नहीं लेने की घोषणा की।
1915- प्रथम विश्व युद्ध में वारसा पर जर्मनी का अधिकार हो गया यह क्षेत्र पहले रूस के अधिकार में था।
1921- अमेरिका और जर्मनी ने बर्लिन शांति समझौते पर हस्ताक्षर किए।
1923- हेनरी सुलिवान इंग्लिश चैनल पार करने वाले पहले अमेरिकी तैराक बने।
1930- अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री नील आर्मस्ट्रॉंग का जन्म।
1949- इक्वाडोर की राजधानी क्विटो में 6.7 की तीव्रता के भूकंप से छह हजार लोगों की मौत।
1960- अफ्रीकी देश बुर्किनाफासो ने स्वतंत्रता की घोषणा की।
1962- मशहूर हॉलीवुड अभिनेत्री मर्लिन मुनरो अपने लॉस एंजेलिस स्थित आवास पर मृत पाई गईं।
1963- रूस ब्रिटेन और अमेरिका ने मॉस्को में परमाणु परीक्षण निषेध सन्धि की।
1974- बॉलीवुड अभिनेत्री काजोल देवगन का जन्म।
1991- न्यायमूर्ति लीला सेठ दिल?ली उच्च न्यायालय में पहली महिला न्यायधीश बनीं।

परेशानी *संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन ने जारी की रिपोर्ट*

खाद्य वस्तुओं की कीमतों में आई तेजी

रोम, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत से चावल के गैर-बासमती चावल निर्यात पर प्रतिबंध और काला सागर से सटे देशों से अनाज की आपूर्ति बाधित होने के कारण चालू वर्ष के जुलाई में अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्यान्न की कीमतों में मजबूती आयी है। संयुक्त राष्ट्र के खाद्य एवं कृषि संगठन (एफएओ) ने गुरुवार को यहां एक रिपोर्ट में कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्यान्न की कीमतों में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गयी है।

जुलाई 2022 में खाद्यान्न की कीमतों में 11.8 प्रतिशत की गिरावट आयी थी। रिपोर्ट के अनुसार, चावल मूल्य सूचकांक में इस महीने में 2.8 प्रतिशत तक तेजी आयी है और साल में 19.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जो सितंबर 2011 के बाद से सबसे ज्यादा बढ़ोतरी है। भारत ने 20 जुलाई को गैर-बासमती चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगा दिया था जिसके कारण अंतरराष्ट्रीय बाजार में चावल की कीमतों में तेजी देखी गयी है। इससे आपूर्ति श्रृंखला पर भारी दबाव है। एफएओ ने कहा कि चावल के निर्यात पर प्रतिबंध के कारण गरीब आबादी पर गहरा संकट आने की आशंका है। इसका असर खरीद, उत्पादन और उपभोग पर पड़ सकता है जिसके दूरगामी परिणाम होंगे। कई देशों को घरेलू स्तर पर उच्च मुद्रास्फीति का सामना कर पड़ सकता है। गरीबों लोगों को मुख्य भोजन चावल ही है क्योंकि यह सस्ता है लेकिन चावल की बढ़ती कीमतों पर दुनिया भर में पर्याप्त खाद्य सुरक्षा को लेकर चिंता हो गयी है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ब्राजील और भारत में गन्ने की अच्छी फसल होने की वजह से एफएओ के चीनी मूल्य सूचकांक में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई है। दुनिया के सबसे बड़े चीनी आयातकों इंडोनेशिया और चीन की मांग में भी कमी आई है। इस वर्ष में भारत में गन्ना उत्पादक क्षेत्रों में मानसून की अच्छी बरसात हुई है जिसके कारण चीनी का उत्पादन बढ़ने के आसार हैं। एफएओ के वनस्पति तेल मूल्य सूचकांक में तेजी से बढ़ोतरी हुयी है, जिसमें सात महीनों तक लगातार गिरावट के बाद जून से 12.1 प्रतिशत तक वृद्धि हुयी है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सूरजमुखी तेल मूल्यों में इस महीने में 15 प्रतिशत से अधिक की बढ़ोतरी इसलिए हुयी है क्योंकि रूस ने काला सागर से अनाज की आपूर्ति नहीं करने का निर्णय लिया है। प्रमुख उत्पादक देशों में पाम, सोया और रेपसीड तेलों का उत्पादन नहीं करने की आशंका के चलते, दुनिया भर में इनकी कीमतें बढ़ गई।

■ अंतरराष्ट्रीय बाजार में खाद्यान्न की कीमतों में 1.3 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज

दुनिया को जानें

अमेजन वनों की कटाई सबसे निचले स्तर पर आई

ब्राजीलिया, 4 अगस्त (एजेंसियां)। ब्राजील में अमेज़न वर्षावन में वनों की कटाई का स्तर 2017 के बाद से सबसे निचले स्तर पर आ गया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, ब्राजील की अंतरिक्ष एजेंसी इनपे द्वारा गुरुवार को साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पिछले महीने देश में 500 वर्ग किमी वर्षावनों को साफ किया गया, जो जुलाई 2022 की तुलना में 66 प्रतिशत कम था। इंपे ने कहा कि 2023 के पहले सात महीनों में काटे गए जंगल का क्षेत्र 2022 में इसी अवधि में काटे गए जंगल की तुलना में कम है। एजेंसी के आंकड़ों से यह भी पता चला कि अधिकारी अवैध कटाई में शामिल लोगों के खिलाफ कार्रवाई कर रहे हैं। बीबीसी ने इंपे के हवाले से बताया कि इस साल के पहले सात महीनों में लगाया गया जुर्माना 400 मिलियन डॉलर से अधिक हो गया है, जो पहले के मुकाबले लगभग 150 प्रतिशत की वृद्धि है। जब जनवरी में राष्ट्रपति लुइज़ इनासियो लूला डी सिल्वा ने पदभार संभाला, तो उन्होंने अपने पूर्ववर्ती जायर बोल्सोनारो के चार साल के कार्यकाल के दौरान हुए नुकसान को रोकने का वादा किया था।

खेल जगत

विलियमसन प्रशिक्षण शिविर में अभ्यास में शामिल हुए

माउंट माउंगानुई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। घुटने की चोट से उबरने के बाद केन विलियमसन न्यूजीलैंड टीम के प्रशिक्षण शिविर में शामिल हो गए हैं। विलियमसन को उनके दाहिने घुटने में क्रूसिएट लिगामेंट (एसीएल) के टूटने के कारण कुछ समय के लिए टीम से बाहर कर दिया गया था लेकिन चोट से उबरने के साथ वह नेट्स में गेंदों को हिट कर रहे हैं। शुक्रवार को आईसीसी की एक रिपोर्ट में कहा गया, विलियमसन ने मीडिया को बताया कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी से पहले उन्हें अभी भी थोड़ा काम करना बाकी है। माउंट माउंगानुई के बे ओवल में प्रशिक्षण शिविर से बोलते हुए विलियमसन ने कहा, कुछ लोगों और कुछ नए चेहरों को देखकर बहुत अच्छा लगा। टीम कैंप का इंतजार कर रहा हूं। यहां घर पर और माउंट माउंगानुई में इसका आयोजन करके और कुछ प्रशिक्षण लेकर और थोड़ा सा फिर से जुड़कर अच्छा लगा।

अंत तक टिके रहने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत थी : अर्शदीप

तारौबा(त्रिनिदाद), 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने स्वीकार किया कि टीम को अंत तक बल्लेबाजी करने के लिए किसी की जरूरत थी, जिससे ब्रायन लारा क्रिकेट स्टेडियम में मेहमान टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज का पहला मैच हारने से बचाया जा सकता था। 150 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत नौ विकेट पर 145 रन पर सिमट गया, उसे एक समय 29 में से 37 रन की जरूरत थी। आखिरी ओवर में समीकरण दस रन तक पहुंचने के बावजूद, भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे होने के लिए आवश्यक रन नहीं बना सका। भारत अब रविवार को गयाना के प्रोविडेंस स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरा टी20 मैच खेलेगा।

मैच के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस में अर्शदीप ने कहा, हम मैच की समीक्षा करेंगे (जहां हम बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे)। जैसे, हम पहली पारी में क्या बेहतर कर सकते थे। जहां हम गेंद के साथ चीजों को चुस्त-दुरुस्त रख सकते थे और दूसरी पारी में एक बल्लेबाजी इकाई के रूप में हम फिनिशिंग में कहां चूक गए मुझे लगता है कि हमें अंत तक टिके रहने के लिए एक बल्लेबाज की जरूरत थी, क्योंकि उनके आखिरी दो ओवरों में, पांच क्षेत्ररक्षक 30-यार्ड सर्कल के अंदर थे। भारत के लक्ष्य का पीछा करने के 19वें ओवर में, अर्शदीप ने 12 रन पर रन आउट होने से पहले दो चौके लगाए, लेकिन धीमी पिच पर भारत को फिनिश लाइन पर नहीं ला सके, जिस पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था। कोई भी खिलाड़ी जो उस तरह की स्थिति में है, उसे विश्वास है कि वह टीम के लिए मैच जीत सकता है।

जब आप अपने देश के लिए खेल रहे होते हैं, तो आपको हमेशा अतिरिक्त दबाव मिलता है कि हां, आपको अपनी टीम के लिए मैच जीतना है। मैं, कुलदीप, चहल रन जुटाने के लिए उपलब्ध विकल्पों पर चर्चा कर रहे थे, लेकिन अंत में हम थोड़ा पीछे रह गए। यह पूछे जाने पर कि क्या भारत की बल्लेबाजी का केवल सातवें नंबर तक चलना और टेल का आठवें नंबर से शुरू होना चिंता का कारण है, अर्शदीप ने उन सुझावों को खारिज कर दिया। ज़रूरी नहीं। इस तरह की बात हमेशा मैच खत्म होने के बाद आती है. हमने जो अंतिम एकादश उतारी थी, हमें पूरा भरोसा था कि हम मैच जीतेंगे।

हम हमेशा अपनी अंतिम एकादश का समर्थन करते हैं चाहे उसमें छह गेंदबाज हों या नौ। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता क्योंकि हम हमेशा उन ग्यारह खिलाड़ियों का समर्थन करते हैं जिन्हें टीम के लिए मैच जीतने के लिए मैदान में उतारा गया है। हार में भारत के लिए युवा बल्लेबाज तिलक वर्मा का शानदार डेब्यू शानदार रहा। दो शानदार कैच लेने के बाद, वर्मा पहली बार अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 22 गेंदों में 177.27 के स्ट्राइक रेट से दो चौकों और तीन छक्कों की मदद से 39 रनों की पारी खेली। मैं यह नहीं कह सकता कि यह निर्णायक मोड़ था। यह उनके खेलने की शैली है, वह काफी आक्रामक शॉट खेलते हैं और उनमें वह मौके देंगे। लेकिन जैसा कि हमने देखा है, वह बेहद प्रतिभाशाली हैं और उन्होंने अपने डेब्यू में बहुत अच्छा प्रदर्शन किया। जब वह बेहद दबाव में था और यह मत भूलो कि हम लक्ष्य का पीछा कर रहे थे, उसने कुछ खूबसूरत शॉट खेले। मुझे लगता है कि उन्हें हमेशा अपने खेल का समर्थन करना चाहिए और भविष्य में वह टीम को कई मैच जीतने में मदद करेंगे। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज, जिन्होंने 19वें ओवर में चार वाइड देते हुए अपने चार ओवरों में 2-31 रन खर्च किये, उनका मानना है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में निरंतरता बनाए रखनी होगी और गलतियां करने की संभावना कम रखनी होगी। आईपीएल पहले से ही उच्च स्तर का खेल है। लेकिन क्या वह कौशल है जो आपको अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में अच्छी स्थिति में रखता है और साथ ही, आपको यहां निरंतरता बनाए रखनी होगी क्योंकि गलती करने की संभावना वास्तव में कम है और यदि आप उस तरफ हैं तो आपको सजा मिलती है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लगातार बने रहना और आपके सामने कोई भी टीम खेल रही हो, अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना बहुत महत्वपूर्ण है।

17 साल के गुकेश ने लाइव रेटिंग में आनंद को पछाड़ा, भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी बने

मुंबई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। 17 वर्षीय डोम्माराजू गुकेश ने बाकू, अजरबैजान में फिडे विश्व कप के पहले दौर में जीएम मिसरतदीन इस्कंदरोव के साथ अपने दूसरे दौर के मैच में दो गेम जीते और लाइव रेटिंग में विश्वनाथन आनंद को पीछे छोड़ते हुए विश्व में सर्वोच्च रैंक वाले भारतीय शतरंज खिलाड़ी बन गए। इस्कंदरोव (ईएलओ 2559) के खिलाफ गुरुवार शाम को पहले दौर में जीत ने उन्हें लाइव रेटिंग में 2755.9 तक पहुंचने में मदद की, जिससे वह आनंद की 2754 की रेटिंग से आगे निकल गए, जिससे वह मार्च 2016 में पेंटला हरिकृष्णा के बाद लाइव रेटिंग में आनंद से आगे निकलने वाले दूसरे भारतीय खिलाड़ी बन गए। भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी के रूप में रेटिंग, यह पद पांच बार के विश्व चैंपियन ने 1986 के बाद से 37 वर्षों तक कायम रखा है। हरिकृष्णा केवल एक दिन के लिए भारत के नंबर 1 शतरंज खिलाड़ी थे, क्योंकि आनंद ने अगले दिन अपना मैच जीता और इस स्थान को वापस ले लिया।

1986 के बाद यह पहली बार होगा कि कोई भारतीय प्रकाशित फिडे रैंकिंग में विशी आनंद से आगे निकल जाएगा। पिछले कुछ वर्षों से शतरंज सर्किट में कम ही खेल रहे आनंद के साथ, ऐसी संभावना है कि गुकेश लंबे समय तक भारत के नंबर 1 खिलाड़ी बने रहेंगे और कई वर्षों तक उस स्थान को बनाए रखेंगे। मैग्नस कार्लसन का रिकॉर्ड तोड़कर 2750 रेटिंग तक पहुंचने वाले विश्व के सबसे युवा खिलाड़ी गुकेश को अब 1 सितंबर को फिडे द्वारा अगली रैंकिंग प्रकाशित करने पर अपनी रेटिंग 2754 से ऊपर बनाए रखनी होगी।

गुकेश, जो मार्च 2019 में 12 साल, 7 महीने, 17 दिन की उम्र में सबसे कम उम्र के भारतीय ग्रैंडमास्टर बने, विश्व में सबसे कम उम्र के ग्रैंडमास्टर बनने से चूक गए और सर्गेई कारजाकिन के रिकॉर्ड से सिर्फ 17 दिन पीछे रह गए। 2022 में, इन दोनों को भारतीय मूल के अमेरिकी खिलाड़ी अभिमन्यु मिश्रा ने 12 साल, 4 महीने, 25 दिन की उम्र में पीछे छोड़ दिया है। चेन्नई में जन्मे गुकेश, जिन्होंने अप्रैल 2022 में विश्व में शीर्ष 100 में जगह बनाई, ने रैंकिंग में तेजी से वृद्धि जारी रखी और 1 अगस्त को जब रैंकिंग आखिरी बार प्रकाशित हुई थी, तब उन्हें 2751 की रेटिंग के साथ विश्व में 11वें स्थान पर रखा गया था।

अक्टूबर 2022 में, 16 साल की उम्र में, जीएम विष्णु प्रसन्ना द्वारा प्रशिक्षित गुकेश, एमचेस रैपिड टूर्नामेंट में एक गेम में तत्कालीन विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन को हराने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए। वर्तमान में, लाइव रेटिंग में, गुकेश 2755.9 की रेटिंग के साथ विश्व में 9वें स्थान पर हैं और आनंद (2754) 10वें स्थान पर हैं।

तिलक वर्मा को डेवाल्ड ब्रेविस से मिला खास तोहफा

तारौबा, 4 अगस्त (आईएएनएस)। वेस्टइंडीज के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मैच में तिलक वर्मा ने अपने डेब्यू में शानदार बल्लेबाजी और फील्डिंग से सभी को प्रभावित किया। अब उन्हें उनके एक दक्षिण अफ्रीकी दोस्त ने खास तोहफा दिया है। वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 सीरीज के पहले मैच में बेशक टीम इंडिया को हार मिली हो, लेकिन इस मैच में डेब्यू कर रहे तिलक वर्मा ने अपने शानदार खेल से सबको प्रभावित किया। इस युवा बल्लेबाज ने दो अच्छे कैच लेने के बाद, धीमी पिच पर 177.27 के स्ट्राइक रेट के साथ दो चौके और तीन छक्कों की मदद से 39 रन की शानदार पारी खेली।

हालांकि भारत पांच मैचों की श्रृंखला में 0-1 से पीछे रहकर चार रन से हार गया, लेकिन तिलक की अच्छी बल्लेबाजी ने सबका दिल जीत लिया। इस मौके पर बीसीसीआई ने अपने सोशल मीडिया पर एक वीडियो साझा किया है, जिसमें तिलक के लिए उनके अफ्रीकी दोस्त ने खास मैसेज दिया। इस वीडियो में एक रिकॉर्डेड मैसेज सुनाया जा रहा है। ब्रेविस ने तिलक को उनके डेब्यू पर बधाई दी। ये मैसेज देख तिलक हैरान रह गए, ब्रेविस ने अपने और अपने परिवार की तरफ से तिलक को बधाइयां दी। उन्होंने तिलक से कहा कि जब उन्होंने दूसरी और तीसरी गेंद पर चौका मारा तो उनके रौंगटे खड़े हो गए थे। ब्रेविस ने साथ ही कहा कि उनका सपोर्ट हमेशा तिलक के साथ रहेगा।

भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीता

विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप

बर्लिन (जर्मनी), 4 अगस्त (एजेंसियां)। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी की भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने शुक्रवार को विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप 2023 में स्वर्ण पदक जीता। यह किसी भी वर्ग में तीरंदाजी विश्व चैंपियनशिप में भारत का पहला स्वर्ण है। भारतीय तिकड़ी ने फाइनल में मैक्सिकन टीम डैफने क्विंटेरो, एना सोफिया हर्नांडेज़ जियोन और एंड्रिया बेसेरा को 235-229 से हराया।

सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय महिला कंपाउंड टीम ने मौजूदा चैंपियन कोलंबिया को 220-216 से हराया। पहले राउंड में बाई मिलने के बाद टीम ने क्रमशः क्वार्टर फाइनल और प्री-क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे और तुर्की की चुनौती पर काबू पा लिया। बर्लिन प्रतियोगिता से पहले, भारत ने विश्व तीरंदाजी चैंपियनशिप में 11 पदक जीते थे - नौ रजत और दो कांस्य।

2017 और 2021 में रजत और 2019 में कांस्य के बाद यह स्वर्ण विश्व चैंपियनशिप में कंपाउंड महिला टीम में भारत का लगातार चौथा पदक था। ज्योति वेन्नम सभी चार पदक विजेता टीमों का हिस्सा रही हैं। दूसरी ओर, अभिषेक वर्मा, ओजस देवताले और प्रथमेश जावकर की भारतीय कंपाउंड पुरुष टीम नीदरलैंड से 230-235 से हारकर क्वार्टर फाइनल में बाहर हो गई।

मिश्रित कंपाउंड टीम स्पर्धा में ओजस देवताले और ज्योति सुरेखा वेन्नम को क्वार्टर फाइनल में यूएसए के हाथों 154-153 से हार का सामना करना पड़ा। ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर और अदिति गोपीचंद स्वामी शनिवार को व्यक्तिगत महिला कंपाउंड क्वार्टर फाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगे, जबकि ओजस देवतले पुरुष वर्ग के शीर्ष आठ में एकमात्र भारतीय हैं।

सार संक्षेप

इंग्लैंड के एलेक्स हेल्स ने की संन्यास की घोषणा

लंदन। इंग्लैंड को 2022 में टी-20 विश्व कप का विजेता बनाने में अहम योगदान देने वाले एलेक्स हेल्स ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर को अलविदा कह दिया है। हेल्स ने एक दशक से अधिक लंबे करियर के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। हेल्स ने सोशल मीडिया पर कहा, मैंने कुछ यादें और कुछ दोस्ती जीवन भर के लिए बना ली है और मुझे लगता है कि अब आगे बढ़ने का सही समय है। हेल्स ने कहा, इंग्लैंड की शर्ट में अपने पूरे समय के दौरान मैंने कुछ उच्चतम चढ़ावों के साथ-साथ कुछ सबसे निचले चढ़ावों का भी अनुभव किया है। यह एक अविश्वसनीय यात्रा रही है और मुझे बहुत संतोष है कि इंग्लैंड के लिए मेरा आखिरी गेम विश्व कप फाइनल जीतना था। हेल्स ने इस साल की शुरुआत में बांग्लादेश के खिलाफ टी20 मैच से अपना नाम वापस ले लिया था। टी-20 विश्वकप से पहले हेल्स का अचानक सन्यास लेना इंग्लैंड के लिये एक बड़ा झटका माना जा रहा है। इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज ने अपने अंतर्राष्ट्रीय करियर के दौरान 156 मैच खेले और 5000 से अधिक रन बनाये हैं।

भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के लिए आयरलैंड टीम घोषित

डबलिन। भारत के खिलाफ 18 अगस्त से शुरू होने वाली तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिये आयरलैंड ने 15 सदस्यीय टीम की घोषणा कर दी है। अगले साल होने वाले टी-20 विश्वकप में अपना स्थान सुनिश्चित करने के बाद आयरलैंड टीम पहली बार टी-20 सीरीज खेलेगी। टीम में मुख्य रूप से वे खिलाड़ी शामिल किये गये हैं जो पिछले महीने विश्व कप क्वालीफाइंग अभियान का हिस्सा थे। आयरलैंड के चयनकर्ता एंड्रयू व्हाइट ने कहा, स्कॉटलैंड में हालिया क्वालीफाइंग अभियान अगले टी20 विश्व कप के लिए हमारी रणनीतिक योजना का पहला चरण था। विश्वकप से पहले हमे लगभग 15 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने हैं। इसलिए यह भी महत्वपूर्ण है कि हम अपने पास मौजूद अवसरों का उपयोग करें।मुझे उम्मीद है कि भारत के खिलाफ घरेलू सीरीज टीम में नामित सभी 15 खिलाड़ी किसी न किसी समय शामिल होंगे। आयरलैंड टी20 टीम- पॉल स्टर्लिंग (कप्तान), एंड्रयू बालबर्नी, मार्क अडायर, रॉस अडायर, कर्टिस कैंपर, गैरेथ डेलानी, जॉर्ज डॉकरेल, फिओन हैंड, जोश लिटिल, बैरी मैक्कार्थी, हैरी टेक्टर, लोर्कन टकर, थियो वैन वोर्कोम, बेन व्हाइट, क्रेग यंग।

यांग के गोल से पिछड़ने के बाद द. कोरिया ने पाक से मैच ड्रॉ कराया

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

■ शाहिद के गोल से बढ़त लेने के बाद पाक ने जीत का मौका गंवाया

चेन्नै, 4 अगस्त (देशबन्धु)। विंगर अब्दुल राणा और अब्दुल शाहिद की लिंकमैन के रूप में खेल अपने अनुभवी कप्तान उमर बुट्टा के बेहतरीन अभियानों पर दोनों छोर से हमले बोल कर मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया की मजबूत घेरेबंदी को तोडने की रणनीति पाकिस्तान के बहुत काम आई।19 बरस के अब्दुल शाहिद के मैच 18 वें मिनट में दागे बेहतरीन मैदानी गोल की बदौलत पाकिस्तान ने बढ़त ली लेकिन जिहुन यांग के खेल खत्म होने के सात मिनट पहले पेनल्टी स्ट्रोक पर दागे गोल की बदौलत मौजूदा चैंपियन दक्षिण कोरिया पुरुष एशियन चैंपियंस ट्रॉफी ,चेन्नै 2023 में एक-एक गोल की बराबरी पर रोक अंक बांटे। पाकिस्तान को इस बात का जरूर मलाल रहा कि उसने बेहतर तालमेल से खेलते हुए बढ़त और बराबर दबाव बनाने के बावजूद जीत का मौका गंवा दिया। दक्षिण कोरिया ने मैच में मिले आठ में एक पेनल्टी कॉर्नर पर पेनल्टी स्ट्रोक हासिल कर बराबरी का गोल करने के अलावा बाकी एक का भी उपयोग नहीं किया। वहीं पाकिस्तान को इस बात का मलाल रहा कि वह मैच में मिले पांच पेनल्टी कॉर्नर में एक को भी गोल में नहीं बदल पाई।, दक्षिण कोरिया की टीम लगातार दूसरे राउंड रॉबिन लीग मैच में पिछड़ी लेकिन शुक्रवार को वह पिछडने के बाद बृहस्पतिवार जापान पर 2-1 की तरह जीत हासिल करने में नाकाम रही। दक्षिण कोरिया के दो मैचों के बाद चार अंक हैं जबकि पाकिस्तान ने इस ड्रॉ के साथ पहला अंक हासिल किया। मलयेशिया ने पाकिस्तान को बृहस्पतिवार को पहले मैच में 3-1 से हराकर आगाज किया

अनुभवी कप्तान उमर बुट्टा के बेहतरीन अभियानों पर विंगर अब्दुल राणा और अब्दुल शाहिद की लिंकमैन के रूप में खेल अपने दोनों छोर से हमले बोल कर दक्षिण कोरिया की मजबूत घेरेबंदी को तोडने की रणनीति पाकिस्तान के बहुत काम आई। बराबर हमले बोलने के साथ पाकिस्तान ने पहले क्वॉर्टर में दो पेनल्टी कॉर्नर किए लेकिन इन पर उसकी इनडायरेक्ट और अरफराज के तेज फ्लिक की रणनीति कारगर नहीं रही। अब्दुल राणा दाएं से बाएं से तेजी से गेंद को लेकर डी में पहुंचे और दक्षिण कोरिया के हाईसियुंग को छका दाएं डी में पहुंचे अब्दुल शाहिद के लिए गेंद बढ़ा दी। 19 बरस के अपना 20 वां अंतर्राष्ट्रीय मैच खेल रहे अब्दुल शाहिद ने मैच के 18 वें मिनट में दक्षिण कोरिया के गोलरक्षक जाईहयुन किम के संभलने से पहले से तेजी से गेंद को फ्लिक कर गोल में डाल पाकिस्तान को 1-0 से आगे कर सभी को चौंका दिया।

भारतीय महिला फुटबॉलर संजू चोट के दु:स्वप्न से उबरकर कैंप में लौटीं

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय महिला फुटबॉलर संजू ने चोट के दु:स्वप्न पर काबू पा लिया है और लंबे अंतराल के बाद आखिरकार राष्ट्रीय टीम शिविर में वापस आ गई हैं। पिछले साल भुवनेश्वर के कलिंगा स्टेडियम में भारतीय महिला लीग के दौरान एक मैच कुछ मिनटों के लिए अचानक रुक गया था जब एक युवा फुटबॉलर मैदान पर दर्द से कराहते हुए जोर से चिल्लाने लगी थी। जब आस-पास मौजूद सभी लोग भयभीत होकर चुपचाप देखते रहे, तो रोती हुई खिलाड़ी संजू को स्ट्रेचर पर मैदान से बाहर ले जाया गया। देश के प्रमुख मिडफील्डरों में से एक संजू के लिए यह चोट बहुत बड़ा झटका थी। उसने हाल ही में सेथु एफसी में पदार्पण किया था और पिछले मुकाबले में प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार जीता था, इससे पहले कि उसे उस दुर्भाग्यपूर्ण शाम को बाहर किया जाना था। यह संजू की ख़राब किस्मत का अंत नहीं था। जब उसे एक स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, तो डॉक्टरों ने पुष्टि की कि उसके दाहिने पैर में एसीएल चोट लगी है।

सिंधु का सफर खत्म, प्रणॉय और रजावत अंतिम चार में

सिडनी 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारत की स्टार शटलर और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधु को शुक्रवार को ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 बैडमिंटन प्रतियोगिता क्वार्टर-फाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

प्रतियोगिता में पांचवीं वरीयता प्राप्त सिंधु को अमेरिका की बेइवेन झांग ने 21-12, 21-17 से हराया। मैच की शुरुआत से ही अमेरिकी खिलाड़ी ने सिंधु पर अपना दबदबा बनाए रखा। बेइवेन झांग ने पहले गेम में 10-5 की बड़ी बढ़त हासिल कर अपनी पकड़ मज़बूत कर ली जिसके बाद भारतीय शटलर वापसी करने में असफल रहीं और उन्हें पहले गेम में हार झेलनी पड़ी।

इस साल अपने पहले बीडब्लूएफ खिताब की खोज में जुटी 28 वर्षीय भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी के लिए क्वार्टर-फाइनल मुक़ाबले के दूसरे गेम को जीतना काफी अहम हो गया था। बैडमिंटन विश्व रैंकिंग में 17वें नंबर पर काबिज़ भारतीय शटलर के दूसरे गेम की शुरुआत भी इतनी अच्छी नहीं रही और वह अमेरिकी शटलर से लगातार पिछड़ती रहीं जिसके कारण उन्हें दूसरे गेम में भी हार का सामना करना पड़ा और इसी के साथ इस टूर्नामेंट में उनका सफर भी समाप्त हो गया। उधर, भारतीय शीर्ष पुरुष शटलर एचएस प्रणॉय ने बैडमिंटन विश्व रैंकिंग के दूसरे नंबर के इंडोनेशियई खिलाड़ी एंथनी सिनिसुका गिंटिंग को 2-1 से हराकर इस बीडब्लूएफ सुपर 500 टूर्नामेंट के सेमीफ़ाइनल में जगह सुनिश्चित की। मैच के पहले गेम में पिछड़ने के बावजूद विश्व रैंकिंग के नौवें नंबर के भारतीय शटलर ने दूसेर गेम में वापसी करते हुए मैच में 1-1 की बरीबरी की।

अतिंम और निर्णायक गेम में भारतीय शटलर ने आक्रामक रुख़ अख्तियार करते हुए गिंटिंग के ख़िलाफ़ शुरुआती बढ़त हासिल की। रोमांचक और तीसरे गेम में शुरुआती बढ़त हासिल करने के बाद, उन्होंने फिर लगातार अपनी बढ़त में इज़ाफ़ा करते हुए मैच को अपने नाम कर प्रतियोगिता के अगले राउंड में जगह बना ली। एक अन्य पुरुष एकल मुक़ाबले में विश्व बैडमिंटन रैंकिंग के 33वें नंबर के खिलाड़ी प्रियांशू रजावत ने विश्व बैडमिंटन रैंकिंग में 19वें नंबर के भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी और हमवतन किदांबी श्रीकांत को हराकर प्रतियोगिता के सेमी-फाइनल में जगह बनाई। प्रियांशू ने अपने सीनियर हमवतन को 30 मिनट तक चले मैच में 21-13, 21-8 से हराकर सेमीफाइनल का टिकट हासिल किया। 21 वर्षीय प्रियांशू रजावत इस साल पहले ही ऑरलियन्स मास्टर्स का ख़िताब अपने नाम कर चुके हैं।

ऑस्ट्रेलिया ओपन 2023 के नतीजे पेरिस खेलों के लिए खिलाड़ियों की क्वालीफाइंग रैंकिंग में गिने जाएंगे। पेरिस 2024 ओलंपिक में बैडमिंटन के लिए क्वालिफिकेशन विंडो एक मई से शुरू हो चुकी है।

देशबन्धु

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढने वाले शेयर

एनटीपीसी	4.02 प्रतिशत
पावर ग्रिड	3.00 प्रतिशत
टेक महिंद्रा	2.28 प्रतिशत
टाटा स्टील	2.16 प्रतिशत
टीसीएस	1.96 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

बजाज फाइनेंस	1.12 प्रतिशत
कोटक बैंक	1.09 प्रतिशत
हिंदुस्तान यूनीलीवर	0.91 प्रतिशत
आईटीसी	0.63 प्रतिशत
भारती एयरटेल	0.46 प्रतिशत

सर्राफा

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	47,310
बिटुर	47,320
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	31,400
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	70,096
वायदा	70,183
चांदी सिक्का लिवाली	870
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	67.77	78.57
पौड स्टर्लिंग	90.94	105.45
यूरो	76.54	88.78
चीन युआन	08.24	13.38

अनाज

देसी गेहूँ एमपी	2500-3000
गेहूं दडा	2150-2160
आटा	2800-2290
मैदा	945-950
चोकर	620-630

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

चावल

बासमती औसत किस्म	4500-4600
परमल	1750-1775
चावल सेला	2250-2350
आरआर (आठ)	1650-1670

दाल-दलहन

चना	4,850-4,950
दाल चना	4,850-4,950
मसूर काली	7,800-7,900
उड़द दाल	10300-10400
मूंग दाल	7,900-8,000
अरहर दाल	9700-9800

पेट्रोल और डीजल की कीमतें स्थिर

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेजी लौटने के बावजूद घरेलू स्तर पर पेट्रोल और डीजल के दाम आज भी स्थिर रहे, जिससे दिल्ली में पेट्रोल 96.72 रुपए प्रति लीटर तथा डीजल 89.62 रुपए प्रति लीटर पर पड़े रहे। तेल विपणन करने वाली प्रमुख कंपनी हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन की वेबसाइट पर जारी दरों के अनुसार, देश में आज पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। दिल्ली में इनकी कीमतों के यथावत रहने के साथ ही मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपए प्रति लीटर पर और डीजल 94.27 रुपए प्रति लीटर पर रहा।

विश्वसनीय हार्डवेयर और सिस्टम सुनिश्चित करने के लिए पीसी, टैबलेट पर आयात प्रतिबंध: केंद्र

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। केंद्र सरकार ने शुक्रवार को पीसी, लैपटॉप और टैबलेट आयात पर प्रतिबंधित के बारे में उपभोक्ताओं की आशंकाओं को दूर करते हुए कहा कि इसका उद्देश्य विश्वसनीय हार्डवेयर तथा सिस्टम सुनिश्चित करना और इन हार्डवेयर श्रेणियों में घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देना है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा कि भारत लैपटॉप और सर्वर आदि सहित डिजिटल उत्पादों के लिए दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन रहा है।

उन्होंने ट्विटर (अब एक्स) पर पोस्ट किया, 'विश्वसनीय हार्डवेयर और सिस्टम सुनिश्चित करना, आयात पर निर्भरता कम करना और इस श्रेणी के उत्पादों का घरेलू विनिर्माण बढ़ाना सरकार का उद्देश्य है।' एक ट्विटर यूजर के पोस्ट पर टिप्पणी करते हुए मंत्री ने कहा कि हमारी अर्थव्यवस्था का तेजी से डिजिटलीकरण/क्लाउडीकरण और हमारी डिजिटल अर्थव्यवस्था की तीव्र वृद्धि से मांग बढ़ रही है। उक्त पोस्ट में कहा गया था कि पीसी, लैपटॉप और टैबलेट पर आयात प्रतिबंध केवल उपभोक्ताओं को प्रभावित करेगा।

भारत लैपटॉप और सर्वर आदि सहित डिजिटल उत्पादों के लिए दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ते बाजारों में से एक बन रहा:-राजीव चंद्रशेखर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं आईटी राज्य मंत्री

मंत्री ने कहा, 'यह बिल्कुल भी लाइसेंस राज के बारे में नहीं है। यह आयात का नियमन कर विश्वसनीय और सत्यापन योग्य प्रणाली सुनिश्चित करना और यह तय करना है कि भारतीय टेक इकोसिस्टम जिन आयातित और/या घरेलू स्तर पर निर्मित सिस्टम/उत्पादों का उपयोग करता है वह विश्वसनीय और सत्यापित है।' जैसे ही सरकार ने स्थानीय विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए लैपटॉप, पर्सनल कंप्यूटर और अन्य इलेक्ट्रॉनिक्स वस्तुओं के आयात पर प्रतिबंध की घोषणा की, घरेलू निर्माताओं ने इस कदम पर खुशी जताई।

ऑप्टिमस इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक ए. गुरुराज ने कहा कि सरकार का निर्णय प्रगतिशील है और इसमें देश में स्वदेशी इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण को बढ़ावा देने की क्षमता है और 'मेक इन इंडिया' दृष्टिकोण को प्राप्त करने में भी मदद मिलेगी।

उन्होंने कहा, 'वर्तमान में हमारे पास आईटी हार्डवेयर के लिए उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) है और हम उल्लेखनीय ब्रांडों के लिए लैपटॉप का निर्माण कर रहे हैं। इस कदम से हमें इन उपकरणों के निर्माण की हमारी क्षमता में और विस्तार की उम्मीद है।' वीडियोटेक्स के निदेशक अर्जुन बजाज ने कहा कि वे लैपटॉप, टैबलेट, पीसी और अन्य उत्पादों पर आयात प्रतिबंध लगाकर भारत में घरेलू विनिर्माण के लिए माहौल तैयार करने के लिए सरकार के समर्थन के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा, 'अब फोकस उन संभावित लाभों पर है जो इस तरह के समर्थन से देश में अनुसंधान और विकास (आरएंडडी) और इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण में हो सकते हैं।

नियामक चुनौतियों के कारण संघर्ष कर रहे 20 प्रतिशत भारतीय यूनिकॉर्न

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। भारतीय स्टार्टअप्स ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी लाभप्रदता में काफी सुधार किया है, और भारत में लगभग 50 प्रतिशत यूनिकॉर्न वित्त वर्ष 27 तक लाभदायक होंगे। शुक्रवार को एक रिपोर्ट में यह बताया गया है। हालांकि, बाजार अनुसंधान फर्म रेडसीर के अनुसार, 20 प्रतिशत यूनिकॉर्न के लिए कहानी निराशाजनक है, जो नियामक चुनौतियों, घटती मांगों और अस्पष्ट व्यापार मॉडल के कारण संघर्ष कर रहे हैं। ये यूनिकॉर्न नए मॉडल की ओर रुख कर सकते हैं, अन्य कंपनियों द्वारा अधिग्रहित किए जा सकते हैं या हमेशा के लिए बंद हो सकते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, भारत में 40 सूचीबद्ध/आईपीओ तैयार नए जमाने की कंपनियां या स्टार्टअप होने की संभावना है, जो वित्त वर्ष 2028 तक बढ़कर 90 हो सकती है। रेडसीर के पार्टनर रोहन अग्रवाल के अनुसार, लाभप्रदता पर बढ़ते फोकस के साथ, स्टार्टअप संभावित आईपीओ सहित एक आशाजनक राह के लिए तैयार हैं। वित्त वर्ष 2011 के विपरीत, वित्त वर्ष 2013 में लगभग दोगुनी संख्या में भारतीय यूनिकॉर्न लाभप्रदता की ओर अग्रसर हैं। अग्रवाल ने कहा, 'सास, बी2सी उत्पाद कंपनियां और फिनटेक आईपीओ-तैयार कंपनियां बनाने के लिए सबसे आशाजनक श्रेणियों में से हैं।' इन कंपनियों के पास पर्याप्त राजस्व, सतत विकास, एक मजबूत ईबीआईटीडीए है, और वे रक्षात्मक व्यवसाय मॉडल पर काम करते हैं, जो उन्हें आईपीओ के लिए मजबूत उम्मीदवार बनाते हैं। आईपीओ लाने वाली कंपनियों को तीन प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान देने की जरूरत है।

भारतीय स्टार्टअप्स ने वित्त वर्ष 2024 में अपनी लाभप्रदता में काफी सुधार किया

सबसे पहले, उन्हें प्रतिष्ठा और पारदर्शिता पर जोर देते हुए मजबूत निवेशक संबंध और विश्वास बनाने को प्राथमिकता देनी चाहिए। दूसरे, कंपनियों को आईपीओ से पहले ही संभावित निवेशकों के साथ तालमेल स्थापित करने के लिए सक्रिय रूप से जुड़ना चाहिए। रिपोर्ट में कहा गया है, 'अंत में, निवेशकों को अपने निवेश के बारे में सूचित निर्णय लेने में सक्षम बनाने के लिए व्यवसाय मॉडल और प्रमुख मैट्रिक्स पर स्पष्टता प्रदान करना महत्वपूर्ण है। इन क्षेत्रों पर ध्यान देकर कंपनियां एक सफल आईपीओ की संभावना बढ़ा सकती हैं।'

सुप्रीम कोर्ट से ओप्पो को झटका, बिक्री का 23 प्रतिशत नोकिया को देना होगा

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट ने एक महत्वपूर्ण फैसले में शुक्रवार को दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ चीनी स्मार्टफोन ब्रांड ओप्पो की याचिका खारिज कर दी, जिसमें कंपनी को नोकिया के पेटेंट का उल्लंघन करने के लिए देश में अपनी बिक्री से प्राप्त आय का 23 प्रतिशत जमा करने का निर्देश दिया गया था। दिल्ली उच्च न्यायालय की एक खंडपीठ ने जुलाई में यह आदेश पारित किया था। उसने पाया कि चीनी स्मार्टफोन ब्रांड अपेक्षित सहमति के बिना नोकिया की तकनीक का उपयोग कर रहा था।

भारत में ओप्पो की बिक्री जो उसकी वैश्विक बिक्री का लगभग 23 प्रतिशत है, को ध्यान में रखने के बाद हाई कोर्ट ने 23 प्रतिशत जुर्माने का आदेश दिया था। नोकिया टेक्नोलॉजीज के प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि वह सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत करते हैं।

प्रवक्ता ने कहा, 'ओप्पो निष्पक्ष और उचित शर्तों पर अपने लाइसेंस को नवीनीकृत करने या मामले को सौहार्दपूर्ण ढंग से हल करने के लिए तैयार नहीं है और उसने दो साल तक कोई रॉयल्टी भुगतान किए बिना हमारी तकनीक का इस्तेमाल किया है।' भारत, जर्मनी, ब्रिटेन, नीदरलैंड और ब्राज़ील की अदालतों ने नोकिया के पक्ष में अपने फैसले दिए हैं। नोकिया ने कहा, 'एक बार फिर हम ओप्पो को नियमों के अनुसार चलने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, और अपने प्रतिस्पर्धियों की तरह, इसके बिना काम जारी रखने की बजाय निष्पक्ष और उचित शर्तों पर लाइसेंस के लिए सहमति जताते हैं।'

- कंपनी को नोकिया के पेटेंट का उल्लंघन करने के लिए देश में अपनी बिक्री से प्राप्त आय का 23 प्रतिशत जमा करने का निर्देश दिया गया था
- चीनी स्मार्टफोन ब्रांड अपेक्षित सहमति के बिना नोकिया की तकनीक का उपयोग कर रहा था

ओप्पो ने तीन साल के लिए फिनिश टेलीकॉम गियर कंपनी की कुछ तकनीक का उपयोग करने के लिए 2018 में नोकिया से लाइसेंस प्राप्त किया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक, नोकिया ने आरोप लगाया कि समझौते की समाप्ति के बाद ओप्पो ने रॉयल्टी में एक भी रुपये का भुगतान किए बिना भारत में लगभग 7.7 करोड़ हैंडसेट बेचे। जुलाई 2022 में एक जर्मन अदालत ने ओप्पो के खिलाफ 4जी/5जी पेटेंट विवाद में स्मार्टफोन ब्रांड नोकिया के पक्ष में फैसला सुनाया।

गिज़्मोचाइना के अनुसार, यह मुकदमा नोकिया और ओप्पो के बीच 4जी (एलटीई) और 5जी पेटेंट पर चर्चा टूटने के परिणामस्वरूप हुआ था। नोकिया ने तीन क्षेत्रीय जर्मन न्यायालयों में नौ मानक आवश्यक पेटेंट (एसईपी) और पांच कार्यान्वयन पेटेंट पर ओप्पो पर मुकदमा दायर किया था। लगभग 130.3 अरब डॉलर के भारी निवेश के साथ नोकिया 5जी एसईपी सेगमेंट में स्टैंडर्ड-बियरर है।

शेयर बाजार में लौटी तेजी

मुंबई, 4 अगस्त (एजेंसियां)। वैश्विक बाजार के सकारात्मक रुझान से उत्साहित निवेशकों की स्थानीय स्तर पर वित्तीय सेवाएं, आईटी, दूरसंचार और टेक समेत सोलह समूहों हुई लिवाली की बदौलत आज शेयर बाजार में तेजी लौट आई। बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 480.57 अंक की छलांग लगाकर 65,721.25 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 135.35 अंक उछलकर 19,517 अंक पर पहुंच गया। इसी तरह बीएसई की मझौली और छोटी कंपनियों में भी लिवाली हुई, जिससे मिडकैप 0.65 प्रतिशत की तेजी लेकर 30,162.66 अंक और स्मॉलकैप 0.66 प्रतिशत चढ़कर 35,070.65 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3720 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 2241 में तेजी जबकि 1328 में गिरावट रही वहीं 151 में कोई बदलाव नहीं हुआ। इसी तरह निफ्टी की 30 कंपनियों में लिवाली जबकि 20 में बिकवाली हुई वहीं एक के भाव स्थिर रहे।

बीएसई के 16 समूहों में तेजी रही। इस दौरान कमोडिटीज़ 0.38, सीडी 0.49, ऊर्जा 0.41, एफ एम सी जी 0.07, वित्तीय सेवाएं 0.83, हेल्थ केयर 0.59, इंडस्ट्रियल 0.55, आईटी 1.47, दूरसंचार 1.45, बैंकिंग 0.66, कैपिटल गुड्स 0.66, कंज्यूमर ड्युरेबल्स 0.47, धातु 0.46, रियल्टी 0.08 और टेक समूह के शेयर 1.39 प्रतिशत चढ़ गए। विदेशी बाजारों में तेजी का रुख रहा। इस दौरान ब्रिटेन का एफ टी एस ई 0.08, जर्मनी का डैक्स 0.12, जापान का निक्केई 0.10, हांकांग का हैंगसेंग 0.61 और चीन का शंघाई कंपोज़िट 0.23 प्रतिशत मज़बूत रहा।

	अंतिम भाव ₹ में	% बदलाव
इंडसइंड बैंक	1,408.35	3.25
टेक महिंद्रा	1,175.50	2.91
विप्रो	408.65	2.28
भारती एयरटेल	889.60	2.02
एचसीएल टेक	1,144.25	1.72
ऐक्सिस बैंक	952.10	1.65
एचडीएफसी बैंक	1,652.80	1.48
टीसीएस	3,442.50	1.26
एल एंड टी	2,625.95	1.09
रिलायंस	2,510.15	1.01

कारोबार की शुरुआत में सेंसेक्स 213 अंक की तेजी लेकर 65,453.55 अंक पर खुला लेकिन बिकवाली होने से थोड़ी देर बाद ही 65,387.18 अंक के निचले स्तर तक लुढ़क गया। लिवाली होने से कारोबार के अंतिम चरण में यह 65,799.27 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंचा। अंत में पिछले दिवस के 65,240.68 अंक के मुकाबले 0.74 प्रतिशत की छलांग लगाकर 65,721.25 अंक पर रहा। इसी तरह निफ़्टी भी 81 की बढ़त लेकर 19,462.80 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 19,436.45 अंक के निचले जबकि 19,538.85 अंक के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 19,381.65 अंक की तुलना में 0.70 प्रतिशत उछलकर 19,517 अंक पर पहुंच गया।

इस दौरान सेंसेक्स में इंडसइंड बैंक के शेयरों ने सबसे अधिक 3.25 प्रतिशत का मुनाफ़ा कमाया। इसके अलावा टेक महिंद्रा 2.91, विप्रो 2.28, भारती एयरटेल 2.02, एचसीएल टेक 1.72, ऐक्सिस बैंक 1.65, एचडीएफसी बैंक 1.48, रिलायंस 1.42, टीसीएस 1.26, एलटी 1.09, इंफ़ोसिस 0.96, कोटक बैंक 0.80, टाटा स्टील 0.59, आईसीआईसीआई बैंक 0.54, बजाज फाइनेंस 0.52, अल्ट्रासिम्को 0.28, एशियन पेंट 0.13 और टाइटन के शेयरों में 0.04 प्रतिशत की तेजी रही।

वहीं, एसबीआई 2.94, एनटीपीसी 1.09, मारुति 0.83, टाटा मोटर्स 0.69, बजाज फिनसर्व 0.59, पावर ग्रिड 0.46, आई टी सी 0.26, महिंद्रा एंड महिंद्रा 0.22, हिंदुस्तान यूनीलिवर 0.19, सन फ़ार्मा 0.18, जेएसडब्ल्यूएस स्टील 0.04 और नेस्ले इंडिया ने 0.01 प्रतिशत का नुकसान उठाया।

क्वालकॉम इंडिया ने सवि सोइन को नियुक्त किया अध्यक्ष

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। चिप प्रमुख क्वालकॉम ने शुक्रवार को सवि सोइन को क्वालकॉम इंडिया के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और अध्यक्ष के रूप में नियुक्त करने की घोषणा की। वह क्वालकॉम टेक्नोलॉजीज के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी जिम कैथी को रिपोर्ट करेंगे। पांच वर्षों से क्वालकॉम इंडिया के अध्यक्ष रहे राजेन वागड़िया, अमेरिका के सैन डिएगो में क्वालकॉम मुख्यालय में स्थानांतरित होंगे, और वैश्विक वितरण और वैश्विक कैरियर रणनीति का नेतृत्व करने के लिए उपाध्यक्ष के रूप में एक नई भूमिका निभाएंगे। क्वालकॉम इंडिया के अध्यक्ष के रूप में, सोइन मोबाइल, ऑटोमोटिव, सेमीकंडक्टर, औद्योगिक और आईओटी व संचार बुनियादी ढांचा क्षेत्रों में उद्योग भागीदारों और सरकार के साथ संबंधों को बढ़ावा देकर देश में कंपनी की रणनीति का नेतृत्व और क्रियान्वयन करने के प्रभारी होंगे। सोइन 20 वर्षों से अधिक समय से क्वालकॉम के साथ हैं और 10 वर्षों से वह क्वालकॉम की वरिष्ठ नेतृत्व टीम का हिस्सा हैं। कैथी ने कहा, 'भारत क्वालकॉम के लिए एक प्राथमिकता वाला बाजार है और हम इसमें निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'



पांच वर्षों से क्वालकॉम इंडिया के अध्यक्ष रहे राजेन वागड़िया, अमेरिका के सैन डिएगो में क्वालकॉम मुख्यालय में स्थानांतरित होंगे

कैथी ने कहा, 'अपनी नई भूमिका में, सोइन सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक में विकास को बढ़ावा देना जारी रखेंगे, भारत के डिजिटल परिवर्तन और इसकी घरेलू प्रौद्योगिकी नवाचार क्षमताओं के विकास का समर्थन करेंगे।' सोइन ने कहा कि घर लौटना सौभाग्य की बात है और भारत के पास अपने पैमाने और संसाधनों के साथ वैश्विक डिजिटल परिवर्तन को आगे बढ़ाने का एक बड़ा अवसर है। उन्होंने कहा, 'मेरा उद्देश्य सभी क्षेत्रों में क्वालकॉम के प्रौद्योगिकी नवाचारों का उपयोग करके इस परिवर्तन को तेज करने के लिए भारतीय पारिस्थितिकी तंत्र के साथ साझेदारी करना है।'

खाद्य तेलों में टिकाव, दाल-दलहन में तेजी

नई दिल्ली, 4 अगस्त (एजेंसियां)। विदेशी बाजारों में तेजी लौटने के बावजूद स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में खाद्य तेलों में टिकाव रहा जबकि मांग निकलने से अधिकांश दालों के भाव चढ़ गए। तेल-तिलहन : वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में अगस्त का पाम ऑयल वायदा 45 रिंगिट चढ़कर 3800 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। इसी तरह अगस्त का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 1.08 सेंट की तेजी लेकर 61.12 सेंट प्रति पौंड बोला गया।

इस दौरान घरेलू बाजार में खाद्य तेलों के भाव में टिकाव रहा। सरसों तेल, मूंगफली तेल, सूरजमुखी तेल, सोया रिफ़ाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ।

गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में स्थिरता रही। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव में टिकाव रहा।

दाल-दलहन : दाल-दलहन बाजार में तेजी रही। इस दौरान चना 100 रुपए, दाल चना 100 रुपए, मसूर दाल 50 रुपए और उड़द दाल 100 रुपए प्रति क्विंटल महंगी हो गई। वहीं, मूंग दाल और अरहर दाल में कोई बदलाव नहीं हुआ।

आईफोन की बिक्री के दम पर हमने भारत में जून तिमाही में बनाया रिकॉर्ड : टिम कुक

क्यूपर्टिनो (कैलिफोर्निया), 4 अगस्त (एजेंसियां)। एप्पल के सीईओ टिम कुक ने कहा है कि आईफोन की जबरदस्त बिक्री के कारण भारत में जून तिमाही में एप्पल ने रिकॉर्ड बनाया है। गुरुवार देर रात कंपनी के वित्तीय वर्ष 2023 की तीसरी तिमाही के नतीजों के दौरान, कुक ने कहा कि 'इस वसंत में भारत में हमारे नए स्टोर का प्रदर्शन हमारी उम्मीदों से अधिक रहा'। एप्पल ने इस साल अप्रैल में मुंबई और दिल्ली में अपने रिटेल स्टोर खोले, जिन्हें काफी समर्थन मिला। भारत की क्षमता पर एक प्रश्न पर, कुक ने कहा, 'आप जानते हैं कि हमने भारत में जून तिमाही में राजस्व रिकॉर्ड बनाया और हमने दोहरे अंक में वृद्धि की। हमने तिमाही के दौरान अपने पहले दो खुदरा स्टोर भी खोले और निश्चित रूप से यह शुरुआती दौर में है, लेकिन वे हमारी उम्मीदों से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।' उन्होंने कहा कि कंपनी चैनल बनाने और देश में अपने डायरेक्ट-टू-कंज्यूमर ऑफर में अधिक निवेश करने पर काम करना जारी रखे हुए है। कुक ने कहा, 'अगर आप इसे देखें, तो यह दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा स्मार्टफोन बाजार है और हमें वहां वास्तव में अच्छा प्रदर्शन करना चाहिए और हम वहां अपनी वृद्धि से बहुत खुश हैं।' उन्होंने कहा, 'इस स्मार्टफोन बाजार में अभी भी हमारी हिस्सेदारी बहुत ही मामूली है, इसलिए मुझे लगता है कि यह हमारे लिए एक बहुत बड़ा अवसर है और हम ऐसा करने के लिए अपनी सारी ऊर्जा लगा रहे हैं।' आईडीसी के अनुसार, 929 डॉलर के उच्चतम औसत बिक्री मूल्य (एएसपी) के साथ प्पल ने अप्रैल-जून की अवधि में भारत में 61 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। भारत अब वैश्विक स्तर पर एप्पल के शीर्ष 5 बाजारों में से एक है।

'इस वसंत में भारत में हमारे नए स्टोर का प्रदर्शन हमारी उम्मीदों से अधिक रहा'। एप्पल ने इस साल अप्रैल में मुंबई और दिल्ली में अपने रिटेल स्टोर खोले, जिन्हें काफी समर्थन मिला:-टिम कुक, सीईओ, एप्पल

कंपनी ने स्थानीय विनिर्माण रिकॉर्ड भी तोड़ दिया है। मई में, आईफोन निर्यात रिकॉर्ड 10 हजार करोड़ रुपए तक पहुंच गया, इससे उस महीने में देश से कुल मोबाइल शिपमेंट 12 हजार करोड़ रुपए हो गया। प्रौद्योगिकी दिग्गज एप्पल द्वारा संचालित चालू वित्त वर्ष में भारत मोबाइल फोन निर्यात में 1 लाख 20 हजार करोड़ रुपए को पार करने के लिए तैयार है। इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन (आईसीईए) के अनुसार, वित्त वर्ष 2024 में एप्पल की बाजार हिस्सेदारी 50 प्रतिशत से अधिक हो जाएगी। एप्पल के सीएफओ लुका मेस्त्री ने कहा कि कंपनी ने भारत में आईफोन के लिए सर्वकालिक राजस्व रिकॉर्ड बनाया है।

कुक ने कहा, 'हमें यह रिपोर्ट करते हुए खुशी हो रही है कि जून तिमाही के दौरान सेवाओं में हमारे पास 1 अरब से अधिक भुगतान वाले सब्सक्रिप्शन के कारण सर्वकालिक राजस्व रिकॉर्ड है, और हमने उभरते बाजारों में आईफोन की बिक्री की लगातार तेजी देखी।'

सार संक्षेप

एसबीआई का मुनाफा 178 प्रतिशत उछला

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र के देश के सबसे बड़े बैंक भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में 16884 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ कमाया है जो पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 6068 करोड़ रुपए की तुलना में 178.25 प्रतिशत अधिक है। बैंक ने निदेशक मंडल की बैठक के बाद आज जारी वित्तीय लेखा जोखा में कहा कि जून में समाप्त इस तिमाही में उसकी शुद्ध ब्याज आय 24.7 प्रतिशत बढ़कर 38905 करोड़ रुपए पर पहुंच गयी जबकि पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में यह 31196 करोड़ रुपए रही थी। बैंक ने बताया कि इस तिमाही में उसका सकल एनपीए पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि के 3.91 प्रतिशत से कम होकर 2.76 प्रतिशत पर आ गया। इसी तरह से शुद्ध एनपीए भी 1.00 प्रतिशत से घटकर इस अवधि में 0.71 प्रतिशत पर आ गया। इस तिमाही में विभिन्न मदों के लिए किए गये प्रावधानों में 43 प्रतिशत की कमी आयी है और यह 2501 करोड़ रुपए रहा है।

महिंद्रा एंड महिंद्रा को पहली तिमाही में 2,773.73 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ

चेन्नई। देश की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी महिंद्रा एंड महिंद्रा ने वित्त वर्ष 2023-24 की पहली तिमाही में 2,773.73 करोड़ रुपए के शुद्ध लाभ कमाया है। कंपनी ने शुक्रवार को वित्तीय परिणामों की घोषणा की। उसने अपनी तीन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों के विलय की भी घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजारों को बताया कि गत 30 जून को समाप्त तिमाही में उसकी कुल आय 25,025.95 करोड़ रुपए रही जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में 19,952.88 करोड़ रुपए थी। इस दौरान उसका शुद्ध मुनाफा भी 1,403.61 करोड़ रुपए से बढ़कर 2,773.73 करोड़ रुपए हो गया। महिंद्रा एंड महिंद्रा लिमिटेड के निदेशक मंडल ने अपनी तीन पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनियों महिंद्रा हेवी इंजन लिमिटेड, महिंद्रा टू व्हीलर्स लिमिटेड और ट्रिंगो.कॉम लिमिटेड के विलय की योजना को भी मंजूरी दे दी।

चीन से थोक दवा का आयात बढ़ा

नई दिल्ली। केयरएज रेटिंग्स ने कहा कि मूल्य और मात्रा के मामले में चीन से थोक दवा आयात का योगदान वित्त वर्ष 2014 में 64 और 62 प्रतिशत से बढ़कर वित्त वर्ष 2023 के दौरान क्रमशः 71 प्रतिशत और 75 प्रतिशत हो गया है। मूल्य के संदर्भ में, वित्त वर्ष 2014 से 23 के दौरान, चीन से 9 प्रतिशत की तुलना में कुल थोक दवा आयात लगभग 7 प्रतिशत सीएजीआर से बढ़ा। रिपोर्ट में कहा गया है कि जब थोक दवाओं की बात आती है, तो एक ही देश -चीन पर अधिक निर्भरता, मौजूदा भू-राजनीतिक तनाव के कारण चिंता पैदा करती है। भारत में कुल फार्मा आयात में चीन की हिस्सेदारी लगभग 43 प्रतिशत है, जो इसे देश के फार्मास्युटिकल उद्योग के लिए थोक दवाओं का प्राथमिक स्रोत बनाती है।

छत्तीसगढ़ शासन

क्योंकि रखा ख्याल किसान हमारे सबसे खुशहाल



श्री भूपेश बघेल
मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़

9,270 करोड़ रु
का अल्पकालीन कृषि ऋण माफ़

राजीव गांधी किसान न्याय योजना
23.23 लाख किसानों को
18,208 करोड़ रु की आदान सहायता

325 करोड़ रु
का सिंचाई कर माफ़

राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना
4.98 लाख हितग्राहियों को
476.67 करोड़ रु की
आर्थिक सहायता

4,200 एकड़
आदिवासियों की कृषि भूमि वापस

गोधन न्याय योजना
ग्रामीणों, गौठान समितियों और
महिला स्व-सहायता समूहों को
430 करोड़ रु की राशि

पहली बार
3 लाख
तक का
बिना ब्याज का
अल्पकालीन ऋण

10,400 करोड़ रु
की सिंचाई पर
बिजली बचत

छत्तीसगढ़ सरकार
भरोसे की सरकार

Visit us : ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO ChhattisgarhCMO DPRChhattisgarh DPRChhattisgarh www.dprCg.gov.in छत्तीसगढ़ जनसम्पर्क

प्रकाशक मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन, प्रा.लि. के लिए पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. प्रेस में मुद्रित एवं गर्ल्स कॉलेज के पास, जरहाभाटा, बिलासपुर से प्रकाशित। सम्पादक- अशोक शर्मा, प्रेस पंजीयन- 52158/91 डाक पंजीयन 112-002/2002 सी जी फोन- 07752 422771, 428159 फैक्स नं. 415188